* *

शुभम संदेश

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, शनिवार 28 सितंबर 2024 ● आश्विन कृष्ण पक्ष 11 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 170 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

अबुआ आभार हेमन्त सरकार

नियुक्ति नियमावली में अड़चनों को दूर कर नियुक्तियों की कड़ियां जोड़ती हेमन्त सरकार

नव चयनित 444 प्रशिक्षण अधिकारियों को

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन

एवं मंत्रीगण सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

दिनांक: 28 सितम्बर, 2024 | समय: अपराह्न 12:00 बजे | स्थान: जैप-1 ऑडिटोरियम, डोरण्डा, रांची

युवाओं के सपने, हेमन्त सरकार के हैं अपने

- कृषि पदाधिकारी समेत कई पदों पर राज्य गठन के बाद पहली बार नियुक्ति
- विभिन्न विभागों में हजारों युवाओं की हुई नियुक्ति
- JPSC अथवा JSSC द्वारा अनुशंसित विभिन्न पदों में 75% से 100% झारखण्ड के अभ्यर्थियों की नियुक्ति
- इस वित्तीय वर्ष में 5,403 स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों एवं 539 लैब सहायकों की नियुक्ति
- JSSC द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में चयनित 327 अभ्यर्थियों एवं Re-counselling के उपरांत चयनित 200 सहायक शिक्षकों की नियुक्ति
- गरीब-गुरुबा परिवार के युवा बने अफसर
- JPSC में रिकॉर्ड समय पर नियुक्ति
- निजी क्षेत्र में स्थानीय युवाओं को 75% आरक्षण के साथ 1 लाख से अधिक युवाओं को मिला ऑफर लेटर

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

युवाओं को रोजगार देने के हेमंत सोरेन सरकार के दावे पर सवालिया निशान

दो साल आठ महीने में भी भर्ती प्रक्रिया पूरी करने में विफल जेएसएलपीएस

संवाददाता। रांची

झारखंड आजीविका संवर्धन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) एक संगठन है, जो राज्य भर में युवाओं के आजीविका को बढ़ावा देने में मदद करता है, लेकिन, 2.8 वर्ष पहले संगठन के द्वारा विज्ञापन प्रकाशित करने के बावजूद यह लगभग 300 युवाओं की भर्ती करने में असफल रहा. ऐसे में हेमंत सोरेन सरकार का युवाओं को रोजगार देने वाला वादा विफल होता दिखाई दे रहा है. बता दें कि 2022 में विज्ञापन संख्या 18 जनवरी 2022, पीआर 261810 (पीआर) 21-22 (डी) प्रकाशित किया गया था. विज्ञापन प्रकाशन के बाद सितंबर-अक्टूबर 2022 में लिखित परीक्षा भी आयोजित की गई थी और दिसंबर 2022 में लिखित परीक्षा का परिणाम भी प्रकाशित किया गया. लिखित परीक्षा का परिणाम प्रकाशित होने के बाद जून 2024 तक साक्षात्कार भी हो गया, लेकिन साक्षात्कार पूरा होने के बावजूद अभी तक परिणाम प्रकाशित नहीं किया गया है.

कोई भी अधिकारी कुछ बताने को तैयार नहीं : साक्षात्कार में शामिल एक अभ्यर्थी ने कहा कि इस मामले पर उचित जानकारी के लिए जेएसएलपीएस का कोई भी अधिकारी कुछ बताने को तैयार नहीं है. आगे उन्होंने बताया कि जानकारी के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मंजू नाथ भजंत्री से संपर्क करने की भी कोशिश की, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया. हालांकि संबंधित विभाग के मंत्री इरफान अंसारी ने मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है, लेकिन विश्वस्त सूत्रों ने के मुताबिक जानकारी मिली कि किसी को भी भर्ती प्रक्रिया पूरी करने में दिलचस्पी नहीं है.

अभ्यर्थियों को सता रही है परिणाम की चिंता : साक्षात्कार में शामिल कई उम्मीदवारों का कहना है कि भजंत्री से पहले नैन्सी सहाय, सूरज कुमार और संदीप सिंह सहित तीन आईएएस अधिकारी ने जेएसएलपीएस के सीईओ के रूप में काम किया, लेकिन उनमें से किसी ने भी भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने में रुचि नहीं दिखाई. ऐसे में एक तरफ जहां दिसंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं और भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त (ईसीआई) ने इसके लिए तैयारी शुरू भी कर दी है. वहीं दूसरी तरफ अभ्यर्थियों को परिणाम की चिंता सता रही है. उनका कहना है कि राज्य में किसी भी दिन आदर्श आचार संहिता लागू हो सकती है. ऐसे में हमारी परीक्षा का परिणाम ठंडे बस्ते में चला जाएगा.

ई देखिए, बड़का साहिब के धईले है हंफनी, ठकुराई ला छिछियाए लगलथुन

संजय सिंह

पलामू में भले सूखा पड़ता हो, लेकिन उहां की धरतिया राजनीतिक रूप से ढेरे ऊपजाऊ शुरुए से रहल है. भले चेट में पाई न हो, पेटवा में अन्न दे दाना न हो, लेकिन ईहां के लोगन के राजनीति में खासा इंटरेस्ट है. राजनीति की गजबे फरटाइल धरतिया है ई. ईहां के धरतिया के बहरियो से ढेरे प्रेम भइल रहता है. अब देखिए न, एगो कोल्हान ब्रांड तीर-धनुषधारी पलामू के धरती के अईसन धर लीहिन कि पूछिए मत. ईहां की जनता ने ठाकुर साहिब के खूबे खातिदर दारी की हिन. ईहां की धरतिया, ईहें के जन्मल पुत्तर, राजा-रजवाड़ा वालन के भी धूल चटाईके के बहरिया के अईसन गले लगा लीहिन की पूछिए मत. पलामूए में एगो राजघराना वाला जिला भी है. उहां दुगो विधानसभा क्षेत्र है. दुनो क्षेत्रवा में राजघराना के लाडला दुलारा लोगन का वर्चस्व रहल करता था. लेकिन पलामूआइट्स के बहरिइनों यानी दूसर जगहिया वाला लोगन से भी ढेरे प्रेम होवइत रहल है. अब देखिए न जहां राजघराना के लाडला लोगन हावी रहता था, ऊ लोगन की चलती चला करती थी, ऊहे लोग के धसोड़ के ईहां की जनता ने किनारा धरा दीहिस.... आउर ऊहां से एगो कोल्हान ब्रांड ठाकुर साहिब तीर-धनुषधारी बन निशाना साधे में सफल रहे. पांच बरिस तक खूबे हाफ-डीप कईले रहे. मंत्रियों पद के मजा मारइत रहे.अभहियों मजा मारिए रहीन हैं. अब जब चुनाउवा सिर पर आईल है, तो फिरो से निशाना साधे लगी अफनाइल हैं. फील्डवा तो छोड़िए न रहिन हैं. पांच बरिस वइसे तो खूबे मजा मार लीहिन, लेकिन मजा ब्रांड नशा अईसन चढ़ गईस कि पूछिए मत. फिरो ऊहे ब्रांड नशा लगी हांफले हैं. मंत्री हैं, तो तनिका ठस्सा हइए है, लेकिन इनके लग्गू-भग्गू लोगन तनि इनकर इमेजवा खराब कर दीहिन हैं. लग्गू-भग्गूवन के चलते ही ई ठाकुर साहिब के अबकी तनिका ज्यादा छिछाए पड़ रहिस है. ली लोग बाग से तो अईसन मिल रहीन हैं कि पूछिए मत, जईसे सबे इनकर गोतिया-नइया है. लेकिन फील्ड की जनतवा लगईत है कि तनिका इनका से ज्यादा ही रिसियाईल है. ठाकुर साहिब के बुझा गईल है कि अब खाली ठकुरई से न चलेवाला है. खाली बतकही से काम न होवेवाला है. कोई बता दीहिस है ठाकुर साहिब के अब समय तनिका कम है. कहियो आतार संहिता लग सकइत है. तो लोगबाग के लक्ष्मी दर्शन भी करावल जरुरिए है. जनता-जनार्दन के कुछ लक फुसलावे ही पड़ेगा. ठाकुर साहिब के पांच साल में ई तो अच्छी तरह से बुझा गईल है कि ई पलामू है रे भाई, ईहां आंख बंद और डब्बा गायब होते तनिको देरी न लगता है. वइसे कोल्हान ब्रांड वाले नेताजी के उनके लग्गू-भग्गू लोगन चढ़ाईले रहीस है. लेकिन साहिब के बुझा गईल है कि ई लग्गू-भग्गू के चक्कर में ढेरे रहे, तो काम से गिये. इसीलिए तनका इनका ज्यादा छिछियावे पड़ रहीस है. अब देखिए न..ई साहिब राज्य के राजाजी के भी दुलरुवा हैं. लेकिन जमीनवा में तनिका गुस्सा वाला भंकपवे के अहसास होते ही घबराईल हैं. अभी हाल में एगो यात्रा शुरू हुई, तो इनके इलाके से ही शुरुआत हुई है. एकरा से तनिका नेताजी के संजीवनी मिलल टाइप लग रहीस है. लेकिन सच्चाई ईहे है कि साहिब तनिका ज्यादा हांफले हैं. उनका बुझाए लगल है कि ज्यादा हवाबाजी न चलेवाला है. अबहिएं से जनता के जनार्दन बोलइत, तनिका ज्यादा फुसलावे पड़ेगा. वईसे साहिबान के लोग ईहे सालह दे दीहिस की साथे-साथे तनिता लक्ष्मी दर्शन भी करावे पड़ेगा, तभिए राह तनिका आसान हो सकेगा. लेकिन साहिब के हांफले देख के उनकर विरोधी लोगन भी मजा मार रहल है. लोग बाग के उकसा रहल है. नेताजी के मस्ती ब्रांड नशा के बारे में भी लोग के बीच फिड़काबाजी कईले है. वईसे ठाकुर साहिब के टक्कर देवे ला तो ढेरे लोग तड़पड़ाईल है, लेकिन सबसे अहम बात तो ई हो कि टिकटवा मिले तब न. वईसे ई बात के ढेरे चर्चा हो रहीस है कि अबकी साहिब के ठीके-ठाके टक्कर मिलेगा. आगे क्या होता है, ई तो भविष्य के गर्त में छुपल है, लेकिन यक्ष प्रश्न तो हईए है कि ठाकुर साहिब की ठकुराई फिर चलेगी कि साहिब हबकुनिए फेंकाएंगे.

चुनावी चकल्लस

राजधानी में आज मनरेगा मजदूरों का धरना

रांची। ससमय काम और मजदूरी भुगतान में देरी और बिना मजदूरों को जानकारी के जॉब कार्डों रद्द करने, रोजगार दिवसों में गिरावट सहित मनरेगा मजदूरों की मांगों को लेकर शनिवार को मनरेगा मजदूर जाकिर हुसैन पार्क में धरना देंगे. इस कार्यक्रम में बिहार, छत्तीसगढ़, ओडिशा व पश्चिम बंगाल के मजदूर संगठन भाग लेंगे. झारखंड नरेगा वॉच की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि कोरोना जैसी वैश्विक संकट के समय जब पूरे देश ने अकुशल मजदूरों को दुत्कारा तब गांवों में मनरेगा ने उनको गले लगाया. वहीं दूसरी तरफ मनरेगा के कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन राज्य और देश स्तर पर किया जा रहा है. इसी का धरने में विरोध होगा.

नफरत फैलाने वाले बोल पर कार्रवाई हो : सीपीएम

रांची । झारखंड में जैसे-जैसे चुनाव करीब आता जा रहा है, भाजपा के केंद्रीय मंत्रियों और उनके मुख्यमंत्रियों द्वारा झारखंड आकर सांप्रदायिक जहर कोटेड नफरत और वैमनस्य फैलाने वाले बोल तेज होते जा रहे हैं. पिछले 23 सितंबर को चुनाव आयोग की पूरी टीम ने झारखंड आकर राजनीतिक पार्टियों के साथ हुई बैठक में यह भरोसा दिलाया था कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए वह हर संभव प्रयास कर रहे हैं.

'युवाओं के भविष्य के साथ राज्य सरकार कर रही खिलवाड़, कर रही नौकरी बेचने का काम'

भाजपा की सरकार बनी तो सीजीएल परीक्षा की होगी सीबीआई जांच: बाउरी

ब्यूरो। रांची

रांची में प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी.

जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में कथित गड़बड़ी के आरोप पर झारखंड में राजनीति तेज हो गई है. नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने प्रेस कांफ्रेंस कर कहा है कि हम जनता की अदालत में जा रहे हैं और यदि जनता का आशीर्वाद मिला और भाजपा की सरकार बनी तो पहली कैबिनेट बैठक में ही सीजीएल परीक्षा की जांच सीबीआई से कराने का फैसला लिया जाएगा और इस भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को सलाखों के भीतर भेजा जाएगा. उन्होंने कहा कि सीजीएल की परीक्षा में बड़े-बड़े दावे किए गए. इसके बावजूद सरकार ने नौकरी को बेचने का काम किया है. उन्होंने कहा कि जिस किसी ने भी इसका विरोध किया उसको स्थानीय प्रशासन से मिल कर सरकार डराने-धमकाने का काम कर रही है. युवाओं के साथ भविष्य के साथ सरकार खिलवाड़ कर रही है. उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय ने इस सरकार को फ्रॉड कह कर संबोधित किया है. भाजपा ने हमेशा कहा है कि यह सरकार झूठ बोल कर सत्ता में आई है.

युवाओं को पांच लाख नौकरी देने के वायदा कर सत्ता में हेमंत सरकार आयी है. सीजीएल परीक्षा में गड़बड़ी का जिक्र करते हुए कहा 2019, 2022, 2024 की परीक्षा के कई सारे प्रश्न को दोहराए गए हैं. उन्होंने कहा आज झारखंड की बदनामी पूरे देश में हो रही है और पूरे देश के लोग झारखंड की काबिलियत पर प्रश्न उठा रहे हैं, जबकि हकीकत यह है कि खामी इस सरकार में है. इस सरकार ने परीक्षा के नाम पर पूरे राज्य का इंटरनेट बंद कर दिया था और कहा कि असम की तर्ज पर यह काम किया है. जबकि असम सरकार ने परीक्षा से काफी पहले सूचना देकर इंटरनेट बंद किया था. इस सरकार ने रात के 2 बजे से ही इंटरनेट बंद कर दिया था, ताकि इनके लोग रात में ही प्रश्न पत्र बांटने का काम कर सकें.

अमर बाउरी ने कहा कि मेरे पास रात दो बजे ही आ गए थे प्रश्न : अमर बाउरी का आरोप है कि परीक्षा से पहले ही उत्तर हैंडलर के हाथ में आ गए थे. यहां तक कि उनके पास भी जिस दिन सुबह 8.30 बजे से परीक्षा थी, प्रश्नों का हल किया हुआ कागज रात 2 बजे आ गए थे. उन्होंने कहा कि छात्रों पर सरकार का दबाव ज्यादा है, इसलिए छात्र डरे हुए हैं. भाजपा ने इस गड़बड़ी को प्रमुखता से उठाया है. छात्रों ने जेएसएससी के समक्ष सारे पुख्ता सबूत पेश किए हैं.

मुख्यमंत्री पाक साफ हैं तो पूरे मामले में करें कार्रवाई

नेता प्रतिपक्ष ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को चुनौती देते हुए कहा सरकार एक भी नौकरी बिना किसी गड़बड़ी के नहीं दे पायी है. सीजीएल परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर कहा कि इस पूरे मामले पर मुख्यमंत्री को सामने आना चाहिए और जेएसएससी के अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए.

कोर्ट की खबरें

कोर्ट ने 24 लाख भुगतान के आदेश को रखा बरकरार

- अमित ने 19 लाख 85 हजार का चेक कराया था बाउंस, कोर्ट ने 24 लाख भुगतान के आदेश को रखा बरकरार

संवाददाता। रांची

चेक बाउंस केस

रांची सिविल कोर्ट ने चेक बाउंस के दोषी करार दिये गये अमित कुमार सोनी की सजा को बरकरार रखा है. कोर्ट ने उसकी अपील भी खारिज कर दी है. 19.85 लाख चेक बाउंस केस में निचली अदालत ने उसे एक वर्ष की सजा और 24 लाख का जुर्माना लगाया था, जिसे अमित कुमार सोनी ने प्रधान न्यायाधीश दिवाकर पांडेय की कोर्ट में चुनौती दी थी. कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि जुर्माने की राशि उस पीड़ित को दी जाएगी, जिसे अमित सोनी ने चेक दिया था. यह राशि उस चेक के बदले देय होगी, जो बाउंस हो गया. अजय जैन की ओर से अधिवक्ता अनंत कुमार विज ने बहस की.

अमित सोनी के दोनों चेक हो गये थे बाउंस : दरअसल अमित कुमार सोनी ने अजय जैन को पैसों के भुगतान के लिए 19.85 लाख के दो अलग-अलग चेक दिये थे. लेकिन दोनों चेक बाउंस कर गया था. इसके बाद अजय जैन ने कोर्ट की शरण ली थी और सिविल कोर्ट में कंप्लेन केस दर्ज कराया था. अजय जैन के कंप्लेन केस पर ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट जेनिस मिंज की कोर्ट ने फैसला सुनाया था.

पूजा सिंघल को बेल देने से पीएमएलए कोर्ट का इनकार

रांची। निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट ने शुक्रवार को फैसला सुना दिया. ईडी और बचाव पक्ष की ओर से बहस पूरी होने के बाद 20 सितंबर को कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. जिस पर आज फैसला सुनाया. ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक आतिश कुमार ने बहस की. वहीं पूजा सिंघल की ओर से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा और अधिवक्ता स्नेह सिंह ने बहस की. बता दें कि ईडी ने पांच मई 2022 को पूजा सिंघल और उसके सीए सुमन सिंह के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी. इस दौरान सुमन सिंह के आवास और कार्यालय से 19.31 करोड़ कैश बरामद हुआ था. छापेमारी के बाद ईडी ने पूजा सिंघल और उसके सीए सुमन सिंह को गिरफ्तार किया था. दोनों से हुई पूछताछ में ईडी को बेहिसाब पैसे और अन्य जगहों पर इन्वेस्टमेंट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी.

छवि रंजन को सुप्रीम कोर्ट से भी बेल नहीं

रांची/दिल्ली। लैंड स्कैम के आरोपी रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की को बेल देने से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया है. सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस एच सी शर्मा की कोर्ट में छवि रंजन की बेल पर सुनवाई हुई. छवि रंजन की ओर से वरीय अधिवक्ता सिद्धार्थ अग्रवाल और अधिवक्ता अभिषेक चौधरी ने बहस की. छवि रंजन ने जिस केस में बेल के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है, सेना के कब्जे वाली भूखंड की खरीद-बिक्री में मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है. इस संबंध में ईडी ने ईसीआईआर 1/2023 दर्ज किया है. छवि रंजन फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं. रांची ED की स्पेशल कोर्ट और झारखंड हाईकोर्ट भी उन्हें बेल देने से इनकार कर चुका है.

पंकज मिश्रा की बेल पर सुनवाई, झारखंड हाईकोर्ट ने पूछा- क्या है ट्रायल की स्थिति

संवाददाता। रांची

पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के बाद साहेबगंज जिले में अवैध खनन के जरिए अकूत संपति अर्जित करने के आरोपी पंकज मिश्रा ने हाईकोर्ट का रूख किया है. पंकज मिश्रा की याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत ने ट्रायल कोर्ट से जानकारी मांगी है कि ट्रायल की क्या स्थिति है. अब इस मामले में हाईकोर्ट 18 अक्टूबर को सुनवाई करेगा.

ईडी ने जुलाई 2022 में पंकज मिश्रा को किया था गिरफ्तार : बता दें कि सीएम के तत्कालीन विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा को ईडी ने जुलाई 2022 में गिरफ्तार किया था. जांच के दौरान ईडी पंकज मिश्रा, दाहू यादव और उनके सहयोगियों के 37 बैंक खातों में जमा 11.88 करोड़ भी जब्त कर चुकी है. वहीं ईडी ने साहिबगंज, बरहेट, राजमहल, मिर्जा चौकी और बड़हरवा में 19 स्थानों पर तलाशी ली थी. इस दौरान एजेंसी ने कई दस्तावेज और 5.34 करोड़ रुपये नकद जब्त किया था.

एनएसयूआई कर रही है बेहतर कार्य : केशव महतो कमलेश

एनएसयूआई में शामिल होने वाले सदस्यों के साथ अतिथिगण.

- सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने थामा एनएसयूआई का दामन

संवाददाता। लोहरदगा

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन-एनएसयूआई के झारखंड प्रदेश कार्यालय रांची में राजधानी के छात्र नेता अमन अली एवं वेंकटेश कुमार के नेतृत्व में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने संगठन का थामा दामन. झारखंड प्रदेश एनएसयूआई के कार्यालय में नए सदस्यों का सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम एनएसयूआई झारखंड प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव के नेतृत्व में आयोजित किया गया. कार्यक्रम का संचालन छात्र नेता हुसैन अहमद ने किया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, वित्त मंत्री सह सीएलपी लीडर विधायक डॉ.रामेश्वर उरांव एवं झारखंड कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर उपस्थित थे. सभी आए नए विद्यार्थियों को गुलदस्ता दिया एवं माला पहनने के साथ पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया गया. मौके पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि छात्र संगठन कांग्रेस कमेटी एक अहम अंग है. वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष की अगवाई में छात्र संगठन बहुत ही बेहतर तरीके से अपना काम कर रही है . हमारी तरफ से जहां भी जरूरत पड़ेगी हम सभी संगठन के साथ हैं. संगठन की मजबूती और बेहतरी के लिए हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी. छात्र शक्ति देश के विकास में अहम भूमिका अदा करती है. एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव ने कहा कि हमारा संगठन सभी समुदाय एवं सभी वर्ग से आए सभी कार्यकर्ताओं को समान रूप से अवसर देने का काम करती है. आने वाले समय में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरी को लेकर छात्र संगठन एनएसयूआई प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी. मौके पर एनएसयूआई के सक्रिय एवं कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में तनवीर राजा, अंकित शेखर, सरफराज अहमद, गुलशन, आदि सैकड़ो छात्राएं उपस्थित थे.

झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ की हुई बैठक

रांची । झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ की बैठक केंद्रीय महासिचव अमीन अहमद की अध्यक्षता में हुई. उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के 80 सीएम उत्कृष्ट विद्यालयों (सीएम - एसओई) व 305 आदर्श विद्यालयों (बीएलएवी) में विभिन्न विषयों के शिक्षकों के पदस्थापन / प्रतिनियोजन के लिए राज्य के सरकारी शिक्षकों से ई विद्यावाहिनी (ईवीवी) एप के माध्यम से आवेदन मांगा गया था, जिसके विरुद्ध उर्दू विषय के 77 शिक्षकों ने आवेदन दिया था. विभाग द्वारा इन सभी शिक्षकों को 25 जुलाई 2024 को झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची के सभागार में ओरिएंटेशन सह आकलन के लिए चयनित शिक्षकों को बुला कर एक ऑनलाइन परीक्षा ली गयी. इस परीक्षा में अनुपस्थित शिक्षकों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही करने की बात कही गई और उनको पुनः बुला कर ऑनलाइन परीक्षा ली गयी. 23 अगस्त से 37 उर्दू शिक्षकों को मेरिट लिस्ट में स्थान देते हुए 30 अगस्त को केंद्रीकृत काउंसिलिंग के लिए झारखंड अधिविद्य परिषद, रांची के सभागार में बुलाया गया, जिसमें सभी 37 शिक्षक शामिल हुए. परंतु काउंसिलिंग के दिन शिक्षकों को बताया गया कि उर्दू विषय के लिए रिक्ति केवल 1 है जिसे पहले रैंक वाले शिक्षक को दे दिया गया है. झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल संबंधित मामलों पर राज्य के विभिन्न जिला से आये टीजीटी उर्दू शिक्षकों के साथ राज्य के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन अंसारी से मिलकर जानकारी दी. उन्होंने मामले को त्वरित रूप से संज्ञान में लेते हुए शिक्षा सचिव को लिखित आवेदन पर कार्रवाई के लिए अनुशंसा की है.

विधानसभा चुनाव इस बार विनोद सिन्हा और लाल सूरज कर सकते हैं खेला

पांकी विस क्षेत्र में मुद्दे नहीं, चेहरे हैं हावी

- 2019 में भाजपा ने पांकी में पहली बार जीत का स्वाद चखा
- पांकी सीट से कांग्रेस ने अब तक पांच बार जीत हासिल की
- 2019 में शशिभूषण मेहता को सूरज सिंह का मिला था समर्थन

समीर चक्रवर्ती। रांची

पलामू के पांकी विधानसभा सीट पर 2024 का चुनाव बेहद दिलचस्प होने वाला है. मौजूदा विधायक भाजपा के शशिभूषण मेहता, पूर्व विधायक कांग्रेस के देवेंद्र कुमार उर्फ बिट्टू सिंह और पूर्व प्रत्याशी लाल सूरज सिंह अपनी दावेदारी पेश कर रहे है. वहीं समाजसेवी विनोद सिन्हा के खुलकर मैदान में आने से इस सीट पर अब रोमांच बढ़ गया है. वहीं पिछले चुनाव में किंगमेकर की भूमिका निभाने वाले लाल सूरज सिंह इस बार खुद कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं. वहीं, चर्चा है कि बिट्टू सिंह भाजपा के टिकट पर ताल ठोक सकते हैं! पांकी विधानसभा सीट पर हमेशा से ही रोमांचक मुकाबले होते रहे हैं. इस बार भी चार बड़े चेहरों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल सकती है. मौजूदा विधायक शशि भूषण मेहता पांकी में कुशवाहा वोट बैंक के सहारे अपनी जीत को दोहराने की कोशिश में होंगे.

2019 के चुनाव में उन्हें लाल सूरज सिंह का समर्थन हासिल हुआ था, दूसरी तरफ, पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार उर्फ बिट्टू सिंह भी इस बार जीत के लिए पूरी तरह कमर कस चुके हैं. उनके पिता स्व. विदेश सिंह पांकी से कई बार विधायक रह चुके हैं. बिट्टू सिंह को पांकी के मुस्लिम वोट बैंक का भी बड़ा समर्थन हासिल है. फिलहाल बिट्टू सिंह कांग्रेस से टिकट पाने के लिए प्रयासरत हैं, लेकिन कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने की स्थिति में वो बीजेपी नेताओं से भी संपर्क में हैं. पांकी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस ने पांच बार जीत दर्ज की है, जबकि भाजपा 2019 में पहली बार इस सीट पर जीत हासिल कर सकी. वहीं तीन बार निर्दलीय, दो बार भारतीय जनसंघ, एक-एक बार जनता पार्टी, जेडीयू और आरजेडी को भी मिली जीत.

पांकी विस क्षेत्र : मुद्दे जो आज तक जीवित हैं

जिसके चलते उन्होंने बड़ी जीत दर्ज की थी. एकीकृत बिहार में वर्ष 1974 से पांकी की जमानत नदी पर सिंचाई के लिए बराज का निर्माण कार्य शुरू किया गया. झारखंड राज्य बने के बाद भी इस योजना पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए, लेकिन बाराज का निर्माण पूरा होने के बाद नहर का निर्माण नहीं कराया गया. जिस कारण योजना अपने उदेश्यों में सफल नहीं हो रही है. अब अमानत बराज जर्जर होने लगा है और इसकी देखरेख करने वाला कोई नहीं है. वहीं सतबरवा प्रखंड का मलय डैम पांकी विधानसभा क्षेत्र का हिस्सा है, लेकिन गर्मी में जलस्तर कम हो जाने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है.

क्लासिफाइड

Yashvi RESTRO-BAR YASHVI
यशवी बार एंड रेस्टोरेंट
RESTRO-BAR
अपोजिट गंगौर स्वीट्स कालीमाटी रोड
नियर बाय सागर होटल

Aaither Infrastructure Pvt. Ltd.
Prop. Sharad Thakur
Harish Pandey path
Anand vihar colony
Main Road Dimna
Jamshedpur, Jharkhand - 831018

MANOJ KUMAR DINESH KUMAR ENTERPRISES
Parsudih Market Near HDFC Bank
Mob. : 9234585332, 9263956400
GSTIN : 20AZCPK8472B1ZS
DISTRIBUTOR : CHAIR- NATIONAL (MUMBAI) ALMIRAH-DIAMOND AND MODI
ADDRESS : MAIN ROAD GAINTADIH, KARANDIH, TATA NAGAR, NEAR WASHING CENTRE

SURYA NURSING COLLEGE
Affiliated by J.N.R.C. Ranchi & INC New Delhi
ADMISSION OPEN
GNM ANM
SCHOLARSHIP FACILITY AVAILABLE
HOSTEL FOR GIRLS
CHAKRADHARPUR, W. SINGHBHUM, JH.
7004337155
9204381636

Hotel Rahul Palace
Family Restaurant
delicious dishes
Fooding & Ladging
Marriage And Party
Anniversary/Birthday Party
A/C Hall/A/C Room Classic
Home Delivery Facility
Veg
Non Veg
Contact No.
7667870045, 7209893445
NH-32, CHANDIL BAZAR

मौसम

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
धनबाद	28.9	24.6
जमशेदपुर	32.0	24.1
डालटनगंज	28.8	23.9

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

क्या यूएई में भी इतिहास रचेगी टीम इंडिया? ▸10

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित | रांची, शनिवार 28 सितंबर 2024 ● आश्विन कृष्ण पक्ष 11 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 170 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

खिले चेहरे सीएम ने 527 अभ्यर्थियों को बांटा नियुक्ति पत्र, कसा तंज

सच्चाई का पता नहीं, सरकार पर कालिख पोतने में लगे हैं

विशेष संवाददाता। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को राजधानी के जैप-1 के शौर्य सभागार में जेएसएससी द्वारा अनुशंसित 527 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा. इस अवसर पर झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा में सफल और अनुशंसित 527 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया. इनमें 120 पीजीटी और टीजीटी शिक्षक, 200 सहायक शिक्षक एवं 56 प्रयोगशाला सहायक के अलावा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में 47, पथ निर्माण विभाग में 25, जल संसाधन विभाग में 49, नगर विकास एवं आवास विभाग में 28, वित्त, वाणिज्य कर एवं खाद्य आपूर्ति विभाग में एक-एक और रिम्स में तीन अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिला.

अपने संबोधन में सीएम ने कहा कि अभी एक एग्जाम हुआ है जेएसएससी का. उसमें मीडिया ट्रायल चल रहा है. वास्तविकता का अता-पता नहीं है. खबरों में, मीडिया में सरकार को कितना कालिख पोत सकें, लोग लगे हुए हैं. हमलोगों ने बिल्कुल संकल्पित होकर काम किया है. उसी का नतीजा है कि अब निरंतर हमलोग नियुक्तियां कर रहे हैं. पांच वर्षों में अनगिनत नियुक्तियां की है. निजी क्षेत्रों में चुने गये बच्चे तो विदेशों तक में नौकरी कर रहे हैं. समारोह में मंत्री रामेश्वर उरांव, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बैद्यनाथ राम, मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री हफीजुल हसन, राज्य सभा सांसद महुआ माजी, विकास आयुक्त अविनाश कुमार, प्रधान सचिव मस्त राम मीणा, प्रधान सचिव सुनील कुमार, प्रभारी सचिव उमा शंकर सिंह, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक आदित्य रंजन और माध्यमिक शिक्षा निदेशक उत्कर्ष गुप्ता उपस्थित रहे.

रांची के जैप-1 के शौर्य सभागार में नियुक्ति पत्र बांटते सीएम हेमंत सोरेन.

बोले सीएम

- अधिकारी हो या आदेशपाल, सभी को एक नजरिए से देखती है हमारी सरकार
- आज आपको नियुक्ति पत्र नहीं, सामाजिक दायित्व निभाने का अवसर प्राप्त हो रहा है

रिकॉर्ड समय में पूरी हुई जेपीएससी की परीक्षा प्रक्रिया

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बनने के बाद जेपीएससी की परीक्षा बिना किसी विवाद के रिकॉर्ड समय मे पूरी हुई. आज बीडीओ-, सीओ, डीएसपी और अन्य अधिकारी राज्य को अपनी सेवा दे रहे हैं. इससे पहले जेपीएससी की एक परीक्षा प्रक्रिया पूरी होने कई वर्ष लग जाते थे और हर परीक्षा को लेकर विवाद बना रहता था. लेकिन हमारी सरकार ने जिस निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से परीक्षा आयोजित की, उसमें बड़ी संख्या में गरीब युवाओं ने अपनी मेहनत की बल पर कामयाबी हासिल की. मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी विभागों में रिक्त पदों को भरने के साथ-साथ गैर सरकारी क्षेत्र में भी हजारों युवाओं को रोजगार से जोड़ा गया है. आज देश और विदेश के कई बड़ी कंपनियों में ये नौजवान कार्य कर रहे हैं. वहां वे अपने हुनर और कार्य की बदौलत अपनी एक अलग पहचान बनाई है.

उत्पाद सिपाही में मौत में जांच का अनुरोध : सीएम ने कहा कि अभी आपलोगों ने सुना ही उत्पाद सिपाही की नियुक्ति हुई. मुझे लगता है कि कोरोना के बाद यह शारीरिक दक्षता वाला पहला एग्जाम रहा. इसमें दर्जन भर से ज्यादा नौजवानों ने जान गंवा दी. इसके लिए हम बहुत उदास हैं. हमने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखा है कि इसके तह तक जाने का हमारा प्रयास रहेगा, क्योंकि झारखंड के युवा इतने कमजोर नहीं हो सकते हैं कि वह 10 किलोमीटर चल ना सके. हमने इसके लिए मदद मांगी है कि इसकी विस्तृत जांच हो कि आखिर इसके पीछे की वजह क्या है. (शेष पेज 11 पर)

छात्रहित में हेमंत सरकार का बड़ा फैसला

अब मनमाने तरीके से फीस नहीं बढ़ा सकेंगे निजी संस्थान

विशेष संवाददाता। रांची

छात्रहित में राज्य की हेमंत सोरेन सरकार ने बड़ा फैसला लिया है. सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के आलोक में और विभिन्न राज्यों के अध्ययन के बाद सरकार ने राज्य में चल रहे व्यावसायिक एवं तकनीकी संस्थानों पर शिकंजा कसने का निर्णय लिया है. अब ऐसे संस्थान मनमाने तरीके से फीस वृद्धि या नामांकन शुल्क में वृद्धि नहीं कर सकेंगे. सरकार ने महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों के शुल्क नियामक समिति के प्रावधानों का अध्ययन कराने के उपरांत यह फैसला है कि झारखंड में हाईकोर्ट के सेवानिवृत न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक शुल्क नियायक समिति का गठन होगा. इसके लिए सरकार ने झारखंड प्रोफेशनल एजुकेशनल इंस्टीटयूशन रेगुलेशन ऑर्डिनेंश 2024 तैयार किया है. इससे जुड़े प्रस्ताव को शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई में कैबिनेट की बैठक में मंजूरी प्रदान की गयी है. मालूम हो कि राज्य में ऐसे सैकड़ों व्यावसायिक एवं तकनीकी कॉलेज एवं संस्थान है, जिस पर अब लगाम लेगेगी और झारखंड जैसे गरीब एवं पिछड़े राज्य के लाखों छात्र-छात्राओं को सीधा फायदा होगा. राज्य में कई मेडिकल, इंजीनियरिंग, तकनीकी, कृषि, औद्योगिक, आईटीआई, पॉलेटेक्टिक आदि निजी कॉलेज और संस्थान संचालित हैं. जो अब इसके दायरे में आएंगे.

झारखंड कैबिनेट के फैसले

- फीस रेगुलेट करने के लिए हाईकोर्ट के रिटायर जज की अध्यक्षता में बनेगी शुल्क नियामक समिति
- **पांच लाख बनेंगे नए हरा राशन कार्ड, राशन डीलरों को कमीशन 100 से बढ़ाकर 150 से किया गया**
- रसोईयों का मानदेय में एक हजार रुपए की वृद्धि, 79286 महिलाओं को होगा सीधा फायदा

- 15 वर्ष का अवधि पूर्ण कर चुके निजी वाहनों को कबाड़ घोषित करने पर नए वाहन निबंधन शुल्क में मिलेगी 50 प्रतिशत की छूट

पांच लाख नए राशन कार्ड बनेंगे, राशन लीडरों का कमीशन 50 रुपये बढ़ा

राज्य सरकार ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत पांच लाख नए हरा राशन कार्ड बनाने का निर्णय लिया है. वर्तमान में इनकी संख्या 20 लाख है. अब नए पांच लाख लोगों का राशन कार्ड बनवा कर उन्हें राशन दुकान से राशन दिया जाएगा. साथ ही ही साथ मंईयां योजना का भी लाभ ये महिलाएं उठा सकेंगी. इसके अतिरिक्त सरकार ने राशन डीलरों की मांग को पूरी करते हुए प्रति क्विंटल कमीशन 100 रुपए से बढ़ाकर 150 रुपए करने का निर्णय लिया है. इसके साथ ही वैसे राशन डीलर जिनका लाइसेंस है और उनकी मृत्यु हो जाती है, वैसे में उनके आश्रितों को अनुकंपा के आधार अब एक साल में ही लाइसेंस निर्गत कर दिया जाएगा. वर्तमान में इसकी अवधि सात साल तक है, जिसे घटाकर एक साल कर दिया गया है.

रसोइया के मानदेय में एक हजार रु की वृद्धि

राज्य सरकार ने एक अहम निर्णय लेते हुए राज्य के सरकारी स्कूलों में मिड डे मिल बनाने वाली रसोइयों के मानदेय में एक हजार रुपए की बढ़ोतरी की है. वर्तमान में रसाइयों को 12 महीने के बजाए 10 महीने ही एक-एक हजार रुपए मिलते हैं. मगर अब रसोइयों को 12 महीने दो-दो हजार रुपए मिलेंगे. इससे सरकारी विद्यालयों में मिड डे मिल बनाने वाली 79286 महिलाओं को सीधा फायदा होगा. इसको लेकर रसोइयां वर्षों से आंदोलित रही हैं.

नई स्क्रैप नीति पर मुहर

15 साल पुराने सरकारी वाहनों के चलने पर रोक लग जाएगी. ऐसे वाहनों को स्क्रैप कबाड़ घोषित कर दिया जाएगा. हालांकि, निजी वाहनों को कुछ शर्तों के साथ छूट दी जाएगी. वाहनों को कबाड़ घोषित करने के लिए परिवहन विभाग की स्क्रैप नीति को कैबिनेट की स्वीकृति मिल गई. बता दें कि भारत सरकार ने पहले ही यह नीति लागू की है और डीजल वाहनों की निबंधन अवधि 10 वर्ष व पेट्रोल वाहनों की निबंधन अवधि 15 वर्ष की गयी है. वहीं, निजी वाहनों की फिटनेस ठीक है तो उनका रि-निबंधन कराया जा सकेगा. निजी वाहन मालिक निबंधन यूनिट में वाहनों को स्क्रैप करा सकेंगे. स्क्रैप वाहन सर्टिफिकेट पर नये वाहनों की खरीद पर निबंधन शुल्क में 50% की छूट, ले सकेंगे.

सर्राफा

सोना (बिक्री)	71,350
चांदी (किलो)	93,000

ब्रीफ खबरें

अग्निवीरों को नौकरी में 15% कोटा देगी ब्रह्मोस

नयी दिल्ली। ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड ने कहा है कि वह अपनी कंपनी में कम से कम 15% तकनीकीं पदों को अग्निवीरों के लिए आरक्षित करेगी. सरकार ने सभी संस्थानों में अग्निवीरों को प्राथमिकता देने की बात की गई है, लेकिन किसी कंपनी ने पहली बार ऐसा फैसला लिया है. कंपनी ने बताया कि तकनीकी, प्रशासनिक और सुरक्षा की जरूरत के हिसाब से भी अग्निवीरों की भर्ती की जाएगी.

अब ब्रिटेन पीएम ने भी की भारत की वकालत

नयी दिल्ली। फ्रांस के बाद अब ब्रिटेन के पीएम कीर स्टार्मर ने भी भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सीट देने के लिए अपना समर्थन दिया है. संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र को संबोधित करते हुए स्टार्मर ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बदलाव जरूरी है. अफ्रीका को स्थाई प्रतिनिधित्व दिया जाए और साथ ही ब्राजील, भारत, जापान और जर्मनी को भी स्थाई सदस्य बनाया जाना चाहिए.

लैंड फॉर जॉब घोटाले में लालू की बढ़ी मुश्किल

नयी दिल्ली। ईडी की चार्जशीट में दावा किया गया है कि लैंड फॉर जॉब घोटाले के मुख्य साजिशकर्ता पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव हैं. चार्जशीट में ईडी ने दावा किया कि लालू प्रसाद और उनके परिवार ने रेलवे में नौकरी देने के नाम पर लोगों से रिश्वत के तौर पर जमीन के टुकड़े लिए थे. चार्जशीट में आरोप है कि अपराध से अर्जित जमीन पर लालू प्रसाद यादव के परिवार का कब्जा है.

शेयर बाजार में तेजी पर लगा ब्रेक

मुंबई। घरेलू शेयर बाजार में छह दिन से जारी तेजी पर शुक्रवार को ब्रेक लग गया. सेंसेक्स 264 अंक या 0.31% गिरकर 85,571 अंक और निफ्टी 37 अंक या 0.14% गिरकर 26,178 अंक पर बंद हुआ. - पेज 11 भी देखें

सीबीआई जांच का आदेश दें तो...

पुलिस पर भरोसा नहीं करने की वजह भी बताएं

एजेंसी। नयी दिल्ली

लोगों के पत्र लिखने भर से हाईकोर्ट को किसी मामले की जांच सीबीआई को नहीं सौंप देनी चाहिए. सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक केस की सुनवाई करते हुए यह व्यवस्था दी. जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की अदालत ने कहा कि सीबीआई को बेहद दुर्लभ मामलों में ही जांच सौंपी चाहिए.

ऐसा तभी होना चाहिए, जब कोर्ट को यह भरोसा हो जाए कि इस मामले में राज्य पुलिस न्याय नहीं कर सकती. बेंच ने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं कि संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत हाईकोर्ट केस की जांच सीबीआई को दे सकते हैं. लेकिन यह ख्याल भी रखना चाहिए और यह कारण भी देना चाहिए कि वे क्यों नहीं मानते कि पुलिस इस मामले में अच्छे से जांच नहीं करेगी.

जजों ने कहा कि महज कुछ लोगों के पत्र लिख देने पर ही सीबीआई को जांच सौंप देना सही नहीं है. इसके साथ ही कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के उस आदेश को खारिज किया, जिसमें 19 अप्रैल को कहा था कि गोरखालैंड में स्कूलों में नियुक्ति में गड़बड़ी की जांच सीबीआई करे. इसके खिलाफ बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था. इसी पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट से कहा कि वे इसका ध्यान रखें कि महज कुछ प्राइवेट के लेटर पर ही फैसला न हो. ऐसा आप कर सकते है, लेकिन इसका कारण देना होगा. कलकत्ता हाईकोर्ट की सिंगल जज की बेंच ने 9 अप्रैल को नियुक्तियों की सीबीआई जांच का आदेश दिया था. यह आदेश दार्जिलिंग के कई लोगों की ओर से भेजे गए पत्रों के आधार पर हुआ था. उन पत्रों में आरोप लगाया गया था कि गोरखालैंड ट्राइबल एडमिनिस्ट्रेशन ने राजनीतिक दबाव में 1000 शिक्षकों की गलत नियुक्तियां की हैं. ये नियुक्ति अवैध है और इसकी जांच सीबीआई से करानी चाहिए. इन्हीं लेटरों के आधार पर उच्च न्यायालय ने सीबीआई जांच का आदेश दिया था. इसी के खिलाफ ममता बनर्जी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया, जहां से यह फैसला आया है.

सभी हाईकोर्ट को सुप्रीम कोर्ट ने दी बड़ी नसीहत

- कोई भी केस सीबीआई को तभी दें, जब यकीन हो जाए कि पुलिस के बस की नहीं

हेमंत सरकार के उखाड़ फेंकना है: चौहान

आशीष टैगोर। रांची/लातेहार

भाजपा की परिवर्तन यात्रा के दौरान केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को महुआडांड़ पहुंचे. स्टेडियम मैदान में आयोजित कार्यक्रम में झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार पर जम कर निशाना साधा. कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार को उखाड़ फेकना है. झारखंड में जेएमएम और कांग्रेस की गठबंधन सरकार ने राज्य को तबाह ओ बर्बाद कर दिया है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को याद करते हुए कहा कि आपने पांच लाख नौकरी देने का वायदा किया था, लेकिन युवाओ को हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाले गठबंधन सरकार ने ठेंगा दिखा दिया. कांस्टेबल की नौकरी देने के लिए इस सरकार ने युवाओ को ऐसा दौड़ाया कि कई युवा वर्दी जगह घर कफन में लिपट कर घर पहुंचे. राज्य में 2 लाख 87 हजार चार सौ से अधिक पद खाली हैं. लेकिन सरकार को इसकी चिंता नहीं है. राज्य में भाजपा की सरकार बनते पहली कैबिनेट बैठक में इन 2 लाख 87 हजार चार सौ खाली पदों भरने का फैसला पास कराऊंगा.

मंईयां योजना लाडली बहना की नकल : शिवराज सिंह चौहान ने झारखंड की 'मंईयां सम्मान योजना' पर जेएमएम सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि यह तो हमारा प्रोजेक्ट है, हेमंत सोरेन चुनाव से पहले लाडली बहना योजना की नकल कर रहे हैं. हमारा घोषणा पत्र आने वाला है. ये सुनिश्चित है कि हरियाणा में जैसे हमने घोषणा पत्र बांटा, उसमें बहनों के बैंक खाते में 2,100 रुपए हर माह डालने का संकल्प व्यक्त किया है. जम्मू-कश्मीर में हमने कहा, बैंक अकाउंट में पैसे भेजेंगे, उसी तरह झारखंड में भी बहनों के बैंक खाते में हम यही राशि डालेंगे. (शेष पेज 11 पर)

झारखंड में भाजपा की सरकार बनते ही 2.87 लाख नौकरियां देंगे : शिवराज

शुक्रवार को महुआडांड़ में महिलाओं से मिलते शिवराज सिंह चौहान.

हर महीने बहनों को देंगे 2000 रुपए : शिवराज सिंह चौहान ने वादा करते हुए कहा कि राज्य में बीजेपी की सरकार आने पर महिलाओं को दो हजार रुपए हर महीने दिए जाएंगे. इस दौरान उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार पर हमला भी बोला. उन्होंने कहा, झारखंड में बीजेपी अगर सत्ता में आई तो महिलाओं को प्रति माह 2,000 रुपए की वित्तीय सहायता देंगे. बीजेपी के सत्ता में आने पर सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत लोगों को मुफ्त सौर ऊर्जा दी जाएगी. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदीजी ने जल जीवन मिशन के पैसे झारखंड में भेजे थे. हजारों करोड़ रुपए केंद्र ने भेजे, लेकिन हेमंत सरकार ने पूरा पैसा घोटाला कर दिया.

हेमंत सरकार झूठी है : बाबूलाल

रांची/गुमला। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने घाघरा में परिवर्तन सभा को संबोधित करते कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार ने जो वादा किया था, वह पूरा नहीं हुआ. बिटिया योजना के लिए 75,000 देने का हेमंत सरकार ने वादा किया था, लेकिन 75 रुपया नहीं दिया. पांच लाख नौकरियां देने का भी वादा किया था. हेमंत ने यह भी कहा था पांच लाख नौकरियां नहीं दे सकेंगे, तो गद्दी छोड़ देंगे. लेकिन बेरोजगारों को नौकरी नहीं मिली. यह झूठी सरकार है. मरांडी ने कहा कि झारखंड में घुसपैठ हो रही है और धर्मांतरण चरम पर है. इसे रोकने के लिए भाजपा की सरकार को लाना होगा. हेमंत सरकार बालू लूटनेवाली, जंगल और जमीन बेचने वाली सरकार है, इसे बदल कर रहेंगे. हेमंत सरकार में आदिवासियों की आबादी कम होती जा रही है. (शेष पेज 11 पर)

घुसपैठियों को बाहर का रास्ता दिखाएंगे

रांची। असम के मुख्यमंत्री सह झारखंड भाजपा के चुनाव प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने शुक्रवार को हजारीबाग में एक बार फिर डेमोग्राफी चेंज को लेकर बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि जो भी भारत के नागरिक नहीं हैं और अवैध तरीके से यहां रह रहे हैं, उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा. इसे लेकर एक फार्मूला भी तय किया गया है. उन्होंने कहा कि अगर हेमंत सोरेन घुसपैठियों को बाहर का रास्ता दिखाते हैं, तो भाजपा इस पर बयान देना भी छोड़ देगी. मुख्यमंत्री हेमंत पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें डेमोक्रेसी का अर्थ ही नहीं पता है. इसी कारण वह यह स्वीकार नहीं कर रहे हैं कि झारखंड में आदिवासियों की संख्या में कमी हुई है और दूसरे देश के घुसपैठिए राज्य में प्रवेश कर रहे हैं. सरमा दो अक्टूबर को परिवर्तन यात्रा के समापन के मौके पर हजारीबाग में होनेवाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे थे. (शेष पेज 11 पर)

डरावनी सच्चाई जनता की सेहत से खिलवाड़ करनेवालों पर राजनीतिज्ञों का हाथ

टेस्ट में फेल हुईं दवा कंपनियों ने भाजपा को खूब दिया चुनावी चंदा

एजेंसियां। नयी दिल्ली

मिलावटी घी के बाद अब मिलावटी दवाइयों को लेकर जो रिपोर्ट सामने आई है, वह डराने वाली है. एक नई जांच रिपोर्ट में पता चला है कि हमारे देश में 53 दवाइयों में मिलावट पाई गई है. इन दवाइयों में पैरासिटामॉल, पैन-डी और टेल्मा-एच जैसी दवाइयां भी शामिल हैं, जिन्हें आप बुखार के लिए, एसिडिटी के लिए और ब्लड प्रेशर के लिए इस्तेमाल करते हैं.

चौंकाने वाली बात ये है कि इनमें दवाई बनाने वाली बड़ी-बड़ी ब्रांडेड कंपनियां शामिल हैं. सबसे खास बात ये कि इन कंपनियों ने बड़ी-बड़ी राजनीतिक पार्टियों को चुनावी बॉन्ड के जरिए करोड़ों रुपए का चंदा दिया है. इनमें से सभी दवा कंपनियों ने सबसे ज्यादा चंदा भारतीय जनता पार्टी को दिए थे. हां, कांग्रेस और अन्य पार्टियों को थोड़ी-थोड़ी धनराशि चंदे के रूप में दी थी. इससे माना जा रहा है कि इन ब्रांडेड दवा कंपनियों की कारगुजारी के पीछे भी राजनीतिक दलों का वरदहस्त है. ये कंपनियां राजनीतिक दलों को चुनावी चंदा देकर जनता की सेहत के साथ धड़ल्ले से खिलवाड़ कर रही हैं.

किसने किसको कितना दिया चुनावी चंदा

टोरेंट फॉर्मास्यूटिकल्स : इनमें सबसे बड़ी फार्मा कंपनी का नाम है, टोरेंट फॉर्मास्यूटिकल्स, जिसकी दो असली दवाइयां क्वॉलिटी टेस्ट में खराब निकली हैं. इनमें पहली दवाई का नाम है, शेल्कल और दूसरी दवाई का नाम है, मोंटियर एलसी. इस फार्मा कंपनी ने 77 करोड़ 50 लाख रुपए के चुनावी बॉण्ड्स खरीदे थे. जिनमें से 61 करोड़ रुपए के चुनावी बॉण्ड्स बीजेपी को, 5 करोड़ के चुनावी बॉण्ड्स कांग्रेस पार्टी को और 3 करोड़ रुपए के चुनावी बॉण्ड्स समाजवादी पार्टी को और एक करोड़ रुपए के चुनावी बॉण्ड्स इस फार्मा कंपनी ने आम आदमी पार्टी को भी दिए थे.

ऐल्केम हेल्थ साइंस : दूसरी फार्मा कंपनी का नाम है, ऐल्केम हेल्थ साइंस और ये कंपनी पैन-डी दवाई बनाती है और इसने भी बीजेपी को 15 करोड़ रुपए के चुनावी बॉण्ड्स दिए थे.

हेटरो लैब्स लिमिटेड : जिस तीसरी फार्मा कंपनी की दवाइयों में मिलावट मिली है, उसका नाम है, हेटरो लैब्स लिमिटेड. इस कंपनी ने 25 करोड़ रुपए के चुनावी बॉण्ड्स खरीदे थे, जिनमें से 20 करोड़ रुपए के चुनावी बॉण्ड तेलंगाना में के चंद्रशेखर राव की पार्टी को मिले थे और पांच करोड़ रुपए के चुनावी बॉण्ड बीजेपी को मिले थे.

सन फार्मा : चौथी दवा कंपनी का नाम है, सन फार्मा फार्मा. इस कंपनी ने बीजेपी को साढ़े 31 करोड़ रुपए के चुनावी बॉण्ड्स खरीद कर चंदा दिया था.

कंपनियों की सफाई : इससे आप समझ सकते हैं कि आज जिन फार्मा कंपनियों की दवाइयों में मिलावट मिली है, उन कंपनियों ने चुनावों से बड़ी-बड़ी पार्टियों को चुनावी बॉण्ड्स खरीद कर चंदा दिया था. हालांकि सन फार्मा और टोरेंट फार्मा कंपनी ने कहा कि जिन दवाइयों में मिलावट मिली हैं, वो नकली हैं और इन्हें इन कंपनियों ने नहीं बनाया है. लेकिन दवा कंपनियों का ये दावा किसी के गले नहीं उतर रहा है.

सैफ अली खान भी राहुल गांधी के मुरीद, बोले-

जो किया वो कमाल है...

एजेंसियां। नयी दिल्ली

बॉलीवुड के नवाब सैफ अली खान भी कांग्रेस नेता राहुल गांधी के तगड़े मुरीद है. सैफ अली ने राहुल गांधी की तारीफ करते हुए कहा, वह बहादुर राजनेता हैं जो अपनी आलोचनाओं से निपटना जानते हैं. इंडिया टुडे कॉन्क्लेव में उन्होंने कहा, मुझे बहादुर व ईमानदार राजनेता पसंद हैं. यह पूछने पर कि पीएम नरेंद्र मोदी, राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल तक, वह किसे बहादुर राजनेता मानते हैं जो भारत को भविष्य की ओर ले जा सकता है. इसके जवाब में सैफ ने कहा कि वे सभी बहादुर राजनेता हैं. लेकिन राहुल ने जो किया वो वाकई कमाल है.

सैफ अली खान ने कहा, मुझे लगता है राहुल गांधी प्रभावशाली हैं. एक समय ऐसा भी था जब लोग उनकी कही बातों या उनके किए कामों का अनादर कर रहे थे. उन्होंने बहुत ही दिलचस्प तरीके से कड़ी मेहनत करके इस स्थिति को बदल दिया है.

सैफ का राहुल की तारीफ वाला यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. कांग्रेस ने अपने एक्स हैंडल पर इस वीडियो की क्लिप शेयर की है. कांग्रेस के कई नेताओं का कहना है कि यह सच है कि राहुल गांधी ने अपने बारे में लोगों के विचार बदल दिए हैं. उन्होंने कहा, बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी जी की जमकर तारीफ की है. उन्होंने जो कहा है वह बिल्कुल सच है-राहुल गांधी ने अपनी कड़ी मेहनत से अपने बारे में लोगों के विचार बदल दिए हैं.

ब्रीफ खबरें

शुभम व वंदना एडवेंचर कैंप के लिये धर्मशाला रवाना

पांकी (पलामू)। मजदूर किसान महाविद्यायल डंडार कला, पांकी की दो स्वयंसेवक सेविका साहसिक शिविर के लिए धर्मशाला हिमाचल प्रदेश के लिए रवाना हुए. झारखंड से कुल 20 स्वयं सेवक, सेविका तथा दो दलनायक राजेश सिंह पलामू तथा डॉ रूपम कुमारी दुमका भी शामिल है. सभी को नीलाम्बर -पीताम्बर विवि के कुलपति सह आयुक्त बालकिशुसुन मुंडा, डॉ प्रदीप पासवान ने शुभकामना दी. महाविद्यायल के अध्यक्ष सह सांसद कालीचरण सिंह ,विवि प्रतिनिधि डॉ श्रवण कुमार, एसडीओ मेदिनीनगर सह सदस्य सुश्री सुलोचना मिनाने बच्चों को शुभकामनाएं दी.

लातेहार में कुष्ठ जांच अभियान प्रारंभ

लातेहार। जिला कुष्ठ निवारण कार्यालय, लातेहार के तत्वावधान में कुष्ठ के रोगियों का खोज प्रारंभिक अवस्था में करने के उद्देश्य से रोगी खोज अभियान प्रारंभ किया गया है. सिविल सर्जन डा अवधेश कुमार सिंह एवं जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी के निर्देश पर डॉ. राजेश कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लातेहार में पाये गये 92 संभावितों की जांच की. चार को कुष्ठ रोगी के रूप में चिन्हित कर इलाज शुरू कर दिया गया है. सीएस ने बताया कि सभी संभावितों की जांच प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व आयुष्मान आरोग्य केंद्र में भी करने का निर्देश सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को दिया गया है.

हुसैनाबाद में मूलभूत सुविधाओं का अभाव

हुसैनाबाद (पलामू)। हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र में मूलभूत जन समस्याओं से लोग जूझ रहे हैं . चिकित्सा, शिक्षा,सिचाई,पेयजल ,बिजली सड़क,आदि का घोर अभाव है . इसे लेकर पूर्व आईपीएस अधिकारी संजय रंजन सिंह ने संवादाताओं से बातचीत की कहा कि आज देश आजादी का अमृत उत्सव मना रहा हैं.आधुनिकरण के दौर से देश तेजी से आगे बढ़ रहा है बावजूद हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र आज मूलभूत सुविधाओं से वंचित है. यहां चिकित्सा, शिक्षा, सिंचाई आदि के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर कार्य करने की जरूरत है.

दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष सश्रम कारावास

मेदिनीनगर। पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के पोक्सो कोर्ट के स्पेशल जज अभिमन्यु कुमार की अदालत ने छह वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी राजेंद्र चौधरी उर्फ हकनु चौधरी को भारतीय दंड विधान की धारा 376(3) व पोक्सो एक्ट की धारा छह में दोषी पाते हुए 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. वहीं अदालत ने 50 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है. अर्थदंड की राशि नहीं देने पर एक बर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी. इस 253/2020 आईपीसी की धारा 341, 342, 323, 376, 385, 504, 506/34 व 27 आर्म्स एक्ट व पोक्सो एक्ट की धारा 4 व 6 के तहत दर्ज किया गया था.

साल 2021 में शुरू हुआ था पुल बनने का काम , ग्रामीणों ने कहा- संवदेक ने काम को अधूरा छोड़ा

पानो नदी पर तीन साल में भी पूरा न हो सका पुल का काम

आशीष टैगोर। लातेहार

लातेहार को लोहरदगा जिला से जोड़ने वाली पानो नदी पर पुल निर्माण का कार्य पिछले तीन साल में भी पूरा नहीं हो पाया है. लातेहार व लोहरदगा जिला के सीमाना में अविस्थत पेशरार पंचायत के पहले पड़ती है पानो नदी.

इस नदी पर साल 2021 में ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा पुल निर्माण कार्य शुरू कराया गया था. लेकिन इन तीन सालों में भी इस पुल को पूरा नहीं किया सका है. पुल के सिर्फ स्तंभों को खड़ा किया जा सका है. ग्रामीण बताते हैं कि संवेदक के द्वारा छह माह किसी प्रकार कार्य को किया गया, उसके बाद संवेदक ने कार्य बंद कर दिया.

क्या कहते हैं कार्यपालक अभियंता : इस संबंध में पूछे जाने पर ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता ओम प्रकाश बड़ाईक ने कहा कि संवेदक को रिमाइंडर दिया गया है. रिमांइडर के बाद संवेदक ने कार्य प्रारंभ भी किया था, लेकिन बरसात के कारण काम बंद कर दिया गया. संवेदक ने बरसात बाद काम शुरू करने की बात कही है. अगर संवेदक के द्वारा काम शुरू नहीं किया जाता है तो उसे टर्मिनेट की कार्रवाई की जायेगी.

रिचुघटा में लोहरदगा जाने के लिए यात्री उतरते हैं

बता दें कि रिचुघुटा एक रेलवे स्टेशन है. यहां हिंडाल्को का बॉक्साईट ट्रेनों में लोड होता है. प्रतिदिन रिचुघुटा रेलवे स्टेशन में इन गांवों में जाने वाले सैकड़ो यात्री ट्रेनो से उतरते हैं. एक तो जर्जर सड़क और दूसरा पानो नदी पर पुल नहीं होने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है.

लोहरदगा जाने का एक मात्र सड़क है : बता दें कि मक्का, मुरमू, सीरम, मांची और पसांगन समेत कई गांवों का लोहरदगा जिला मुख्यालय तक जाने का यही एक मात्र रास्ता है. ये सभी गांव लातेहार प्रखंड से सटे हैं और लोहरदगा जिला में पड़ते हैं. लातेहार से रिचुघुटा तक सड़क सही है. रिचुघुटा से गुजरने के बाद सड़क जर्जर हो गयी है. बरसात के कारण सडक बह गयी है. इस सड़क से छोटी चार पहिया वाहनो का गुजरना मुश्किल है. उस पर आगे बढ़ने पर मिलती है पानो नदी. अन्य मौसम में तो वाहन यहां से गुजर जाते हैं, लेकिन बरसात के मौसम में इस नदी से वाहनों का गुजरना मुश्किल हो जाता है. पेशरार पंचायत वासियों को बरसात में लातेहार जिला मुख्यालय आने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है.

डीसी ने किया मलय डैम में जल और साहसिक क्रीड़ा का उद्घाटन

मलय डैम पहुंचे अधिकारियों ने जमकर उठाया बोटिंग का आनंद

संवाददाता । सतबरवा (पलामू)

विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर मुरमा मलय डैम पर जल क्रीड़ा एवं साहसिक क्रीड़ा अधिष्ठापन कार्य का लोकार्पण उपायुक्त शशि रंजन व एसडीएम सुलोचना मीणा ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को फीता काट कर की. इस मौके पर मुरमा मत्स्य पालन कमेटी को 3 मोटर बोट, पांच पैडल बोट , क्याक बोट दो, लाइफबॉय 20 पीस, 70 पीस लाइफ जैकेट अध्यक्ष अरविंद सिंह, कोषाध्यक्ष राजू सिंह, सचिव सुनील कुमार सिंह, गुड्डू कुमार सिंह गुड्डू कुमार सिंह, मनोज सिंह, कुंज बिहारी सिंह, सुरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह, महावीर सिंह, महावीर सिंह को सौंपा. इस मौके पर उपायुक्त शशि रंजन, एसडीएम सुलोचना मीणा के साथ अन्य कर्मियों ने बोट से पूरे मलय डैम का आनंद उठाया. इस मौके पर बीडीओ अभिषेक पाण्डेय, दुलसुलमा मुखिया ब्रह्म देव सिंह, पंसस सुरेश ठाकुर, पंसस जगदीश सिंह, लाल बिहारी साव मुख्य रूप से उपस्थित थे.

ज्ञात हो कि सतबरवा के मुरमा मलय डैम से 105 गांव के 20420 एकड भू - भाग में सिंचाई होती है. इसमें 19400 एकड में खरीफ तथा 1000 एकड में रबी की फसल की सिंचाई का लक्ष्य रखा गया था. जलाशय की क्षमता 26200 एकड फिट जल राशि उपयोग करने हेतु बनाई गई है. मैन नहर की लंबाई 42 किलोमीटर है ,जबकि शाखा नहर की लंबाई 32 किलोमीटर है . अनाज उत्पादन का लक्ष्य 2 . 32 लाख क्विंटल है. डैम से पीने के पानी सप्लाई के लिए पेय कूप व जल मीनार का निर्माण किया जा रहा है.जिसे कई गांव में पेयजलापूर्ति सालों भर की जाएगी. डैम का अब मल्टीपर्पस वर्क हो रहा है.

फीता काट कर उद्घाटन करते डीसी व एसडीएम.

खास बातें

- सतबरवा के मुरमा मलय डैम से 105 गांव के 20420 एकड़ में सिंचाई होती है
- जलाशय की क्षमता 26200 एकड फीट जल राशि उपयोग करने के लिए बनाई गई है

उपायुक्त ने अबुआ आवास की समीक्षा की : लातेहार। उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में अबुआ आवास की प्रगति को ले कर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गयी. बैठक में उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा कर लक्ष्य के अनरूप कार्य करने का निर्देश दिया.बैठक में उपायुक्त ने अबुआ आवास योजना के प्रखंडवार रजिस्ट्रेशन व स्वीकृति की समीक्षा करते हुए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध आवेदन स्वीकृत कर शत प्रतिशत सुयोग्य लाभुकों को योजना का लाभ प्रदान करने का निर्देश दिया गया. बैठक में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, गोपनीय शाखा के विशेष कार्य पदाधिकारी श्रेयांश समेंत जिले के अन्य प्रखंड विकास पदाधिकारी ऑनलाइन जुड़े थे.

नेतरहाट में पर्यटन की अपार संभावनाएं: डीडीसी

संवाददाता । लातेहार

उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह ने कहा कि नेतरहाट आज पूरे देश में एक पर्यटन स्थल के रूप में अपनी पहचान बना चुका है,बावजूद इसके यहां पर्यटन के क्षेत्र में और भी संभावनायें हैं. नेतरहाट के आसपास ऐसे क्षेत्र हैं जो अच्छुते रह गये हैं. अभी तक उसे पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित नहीं किया जा सका है. उन्हें भी विकसित करने की दरकार है. उप विकास आयुक्त 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस के मौके पर आयोजित ऑनलाइन कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे. टूरिज्म एंड पीस थीम पर आयोजित इस कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव मुख्य रूप से जुड़े थे. डीडीसी ने आगे कहा कि नेतरहाट में पेइंग गेस्ट परिपाटी को विकसित करने की जरूरत है. पर्यटक यहां सिर्फ सनसेट या सनराईज देखने नहीं आते है, बल्कि वे स्थानीय लोगों के साथ रातें बिता कर उनकी जीवन शैली, खान-पान व रहन सहन आदि को भी जानना चाहते हैं. इसके लिए पेईंग गेस्ट की परिपाटी अच्छी रहेगी. कहा कि जिला पर्यटन संवर्द्धन समिति की बैठक मे मां उग्रतारा मंदिर, डाटम पातम झरना, लोध फॉल आदि को विकसित करने का निर्णय लिया गया है.डीएमएफटी से सभी पर्यटन स्थलों पर स्ट्रीट लाईट लगाई गयी है. उन्होने बताया कि लोध फॉल में लकड़ी के कॉटेज का निर्माण कराने का निर्णय लिया गया है.

होटल बनाने के लिए स्थल चयनित करने का निर्देश महुआडांड़ सीओ को दिया गया है. होटल संचालक शुभम दुबे ने लातेहार को सेंटर प्वाईट बनाने की बात कही ताकि पर्यटक लातेहार से जिला मुख्यालय के अन्य पर्यटन स्थलों पर जायें और लौट कर रात में लातेहार में स्टे करें. उन्होने तपा पहाड़कार्यशाला में कार्यकारी एजेंसी के प्रतिनिधि अभिजीत, टूरिज्म रिर्सोस पर्सन गोविंद पाठक, स्वर संगम के निदेशक आशीष टैगोर, पत्रकार संजीत कुमार और होटल संचालक जीत ठाकुर, आशुतोष कुमार, कुमार गौरव, हेमंत, विनय और सोनू दीप राय आदि मौजूद थे.



5794 छात्र-छात्राओं के बीच बांटे जायेगें साइकिल समिति ने अनुशंसा की

लातेहार। उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय साईकिल वितरण, अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गयी. बैठक में आइटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई ने समिति को बताया कि लातेहार जिला के सभी प्रखंडों के सरकारी विद्यालय में वर्ग आठ में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को वित्तीय वर्ष 2024–2025 में कल्याण विभाग से साईकिल वितरण किया जाना है.प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सह प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, लातेहार, चंदवा एवं बालूमाथ द्वारा प्रखंड स्तर से कुल 5794 छात्र-छात्राओं की सूची प्राप्त है.उपायुक्त एवं समिति के सदस्यों द्वारा प्राप्त सूची पर विचार विमर्श के उपरांत सर्वसम्मति से कुल 5794 छात्र-छात्राओं को साईकिल वितरण हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया. उपायुक्त ने कहा कि जिले के एक भी सुयोग्य छात्र- छात्रा साईकिल वितरण योजना से वंचित नहीं हो, इसे सुनिश्चित किया जाना चाहिए.

स्कूल में अलंकरण समारोह का आयोजन

चंदवा (लातेहार)। स्थानीय लुकुइया ग्राम के ग्लिटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की निर्देशिका कादंबरी सिंह, प्रधानाचार्य हिमांशु सिंह और अधिवक्ता विनोद अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया. कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को विद्यालय प्रबंधन के द्वारा प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया. कादंबरी सिंह ने कहा कि बच्चे नई जिम्मेवारियों से कुछ अलग विषयों को सीखेंगे. पढ़ाई के साथ-साथ उन्हें आसपास के परिवेश की जानकारी देना विद्यालय का लक्ष्य रहा है. प्रधानाचार्य हिमांशु सिंह ने कहा कि बच्चों को जानकार बनाना विद्यालय प्रबंधन का उद्देश्य रहा है.

जरूरतमंदों की मदद करेंगे पारा लीगल वॉलिंटियर्स : गुप्ता

- कानून संगत करना है पीएलवी का काम : मोहिनी श्रीवास्तव

संवाददाता । मेदिनीनगर

पारा लीगल वालंटियर गरीबों व जरूरतमंदों की मदद करेंगे. चोरी में मात्र 3 साल की सजा होती है. लेकिन कोई अभियुक्त 4 वर्षों से जेल में बंद है. ऐसे अभियुक्तों को गांव में पता करें. ऐसे अभियुक्तों को जेल से बाहर निकालने में मदद करनी होगी. उक्त बातें परमानेंट लोक अदालत के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता ने कही. वे शुक्रवार को जिला व्यवहार न्यायालय परिसर में डालसा के नेतृत्व में नव चयनित 155 पारा लीगल वालंटियर के ओरिएंटेशन व ट्रेनिंग कार्यक्रम के तीसरे दिन बतौर रिसोर्स पर्सन संबोधित कर रहे थे. उन्होंने पारा लीगल वालंटियर के ओरिएंटेशन व कार्य- कर्तव्य के बारे में पूरी जानकारी दी. प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने किया. अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा कि अस्पताल में रोगियों को प्रॉपर सुविधा नहीं मिल रही है. कहा कि पीएलवी समाज का सबसे बड़ा व अधिकृत अंग है. ऐसे में पीएलवी को अपनी गरिमा अक्षुण रखनी होगी. कहां की पीएलवी को कानून संगत कार्य करना है. कहीं भी जाएं तो डॉक्यूमेंटेशन जरूर कर लें. मौके पर एल ए डी सी के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, डालसा के कार्यालय प्रमुख संजीव कुमार सिंह, नव चयनित पीएलवी प्रमोद शुक्ला, महेंद्र नाथ सिंह, सुखाड़ि मिंज, सूचित कुमार, बसंती देवी, शैल शिखा, दीपक रवि ,धीरेंद्र कुमार, नीतीश यादव, नेहा कुमारी ,निलेश कुमार रजक, शैलेंद्र कुमार पांडेय समेत सैकड़ों पीएलवी मौजूद थे.

भवनाथपुर के नये थाना प्रभारी ने दिया योगदान

भवनाथपुर। थाना में नव पदस्थापित थाना प्रभारी रजनी रंजन ने शुक्रवार को नए थाना प्रभारी के रूप में अपना योगदान दे दिया है. उन्होंने निवर्तमान थाना प्रभारी कृष्ण कुमार से प्रभार लिया. इसके पूर्व में वे हरिहरपुर ओपी में पदस्थापित थे. मीडिया कर्मियों से बातचीत के क्रम में थाना प्रभारी रजनी रंजन ने कहा कि अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी. इसके अलावा पुलिस और पब्लिक के बीच की दूरी को कम करना है. पुलिस हमेशा सेवा के कार्य के लिए तत्पर है.

सार्वजनिक संपत्ति पर कब्जा जमानेवाले का हो जाता है समूल नाश : जीयर स्वामी

संवाददाता । मेदिनीनगर

सिंगरा में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के दौरान जीयर स्वामी ने कहा कि कभी भी सार्वजनिक संपत्ति, पंचायत की संपत्ति, जनहित की संपत्ति, स्कूल, अस्पताल, अनाथालय, मंदिर, मठ, गोशाला, गुरु, पुरोहित को दान दी हुई भूमि संपति को पुनः स्वीकार, भोग या नहीं हड़पना चाहिए. आज का परिवेश ऐसा है कि दादाजी ने स्कूल, मंदिर, मठ, गुरु, पुरोहित सहित सार्वजनिक उपयोग में दान दिया था. अब उनके नाती, पोता कहते हैं कि लिखा पढ़ी नहीं हुआ था हम नहीं मानते हैं. लिखा पढ़ी तो एक कागजी बात है लेकिन जब दिया हुआ था तो दिया हुआ था. ऐसे दान की संपत्ति को अपने पास रख लेते हैं या हड़प लेते है तो जैसे किसी के शरीर पर तेजाब गिर जाने से शरीर धीरे-धीरे गलकर समाप्त हो जाता है वैसे ही पूरा कुल खानदान समाप्त हो जाता है. इसलिए सार्वजनिक उपयोग में की जाने वाली दान की संपत्ति को हड़पने की कोशिश नहीं करनी चाहिए चाहे कारण हो या ना हो. इन्हीं बातों को भगवान श्रीकृष्णा ने अपने कुल खानदान के बालकों को समझाया लेकिन कुछ मान गए और कुछ नही माने .

सहयोग

पांकी विस के भावी प्रत्याशी विनोद सिन्हा ने दो एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, कहा

बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता होगी

संवाददाता। पांकी (पलामू)

क्षेत्र की जनता को इमरजेंसी की स्थिति में इलाज कराने के लिए शुक्रवार को समाजसेवी सह पांकी विधानसभा के भावी प्रत्याशी विनोद सिन्हा दो एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इस अवसर पर विनोद सिन्हा ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा की स्थिति बेहद खराब है. लोगों के पास पैसा नहीं होने पर वे बेहतर इलाज नहीं करा पाते है. समय पर लोगों को चिकित्सा सेवा भी उपलब्ध नहीं हो पाता है. उन्होंने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र की इन्हीं समस्याओं को देखकर आज दो दो एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. जिससे लोग समय पर हॉस्पिटल पहुंच सकेंगे . यह सुविधा 24x7 उपलब्ध रहेगा.जिस किसी को यह एम्बुलेंस की जरूरत हो 1 9973585150 नंबर पर कॉल कर एम्बुलेंस मंगवा सकते हैं. और आगे भी पांकी विधानसभा क्षेत्र के हर प्रखंड में भी एंबुलेंस देने वाले हैं. उन्होंने कहा कि पांकी में विकास के नाम पर वर्षो से केवल लूट हुआ है. जिसे भी मौका मिला उसने केवल दोहन किया . क्षेत्र में सिंचाई, शिक्षा रोजगार की दशा बेहद खराब है. लोगों को वर्षो से केवल वोट के लिए ठगा गया है. अब ऐसा नहीं होगा.

30 दिन में मैने कई काम किए : इस 30 दिनों में मैं जनता की समस्याओं को समझा और उसके समाधान के लिए कई ठोस कदम उठाए हैं. किसानों के लिए सस्ते खाद और बीज की उपलब्धता सुनिश्चित की.ताकि किसानों को कम दाम पर बेहतर संसाधन मिल सके. पांकी क्षेत्र में खाद एवं बीज किसानों को महंगे दर लेना पड़ रहा है. खाद 400 से लेकर 500 के बीच मिल रहा था .अब वहीं खाद मेरे प्रयास से 250 में उपलब्ध है. किसानों को सीधे 300 की बचत हो रही है. इसी तरह धान और मक्के के बीज मार्केट में 300 रुपए प्रति यूनिट मिलते थे. अब उन्हें मेरे प्रयास 178 रुपए प्रति यूनिट मिल रहा है. गेहूं का बीज जो वर्तमान में 42 प्रति यूनिट है. उसे मैं 1996 पैसे पर उपलब्ध कराने का प्रयास किया. इन कदमों से किसानों की लागत में बड़ी कटौती होगी और उन्हें अधिक लाभ प्राप्त होगा. जिससे कृषि क्षेत्र में समृद्धि आएगी.

जल मीनार के पंप को ठीक करवाने की पहल की : मैंने पलामू उपायुक्त से मिलकर किसानों की समस्या से उन्हें अवगत कराते हुए प्रभावित तरीके से कदम उठाने और प्रशासनिक स्तर पर समाधान के लिए पहल की है पेयजल की चर्चा के दौरान श्री सिन्हा ने कहा कि क्षेत्र में बंद पड़े जल मीनार के पंप को ठीक करवाने की पहल की.

ब्रह्मदेव ने की अधिकारों के लिए एकजुटता की अपील

विश्रामपुर (पलामू)। प्रखंड क्षेत्र के टोना और भंडार में आयोजित एक जनसभा के दौरान ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष , समाजसेवी और विधानसभा प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद ने जनता से संवाद किया. इस सभा का आयोजन राकेश कुमार ने किया.बीडी प्रसाद ने वहां उपस्थित लोगों से आशीर्वाद और सहयोग की कामना की. उन्होंने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि यह अभियान केवल विश्रामपुर विस क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य पूरे झारखंड के ओबीसी, एससी और एसटी समुदायों को एकजुट करके उनके हक और अधिकारों के लिए संगठित करना है.उन्होंने कहा, "हमारा लक्ष्य इन समुदायों को उनका हक दिलाना हैऔर इसके लिए हमें सभी का सहयोग और समर्थन आवश्यक है.

न्यूज अपडेट

स्वावलंबी सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा संपन्न

पांकी (पलामू)। पांकी प्रखंड के करार पंचायत भवन में आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा हुई. इस सभा का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वावलंबी बनाना है. साथ ही उनको सामाजिक और आर्थिक निर्णयों में भागीदारी दिलाना है. इस सभा में करार, ढुब पांकी पूर्वी और अन्य पंचायतों की महिलाओं ने भाग लिया. महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए वार्षिक आमसभा एक महत्वपूर्ण कदम है. अब महिलाएं समूहों के माध्यम से घर से बाहर निकल रही हैं और समाज में अपनी भूमिका निभा रही हैं.

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 14 अक्टूबर तक

लातेहार। झालसा, रॉंची और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार के अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार ने चीफ एलएडीसी, लातेहार के पद पर बहाली हेतु आवेदन आमंत्रित किया है. यह नियुक्ति संविदा आधारित होगी. इसके लिए क्रिमिनल लॉ में कम से कम दस वर्ष का अनुभव होना चाहिए. इसके अलावा 30 सेशन केस अनुभव के साथ-साथ क्रिमिनल लॉ की अच्छी समझ एवं लीडरशीप क्वॉलिटी होना आवश्यक है. इस पद पर नियुक्त अधिवक्ता या उम्मीदवार को 65 हजार रूपये प्रति माह मानदेय के रूप में दिया जायेगा. इसके लिए इच्छुक अधिवक्ता या उम्मीदवार 14 अक्टूबर की शाम पांच बजे तक अपना आवेदन सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार के कार्यालय में हाथो-हाथ अथवा पोस्ट ऑफिस के माध्यम से जमा कर सकते हैं. अधिक जानकारी के लिए व्यवहार न्यायालय, लातेहार के ऑफिसियल वेबसाइट https://latehar.dcourts.gov.in/ पर लॉगिन कर सकते हैं.

पलामू में हुआ रीढ़ की हड्डी का सफल ऑपरेशन

मेदिनीनगर। मेदिनीनगर शहर के नावाटोली कोयल नदी किनारे स्थित श्री नारायण मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल में एक मरीज के रीढ़ की हड्डी का सफल ऑपरेशन किया गया. ऑपरेशन अस्पताल के डॉ. राहुल अग्रवाल, डॉ. अशोक व डॉ. परेश की टीम ने किया. इस संबंध में डॉ राहुल अग्रवाल ने बताया कि स्पाइन के जटिल से जटिल रोग के ऑपरेशन की सुविधा डाल्टनगंज में भी उपलब्ध है. उन्होंने बताया कि पलामू जिला के हैदरनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नोखीला गांव निवासी बानो खातून लगभग 4 साल से स्पाइन के दर्द से परेशान थी और उसका ऑपरेशन किया जाना जरूरी था. परिजन मरीज के ऑपरेशन के लिए रांची ले जाने की तैयारी कर रहे थे. इस बीच उन लोगों ने श्री नारायण मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल में हमसे संपर्क किया. मरीज के परिजनों ने बताया कि मेरा मरीज बहुत ही सीरियस है. परिजनों की सहमति के बाद चिकित्सकों की टीम ने गुरुवार की शाम मरीज का सफल ऑपरेशन किया. मरीज अभी अस्पताल में ही स्वास्थ्य लाभ ले रही है.

हेमंत सरकार ने युवाओं के साथ की वादाखिलाफी

मेदिनीनगर। आजसू युवा नेता अभिषेक राज ने कहा है कि वर्तमान झामुमो - कांग्रेस गठबंधन सरकार ने पांच सालो में युवाओं के साथ वादा खिलाफी की है, जिस कारण उनमें खासा आक्रोश है. झारखंड के युवाओं का आक्रोश आगामी विधानसभा चुनाव में दिखेगा. जिस प्रकार से राज्य में हो रहे सभी प्रतियोगी परीक्षाए भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है यह हमारे राज्य के लिए बिलकुल भी सुखद संकेत नहीं है. राज्य की बदहाल शिक्षा व्यवस्था यह बया कर रहा है कि किस प्रकार से वर्तमान सरकार ने सिर्फ और सिर्फ अपनी तिजोरी भरने का काम किया है. हाल में हुए जेएसएससी सीजीएल परीक्षा में इस बार कॉपी पेस्ट घपला की बू आ रही है. हम इसे लेकर गांव गांव जायेंगे और युवाओं को सत्ता परिवर्तन के लिए गोलबंद करेंगे. युवाओ की आवाज को सड़क से सदन तक बुलंद करना, आजसू पार्टी और हमारे केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो जी का अडिग संकल्प है.

ईश्वर चंद विद्यासागर की मनी 204वीं जयंती

मेदिनीनगर। बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में महान शिक्षाविद व समाज सुधारक ईश्वर चंद विद्यासागर की 204 वीं जयंती मनाई गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम व संचालन संजय कुमार ने किया. कार्यक्रम की शुरुआत ईश्वर चंद विद्यासागर की तस्वीर पर माल्यार्पण के साथ हुई. मोर्चा अध्यक्ष श्री राम ने कहा कि ईश्वर चंद विद्यासागर महान समाज सुधारक, दार्शनिक, समाज सुधार के अग्रदूत थे. 1856 में ब्रिटिश शासनकाल में विधवा पुनर्विवाह कानून पारित कराया. वहीं, बालिकाओं के लिए 35 स्कूल खोला जिसका संचालन वे निजी खर्च से चलाते थे. समाज सुधारक के रूप में उन्हें राजा राम मोहन राय का उत्तराधिकारी माना जाता है. मौके पर जयपाल मोची, कृष्णा राम, संजीत कुमार, उमेश राम, राजू राम, उपेन्द्र रजक, शनि कुमार, मिथलेश राम प्रद्युमन तिवारी , श्याम पाठक आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए. धन्यवाद ज्ञापन राम नरेश महतो ने किया.

साप्ताहिक जनता दरबार में एसी ने सुनी शिकायतें

लातेहार। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी गरिमा सिंह के निर्देश पर अपर समाहर्ता रामा रविदास ने शुक्रवारीय साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न इलाकों से आये ग्रामीणों की समस्याओं को सुना. उन्होंने क्रमवार ग्रामीणों की शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त किया और संबंधित पदाधिकारियों को अग्रसारित किया. उन्होने शिकायतों को गंभीरता से लेने एवं शीघ्र ही इसका निष्पादन करने का भरोसा ग्रामीणों को दिया. जनता दरबार में जमीन विवाद, पेंशन, अबुआ आवास व नियोजन संबंधीत आवेदन प्राप्त हुए. अपर समाहर्ता ने कहा कि जनता दरबार मे आये सभी शिकायतों का समाधान किया जायेगा.

अंजुमन रज़ाए मुस्तफा सैयदना कमेटी का पुनर्गठन

चंदवा (लातेहार)। अंजुमन रज़ाए मुस्तफा सैयदना शुक्रवार बाजार कमेटी की बैठक मदरसा अहले सुन्नत गुलशन ए सैयदना में मो नईम की सदारत में आयोजित की गयी. बैठक में कमिटि का पुर्नगठन किया गया. सर्वसम्मति से सदर नसरुद्दीन राईन, उप सदर इरफ़ान राईन, सेक्रैटरी रियाज़ टेलर, नायिब सेक्रैटरी इमरान अंसारी उर्फ बबलू, खजांची इमरान टेलर और नाईब खजांची अब्दुल सलाम अंसारी को चुना गया. शुक्रवार बाजार अंजुमन के सदस्यों के रूप में हैदर अली, मंसूर टेलर, सेराजुद्दीन उर्फ़ रिंकू, अमजद खान, कैफ़ी खान, मो आतिक, इमरान खलीफा उर्फ़ (चरकु) व मो कलीम टेलर को शामिल किया गया. सलाहकार के रूप में मुफ़्ती अब्दुल मन्नान कलामी, मोहम्मद नईम व मोहम्मद अफरोज आलम को चुना गया है. मीडिया प्रभारी मोहम्मद शाहिद को चुना गया.

देश के विकास के लिए किसानों की समृद्धि जरूरी

मेदिनीनगर। प्रतिज्ञा यात्रा के अठारहवें दिन पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने चैनपुर प्रखंड के भडगांवा, नेऊरा, सेमरा, झरिवा , बन्दुआ, बांसडीह, महुगांवा व बुढिवीर पंचायत के गांवों का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने लोगों से कहा कि आपको दिए गए वचनों से हूं वचनबद्ध और उसे अवश्य पूरा करूंगा. उन्होंने कहा कि प्रतिज्ञा यात्रा इसलिए आवश्यक है क्योंकि जो कार्य 2014 में अधुरा रह गया था. डालटनगंज क्षेत्र पिछले 10 वर्षों में काफी पिछड़ गया है, हमारे कार्यकाल में कई योजनाएं स्वीकृत हुई थी. पेयजल संकट और खास महल के संकट को दूर करने के लिए हमने कई कदम उठाए थे. हमारा सपना है कि इलाके से पलायन की समस्या को दूर किया जाए .

तापमान
27.4° अधिकतम | 22.6° न्यूनतम

शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, शनिवार 28 सितंबर 2024 ● आश्विन कृष्ण पक्ष 11 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 8 ● वर्ष : 2, अंक : 170 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

राज्यकर्मियों के कैशलेस इलाज की फाइल दबाकर बैठे हैं स्वास्थ्य मंत्री: सरयू राय

निविदा समिति के चयन के बाद वित्त एवं विधि विभाग ने दे दी है सहमति, दो महीने से फाइल मंत्री के पास, चयनित बीमा कंपनी को कार्यादेश देने की मांग

सुनील पांडेय। रांची/जमशेदपुर

विधायक सरयू राय ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता पर गंभीर आरोप लगाया है. उन्होंने शुक्रवार को एक बयान जारी कर कहा कि कहा कि राज्य सरकार के कर्मियों के कैशलेस इलाज की फाइल दो माह से स्वास्थ्य मंत्री दबाकर बैठे हैं. कहीं मंत्री चयनित बीमा कंपनी से निगोसिएशन तो नहीं कर रहे हैं? अगर ऐसा है तो यह राज्य एवं राज्यकर्मियों के हित में नहीं हैं. विधायक ने इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव को पत्र लिखकर कैशलेस इलाज की सुविधा देने के लिए निविदा से चयनित बीमा कंपनी को शीघ्र कार्यादेश देने की मांग की.

सरयू राय ने अपने बयान में कहा है कि निविदा में प्रीमियम की न्यूनतम दर वाली बीमा कंपनी को उसके चयन का पत्र दे दिया गया है, निविदा समिति ने उसके चयन की मंजूरी दे दी है, वित्त विभाग और विधि विभाग की सहमति इस पर मिल गई है. अब बीमा कंपनी को कार्यादेश जारी करने के बदले संचिका स्वास्थ्य मंत्री के पास दो महीने से पड़ी हुई है. उन्होंने सवाल उठाया है कि निविदा समिति के निर्णय के बाद संचिका मंत्री के पास जाने और लंबित रहने का कारण क्या हो सकता है. क्या मंत्री ने संचिका मांगी है. वित्त और विधि विभाग की स्वीकृति मिलने के बाद निविदा की संचिका मंत्री के पास लंबित रहने का क्या तुक है.

विधायक ने बताया कि इसके पहले भी 2023 में निविदा निकली थी. तीन सरकारी बीमा कंपनियों ने निविदा में भाग लिया था. एक तकनीकी दृष्टि से अयोग्य हो गई तो बाकी दो में जिसका दर न्यूनतम था उसे कार्यादेश देने के बदले निविदा ही रद्द कर दी गई. इस बार निविदा समिति, वित्त विभाग और विधि विभाग की सहमति के बावजूद बीमा कंपनी के चयन की संचिका स्वास्थ्य मंत्री के यहां लटकी हुई है. मंत्री कह रहे हैं कि तकनीकी अड़चनों को दूर किया जा रहा है.

सचिव समेत अन्य अधिकारी जिम्मेदारी से नहीं बच सकते

विधायक ने पूछा है कि निविदा समिति, विधि विभाग की स्वीकृति के बाद कौन सी ऐसी तकनीकी अड़चन है जिसे मंत्री दो महीना से दूर कर रहे हैं. यह अड़चन तकनीकी है या वित्तीय है इसका खुलासा होना चाहिए. मंत्री के स्तर पर न्यूनतम दर वाली कंपनी से निगोसिएशन होता है तो इसकी ज़िम्मेदारी से सचिव समेत अन्य अधिकारी नहीं बच सकते हैं. बीमा कंपनी यदि कोई अवैधानिक वार्ता में लगी है तो इसका प्रतिकूल प्रभाव न केवल कंपनी की साख पर पड़ेगा, बल्कि इससे राज्य सरकार के कर्मचारियों की चिकित्सा सुविधा की गुणवता भी प्रभावित होगी. राज्य सरकार को करोड़ों का हो रहा नुकसान अलग है. विधायक ने स्वास्थ्य सचिव से मंत्री के यहां से शीघ्र संचिका मंगाकर निविदा समिति के निर्णय को लागू कराने की मांग की.

बिजली अलर्ट

आज और कल 4 घंटे का पावर कट

रांची। दुर्गा पूजा में निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए रांची बिजली आपूर्ति सिस्टम का मेंटेनेंस किया जाएगा. इसके लिए हटिया ग्रिड का 132/33 और 33 केवी हाफ मेन बेस का मरम्मत कार्य होगा. 28 सितंबर को सुबह 11: 15 बजे से लेकर दोपहर 3.30 बजे तक 33 केवी राजभवन सब स्टेशन, हरमू सबस्टेशन, रातू सब स्टेशन, ब्रांबे, टाटीसिल्वे सब स्टेशन बंद रहेगा, जिससे संबंधित क्षेत्रों में करीब 3:30 घंटे बिजली नहीं रहेगी. वहीं 29 सितंबर को भी सुबह 11.15 बजे से लेकर दोपहर 3.30 बजे तक कांके, पुंदाग, धुर्वा, रातू, बेड़ो, अरगोड़ा, आरएंडडी सेल, हाईकोर्ट फीडर बंद रहेगा. इससे संबंधित क्षेत्र में साढ़े तीन घंटे बिजली नहीं रहेगी. वहीं 28 सितंबर को सुबह 11 से लेकर 4 बजे तक 33 केवी हटिया, तुपुदाना, हाजम फीडर बंद रहेगा. इसके कारण इससे संबंधित क्षेत्र में चार घंटे बिजली नहीं रहेगी.

ब्रीफ खबरें

परिवर्तन यात्रा का दो को मोदी करेंगे समापन

रांची। भाजपा की परिवर्तन यात्रा का समापन 2 अक्टूबर को हजारीबाग में पीएम नरेंद्र मोदी के संबोधन के साथ होगा. पीएम मोदी के दौरे को लेकर झारखंड भाजपा ने तैयारियां शुरू कर दी हैं. जानकारी के मुताबिक पीएम मोदी सुबह करीब 11 बजे रांची में आदिवासी समुदाय के साथ बड़ी बैठक करेंगे, जिसके बाद हजारीबाग के गांधी मैदान में आयोजित परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह में हिस्सा लेंगे. बता दें कि पीएम मोदी की यह यात्रा 17 दिनों के भीतर दूसरी बार है. इससे पहले पीएम मोदी 15 सितंबर को जमशेदपुर आए थे. अब दो अक्टूबर को आने वाले है. पीएम मोदी भाजपा की परिवर्तन यात्रा का समापन सभा में शिरकत करेंगे. परिवर्तन सभा 20 सितंबर को शुरू हुई थी.

ग्रामीण विकास सचिव से बोला हाईकोर्ट-गुमराह न करें

रांची। डीआरडीए कर्मियों की ओर से झारखंड सरकार के कर्मियों की तरह नियमित किए जाने को लेकर दाखिल अनिल कुमार एवं अन्य की अवमानना याचिका की सुनवाई शुक्रवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई. मामले में ग्रामीण विकास विभाग के सचिव कोर्ट में सशरीर हाजिर हुए. कोर्ट ने उन्हें जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए कहा कि वह बताएं कि प्रार्थी की कही गई बातें गलत है. प्रार्थी ने कहा है कि वह इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट नहीं गए हैं. कोर्ट ने मौखिक कहा कि यदि प्रार्थी या प्रतिवादी, राज्य सरकार द्वारा कोर्ट को गलत जानकारी दी जाएगी तो और उनके खिलाफ कड़ा आदेश पारित किया जाएगा. कोर्ट को गुमराह करने की कोशिश ना की जाए.

धनबाद के बस्ताकोला राजापुर में ओबी का पहाड़ धंसा

पूरा इलाका धुआं-धुआं

सुबह चार बजे हुई वारदात, जोरदार आवाज के साथ गिरी ओबी. दहशत में रजवार बस्ती में रहनेवाले



संवाददाता। झरिया

बीसीसीएल एरिया 9 के बस्ताकोला राजापुर आउटसोर्सिंग परियोजना में शुक्रवार की अहले सुबह लगभग 4 बजे यकायक ओबी डंप से भारी मात्रा में ओबी गिरने की घटना घटी. इस दौरान धूल का बवंडर आसमान में ऐसा उठा कि पूरे इलाके में गर्द-गुब्बार फैल गया. मोना ऐसा लगा कि धूल की आंधी चली हो. स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार घटना के वक्त काफी तेज आवाज भी हुई.

ओबी ढहने से कोयला फेस में लगे पंप, बिजली के खंभे व एक पुराना ट्रांसपोर्टिंग वाहन जलमग्न हो गए. उक्त कोयला फेस में पिछले दो महीने से कोयला उत्पादन बंद था, इस कारण जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है. पूर्व में डेको नामक कंपनी पेटी कॉन्ट्रैक्ट पर उत्पादन कर रही थी. घटना के बाद बीसीसीएल अधिकारियों में हड़कंप मच गया. वहीं घटनास्थल के बगल में रजवार बस्ती है, वहां के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है. गौरतलब है कि इस प्रोजेक्ट में तकनीकी कारणों से बीते दो महीने से कोयले का उत्पादन नहीं किया जा रहा था यहां पर डेको कंपनी कॉन्ट्रैक्ट पर कोयले का उत्पादन कर रही थी. घटना के बाद बीसीसीएल के अधिकारियों में हड़कंप मच गया. घटना की सूचना मिलने पर बस्ताकोला के जीएम अनिल कुमार सिन्हा, एजीएम टी पासवान समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया. क्षेत्र में राहत और बचाव कार्य चल रहा है.

प्रथम दृष्टया ये पता चला है कि खदान में भूमिगत पानी का दबाव बढ़ गया था. हाल के दिनों में हुई बारिश से इन भूमिगत सुरंगों पर पानी का दबाव और बढ़ गया था, कमजोर सुरंगें इस दबाव को सहन नहीं कर सकीं और वे टूट गईं जिससे भूस्खलन हुआ. बीसीसीएल की तकनीकी टीम घटना की वजह का पता लगाने में जुटी हुई है.

दो-तीन लोगों को लगी है चोट

रजवार बस्ती के लोगों ने नाम ना बताने की शर्त पर बताया कि हादसे में 2- 3 कर्मी घायल हुए हैं. उन्होंने बताया कि घटना अहले सुबह लगभग 4 से 5 बजे के बीच की है, जहां तेज आवाज के साथ ओबी का मलवा स्लाइड कर गया. इस दौरान पानी निकाल रहे है पंप ऑपरेटर समेत दो से तीन लोग मलवे की चपेट में आकर घायल हुए हैं.

जानलेवा हो चुके हैं ओबी के पहाड़

आउट सोर्सिंग कंपनियों द्वारा उत्पादन के बाद जमा किए जाने वाले ओवर बर्डन कई-कई इलाकों में पहाड़ का रूप ले चुका है. ये ओबी कभी भी जानमाल की भारी क्षति पहुंचा सकते हैं. ओबी के यह पहाड़ कई इलाकों में आबादी के आसपास बनाए गए हैं. ऐसे इलाकों में ओबी के पहाड़ बारिश के बाद खतरनाक रूप से ले रहे हैं.

दुर्गा पूजा को लेकर राज्यस्तरीय बैठक, दिए दिशा-निर्देश

समय से करें हर इंतजाम:मुख्य सचिव

संवाददाता। रांची

मुख्य सचिव ने शुक्रवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए बैठक की.

मुख्य सचिव एल खियांग्ते ने शुक्रवार को सभी प्रमंडल आयुक्तों, जिलों के उपायुक्तों एवं एसपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक की. मुख्य सचिव ने सभी को आगामी दुर्गा पूजा त्यौहार को आपसी भाईचारे एवं सद्भावना पूर्ण माहौल में मनाने के लिए जरूरी कई दिशा-निर्देश दिए. कहा कि दुर्गा पूजा का त्यौहार समन्वय एवं भाईचारे के साथ पूरा हो, सभी तैयारियां करें.

उन्होंने सभी डीसी-एसपी से कहा कि शांति समिति की बैठक थाना स्तर पर ली जाए ताकि शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार संपन्न कराने में प्रबुद्ध जनों का सहयोग मिल सके. सभी जिलों के कंट्रोल रूम को 24 घंटे सक्रिय रखें. पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों एवं पुलिस की प्रतिनियुक्ति करें, ताकि किसी भी स्थिति से निपटने में त्वरित कार्रवाई की जा सके.

खियांग्ते ने सभी पूजा पंडालों में पूजा समितियां से सीसीटीवी लगाने व्यवस्था का निर्देश दिया, ताकि कड़ी निगरानी रखी जा सके. उन्होंने सभी डीसी-एसपी को सभी पूजा पंडालों व का फिजिकल वेरिफिकेशन करने का निर्देश दिया. साथ ही उन्होंने सभी पूजा पंडालों में पर्याप्त संख्या में फायर टेंडर उपयुक्त स्थान पर उपलब्ध रखने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि इसे प्रयोग करने के लिए अग्निशमन विभाग के सहयोग से कर्मियों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करें ताकि आवश्यकता पड़ने पर इनका उपयोग किया जा सके.

मुख्य सचिव ने सभी उपायुक्त एवं पुलिस कप्तानों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी पूजा पंडालों में पर्याप्त संख्या में वॉलिंटियर्स तैनात रहें, इसे पूजा समिति के आयोजकों के सहयोग से सुनिश्चित करें. उन्होंने कहा कि सभी वॉलिंटियर्स उनके कार्य दायित्व के अनुसार कलर कोडिंग का प्रयोग करते हुए टी-शर्ट एवं कैप मुहैया कराएं ताकि उनकी स्पष्ट पहचान सुनिश्चित हो सके. ट्रैफिक व्यवस्था के संबंध में मुख्य सचिव ने सभी जिलों के उपायुक्तों एवं पुलिस कप्तानों को निर्देश दिया कहा कि आगामी त्यौहार को सभी श्रद्धालुओं के लिए सुगम बनाने के लिए ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह से चुस्त एवं दुरुस्त रखें. कम्युनिकेशन प्लान भी बेहतर बनाएं ताकि किसी भी तरह की आकस्मिकता से निपटा जा सके. मुख्य सचिव ने सभी जिलों के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि मूर्ति विसर्जन किये जाने के दौरान अधिक गहराई वाले तालाबों एवं नदियों में साईनेज लगाकर सावधान करें ताकि कोई भी अप्रिय घटना न हो. बैठक के दौरान डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध रखने का आदेश दिया गया.

झारखंड प्रदेश कांग्रेस चुनाव अभियान समिति की बैठक

विकास के एजेंडे को हर व्यक्ति तक पहुंचाना होगा : कमलेश

विशेष संवाददाता। रांची

प्रदेश कांग्रेस चुनाव अभियान समिति की बैठक में शामिल नेता.

प्रदेश कांग्रेस चुनाव अभियान समिति की बैठक शुक्रवार को समिति के अध्यक्ष पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की अध्यक्षता में संपन्न हुई.

इसमें प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से हमें अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना है, ताकि हम उनके आर्थिक, सामाजिक विकास हेतु लक्ष्य तय कर सकें, हमें अपने विकास के एजेंडे और कार्यक्रमों को हर व्यक्ति तक पहुंचाना होगा, ताकि विकास में सहभागिता हो सके. जनता की समस्याओं को जड़ से जानना और उसके निराकरण का रास्ता हमें इस अभियान से प्राप्त कर उस पर अमल करना है. पार्टी प्रवक्ता सोनाल शांति ने जानकारी देते हुए बताया कि दो अक्टूबर को राष्ट्रपिता एवं पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर कांग्रेस का चुनावी अभियान पूरे राज्य में प्रारंभ किया जाएगा.

जनता को सावधान करने की जरूरत : डॉ रामेश्वर

डॉ. रामेश्वर उरांव ने कहा कि झारखंड में एक अलग तरह का माहौल बनाने का प्रयास किया जा रहा है. अभियान का आधार जनता को विघटनकारी शक्तियों से सावधान करना होना चाहिए. राज्य की अस्मिता के सवाल पर ये चुनाव लड़ा जाएगा. झारखंडी मान-सम्मान की रक्षा कांग्रेस के अभियान का आधार होगा. पंचायत से लेकर शहरी क्षेत्र तक चुनावी धार को मजबूत रखना है, ताकि जनता के बीच घृणा फैलाने वाली ताकतें सावधान रहें.

जनता को जागरूक करना ही हमारा हमारा मकसद : सहाय

सुबोधकांत सहाय ने कहा कि अभियान में बापू के ग्राम स्वराज की अवधारणा को मजबूत करने की दिशा में कदम उठाना है. संविधान पर लगातार हमले हो रहे हैं, सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश की जा रही, अल्पसंख्यकों, दलितों, आदिवासियों की अस्मिता को विरोधी दल खतरे में डाल रहे हैं. उनके अधिकारों के हनन का प्रयास हो रहा. ऐसे तत्वों से सावधान रहने और जनता को जागरूक करना हमारा मकसद होगा.

लातेहार के चर्चित घोटाला मामले में अदालत ने सुनाया फैसला

बीडीओ व एनजीओ नेता को तीन तीन साल की जेल, जुर्माना भी

संवाददाता। लातेहार

अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शशि भूषण शर्मा की अदालत ने जेट्रोफा प्लांटेशन घोटाला कांड के आरोपियों में धनबाद के एनजीओ झारखंड विकास मोर्चा के अध्यक्ष राकेश तिवारी और तत्कालीन मनिका बीडीओ साधना जयपुरियार को सरकारी राशि के गबन का दोषी पाया है.

कोर्ट ने जी आर केस संख्या 615/ 10 (मनिका थाना कांड संख्या 75/10) में दोनों पर दोष सही पाया. मालूम हो वर्ष 2010 में तत्कालीन डीसी राहुल पुरवार ने मनिका में 500 एकड़ भूमि पर जेट्रोफा प्लांटेशन में घोटाला पकड़ा था. डीसी के आदेश पर तत्कालीन डीडीसी सीपी बाखला ने मनिका थाने में कांड दर्ज कराया था. अभियोजन पदाधिकारी अशोक दास ने खोजबीन के उपरांत सूचक बाखला समेत तत्कालीन अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार पाठक, तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रताप टोप्पो, कैलाश साहू एवं तत्कालीन जिला कृषि पदाधिकारी उमेश प्रसाद की गवाही अदालत में दर्ज कराया था.

उपायुक्त के आदेश के बाद जांच दल गठित किया गया था. जांच दल में डीडीसी बाखला के अलावे तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी कैलाश प्रसाद साहू ,जिला कृषि पदाधिकारी उमेश प्रसाद एवं अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार पाठक मामले की जांच के लिए प्रतिनियुक्त किए गए थे. जांच के बाद अनुसंधानकर्ता ने अदालत में आरोप पत्र पेश किया था. इसके आलोक में अदालत के द्वारा चार जुलाई 2013 को आरोपी तत्कालीन बीडीओ साधना जयपुरियार एवं एनजीओ झारखंड विकास मोर्चा धनबाद के अध्यक्ष राकेश तिवारी के विरुद्ध गबन का संज्ञान लिया था. दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने दोनों आरोपियों को भादवि की धारा 409 /120 बी के तहत तीन-तीन वर्षों का कठोर कारावास एवं ढाई- ढाई लाख रुपए के जुर्माना की सजा सुनाई है. जुर्माना नहीं देने की स्थिति में नौ माह का अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा मुकर्रर किया है. मालूम हो वर्ष 2010 में हुए कई सरकारी घोटाले के मामलों में यह सर्वाधिक चर्चित मामला में गिना जाता रहा है.

विडंबना शिक्षा विभाग के उदासीन रवैये के कारण स्कूली बच्चों को नहीं मिल रहा प्रोटीनयुक्त भोजन

स्कूलों में एमडीएम की थाली से फल और अंडा गायब

अभिजीत शुक्ला। चतरा

जिले के सुदूरवर्ती विद्यालयों में दम तोड़ रही मिडे-डे-मील योजना

बता दें कि राज्य के सभी सरकारी प्राथमिक तथा मध्य विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को प्रोटीन युक्त मध्याह्न भोजन दिए जाने की योजना है. इसको चलाए जाने के पीछे सरकार का मूल उद्देश्य है कि सभी सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में अध्यनरत कक्षा एक से लेकर आठ तक के बच्चों को प्रतिदिन गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराकर उन्हें कुपोषण से मुक्त रखना, गरीब बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने में सहायता करना, छात्रों के स्कूल में ही रहने की संभावना को बढ़ाना, छात्रों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रोत्साहित करना, स्कूल ड्रॉप आउट को रोकना तथा छात्रों के पोषण संबंधी स्थिति में वृद्धि तथा उनके सीखने के स्तर को विकसित करना. लेकिन दुर्भाग्य है कि जिले के सुदूरवर्ती विद्यालयों में मिडे-डे-मील योजना दम तोड़ रही है.

वनाच्छादित व सुदूरवर्ती क्षेत्रों के अधिकांश स्कूलों में बच्चों को एमडीएम में दाल-भात और कभी-कभी सब्जी तो मिल रहा है, लेकिन उसके साथ सप्ताह में दो दिन मिलने वाला फल तथा अंडा थाली से गायब है. सदर प्रखंड सहित लगभग सभी प्रखंडों के सुदूरवर्ती क्षेत्र के सैकड़ों स्कूलों में फल और उबला अंडा देने के नाम पर शिक्षा विभाग के पदाधिकारी से लेकर विद्यालय के सचिव तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अपने मूल कर्तव्यों से हटकर सरकारी राशि डकारने में लगे हुए हैं. जैसे-तैसे स्कूलों में मध्याह्न भोजन बच्चों को परोसा जा रहा है. सिर्फ दाल-भात और कभी कभी सब्जी देकर अपने दायित्वों की खानापूर्ति कर ली जाती है. छात्रों को इस भोजन से पेट तो भर रहा है, लेकिन उन्हें प्रोटीन नहीं मिल पा रहा है.

बच्चों की तंदुरुस्ती और उनके फिटनेस के लिए फिक्रमंद सरकार ने उनको सेहतमंद बनाने के लिए फल और उबला हुआ अंडा देने की शुरुआत की थी, लेकिन मध्याह्न भोजन की थाली की सेहत शिक्षा विभाग के उदासीन रवैये तथा विद्यालय के अध्यक्ष व सचिव के मनमाना रवैया के कारण नहीं सुधर सकी है. सरकारी स्कूलों में शिक्षा के साथ-साथ मध्याह्न भोजन की दिशा में सरकार के लाख सुधार के प्रयास के बावजूद जिले में संबंधित अधिकारी, शिक्षक तथा विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बच्चों को निवाला दीमक की तरह चाटने में लगे हुए हैं.

100 से अधिक पुलिसकर्मी रहेंगे तैनात, 40 सीसीटीवी से होगी पूजा स्थल और मेले की निगरानी

पच्चीस लाख की लागत से बरकाकाना नया नगर में होगी दुर्गा पूजा

दुर्वेज आलम। रामगढ़

नयानगर बरकाकाना में दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन की तैयारी चल रही है. नया नगर बरकाकाना पूजा कमेटी मां दुर्गा की पूजा और श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था देने के लिए तत्परता से जुटी है. सीसीएल द्वारा आयोजित दुर्गा पूजा को हर वर्ष भव्य तरीके से मनाया जाता है. इसको लेकर गुरुवार को नया नगर बरकाकाना पूजा समिति ने प्रेस कांफ्रेंस की. जिसमें प्रवीण कुमार, समिति अध्यक्ष सह महाप्रबंधक केंद्रीय कर्मशाला बरकाकाना, निखिल कुमार, समिति सचिव, संबित कुमार, सह सचिव, अमरनाथ मिश्रा, कोषाध्यक्ष, सहित संतोष यादव मौजूद थे. बताया गया कि 5 लाख 51 हजार रुपये की लागत से इस बार अहमदाबाद की अक्षरधाम मंदिर प्रारूप में पूजा पंडाल बन रहा है, जबकि रावण के पुतले की ऊंचाई 65 फीट होगी. इसकी लागत 61 हजार रुपये होगी. वहीं मूर्ति पर 2 लाख 1 हजार 101 रुपये खर्च किए जा रहे हैं. पूजा स्थल और मेले की निगरानी के लिए 40 सीसीटीवी कैमरे और 2 ड्रोन कैमरे मेला क्षेत्र में लगाये जा रहे हैं.

फिश टनल एक्वेरियम होगा आकर्षण का केंद्र : 4 लाख रुपये की लागत से मेले की सुंदरता को चार चांद लगाने के लिए दुधिया लाइट से विद्युत सज्जा की जा रही है. साउंड सिस्टम के लिए 22,950 रुपये खर्च किये जायेंगे. मेला में मेला बाजार और छोटे बड़े कुल तीस झूले संचालित होंगे, जिसमें मुख्य रूप से ड्रेगन, बड़ा झूला, टावर झूला, ब्रेक डांस, मारुति सर्कस, तोरा तोरा, नेवेरी, फिलिशपी लोगों का आकर्षण का केंद्र रहेगा. मेले में फिश टनल एक्वेरियम आकर्षण का केंद्र होगा. पूजा समिति द्वारा बताया गया कि झूला का शुल्क 30 - 50 रुपये निर्धारित की गई है. श्रद्धालुओं की सहायता के लिए पुलिस सहायता केंद्र और सूचना पट लगाए जाएंगे. मेला परिसर और पूजा स्थल पर एक-एक वॉच टावर लगाए जाएंगे जिसमें चार-चार सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे. इसके अलावे बताया गया कि पूजा की सुरक्षा के लिए 100 पुलिस कर्मियों की मांग की गई है. इसके अलावे दर्जनों सीसीएल सुरक्षा कर्मी भी तैनात रहेंगे.

दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक, थाना प्रभारी ने कहा-

असामाजिक तत्वों पर रहेगी पैनी नजर

संवाददाता। चतरा/कुंदा

थाना परिसर में शुक्रवार को दुर्गा पूजा को लेकर सीओ शम्भु राम की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. संचालन थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने किया.

सीओ शंभु राम ने कहा कि दुर्गा पूजा न केवल धार्मिक उत्सव है, बल्कि यह समाज में एकता और भाईचारे का प्रतीक भी है. बीडीओ विवेक कुमार ने कहा कि सभी मिलकर यह सुनिश्चित करें कि इस पर्व का आयोजन धूमधाम से हो और शांतिपूर्ण हो. दुर्गा पूजा के दौरान खलल डालने वाले किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों को रोका जा सके. इस दौरान थाना प्रभारी ने सभी पूजा समितियों से अपील की है कि वे सुरक्षा के सभी मानकों का पालन करें और स्थानीय पुलिस से समन्वय बनाए रखें. उन्होंने आगे कहा कि पूजा के दौरान पुलिस असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखेगी. असामाजिक तत्व के वैसे लोग जो भी पूजा के दौरान गलत नियत या मंसूबा पाले हुए हैं वे समय रहते इसका त्याग कर दें. उनके गलत मंसूबों को कुचलना के लिए पुलिस सक्षम है. इस दौरान कुंदा थाना क्षेत्र दुर्गा पूजा समिति ने शांति समिति की आयोजित बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है कि पूजा के दौरान पूजा पंडाल के आसपास किसी भी तरह का मांस-मछली की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी. पूजा समिति के लोगों ने कहा है यह निर्णय समाज में शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है, ताकि इस पवित्र अवसर पर सभी लोग शांति, श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा कर सके.

ब्रीफ खबरें

मंदिर परिसर में की गई साफ-सफाई

रामगढ़। प्स्वच्छता ही सेवा है अभियान को लेकर रजरप्पा स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर परिसर में सुलभ इंटरनेशनल द्वारा स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुलभ इंटरनेशनल के उप नियंत्रक शेषनारायण झा, रामानंद राम, शैलेंद्र सिंह, मंदिर न्यास समिति के सचिव सुभाशीष पंडा मौजूद थे. मंदिर परिसर में गंदगी को साफ किया गया. मौके सुलभ इंटरनेशनल के प्रभारी रौशन कुमार, राजेश्वर तिवारी, पांडव कुमार झा, वरिष्ठ पुजारी सुबोध पंडा, पप्पू पंडा आदि मौजूद रहे.

छात्र-छात्राओं के बीच 510 छातों का वितरण

हजारीबाग। केरेडारी एनएमएल (एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड) की चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय, पगार में 510 छातों का वितरण किया. इस मौके पर वरिष्ठ प्रबंधक श्री बी नवीन कुमार ने कहा कि हमारी कंपनी हमेशा से समाज की भलाई के लिए समर्पित रही है. इस पहल के माध्यम से हम न केवल शिक्षा के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभा रहे हैं, बल्कि विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी लाने का भी प्रयास कर रहे हैं. हमें गर्व है कि हम ऐसी गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं.

बीएसएफ कैंप में भगत वाटिका का प्रारंभ

हजारीबाग। हजारीबाग के बीएसएफ कैंप मेरु परिसर के शारीरिक प्रशिक्षण संकाय क्षेत्र में लगभग 1000 फलदार पौधे लगाकर शहीद गणेश भगत वाटिका का प्रारंभ किया गया. अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों, जवानों एवं प्रशिक्षुओं ने इसमें बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया. कार्यक्रम में मुख्य रूप ये महानिरीक्षक केएस बन्याल, वरिष्ठ अधिकारी राजेश कुमार, उप महानिरीक्षक राकेश रंजन लाल, उप महानिरीक्षक डीके प्रमाणिक, उप महानिरीक्षक गणेश कुमार (समादेष्टा) आदि शामिल रहे.

सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

रामगढ़। रजरप्पा स्थित केशरी कुंज परिसर में शुक्रवार को आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विधायक सुनीता चौधरी व विशिष्ट अतिथि पार्षद धनेश्वर महतो, गोला पार्षद सरस्वती देवी, आजसू के केंद्रीय सचिव अमृतलाल मुंडा, इंतेखाब आलम, जिला कोषाध्यक्ष किशुन मुंडा की ओर से गोला प्रखंड के 250 पहान, गोड़ाईत, मांझी हड़ाम, जोगवा, प्राणिक, नायके व कुडामनायके को प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया.

प्रदेश की हेमंत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के लाभ से कई महिलाएं वंचित

मंईयां सम्मान: कहीं खुशी कहीं गम

संवाददाता। हजारीबाग

जिले में प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मंईयां योजना को लेकर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं. जिन महिलाओं के खाते में पैसे आ रहे हैं वे खुश हैं, तो जो इस लाभ से अब तक वंचित हैं वे कुछ सरकार से नाराज हैं. बता दें कि उक्त योजना के तहत महिला को प्रत्येक महीना 1000 रुपये दिए जा रहे हैं. इसकी पहली किस्त रक्षाबंधन के अवसर पर जारी की गई थी.

योजना के तहत सरकार ने जरूरी कागजात एवं बैंक अकाउंट पूर्व निर्धारित जगह पर ऑनलाइन करने की बात कही थी. इसके बाद महिलाओं ने घर का सारा कामकाज छोड़कर दिन दिन भर कागजात को ऑनलाइन कराने के लिए हफ्ते दिन तक घूमते रहे. काफी मशक्कत के बाद उनके कागजात ऑनलाइन हुए, जिसकी रसीद भी मिली. कई महिलाओं के खाते में रक्षाबंधन पर पहली किस्त और सितंबर में दूसरी किस्त के रूप में एक-एक हजार आये, लेकिन सैकड़ों महिलाओं के खाते में एक भी पैसा नहीं आया. इसको लेकर कुछ महिलाएं काफी नाराज दिख रही हैं. वहीं जिन महिलाओं के खाते में दो बार एक-एक हजार रुपये आ चुके हैं वं काफी खुश दिख रही हैं. वहीं कुछ महिलाएं ऐसी भी हैं जो योजना की पहली किस्त मिलने के बाद दूसरी किस्त के लिए बैंक का चक्कर काट रही हैं.

इस संबंध में हजारीबाग शहर के गड़ी खाना की लगभग एक दर्जन महिलाएं पुष्पा देवी, श्यामा देवी, अर्चना देवी, ममता देवी, अनीता देवी, सीमा देवी, नीतू देवी, पिंकी देवी, उषा देवी, मुन्नी देवी, गंगा कुमारी, कमला वाल्मीकि ने शुक्रवार को शुभम संदेश कार्यालय पहुंचकर अपनी परेशानी साझा की. महिलाओं ने कहा कि हम गरीब परिवार के लोग हैं. जैसे-तैसे रहते हैं झाड़ू पोछा कर अपना और अपने बच्चों का जीवन गुजार रहे हैं. मंईया सम्मान योजना का पैसा रक्षाबंधन पर भी खाते में नहीं आया है, जबकि हम लोगों ने सारे दस्तावेज जमा ऑनलाइन कराए हैं. ऐसे में हमें समझ नहीं आ रहा क्या करें. दुर्गा पूजा नजदीक है और उक्त योजना की एक किस्त भी हमारे बैंक खाते में नहीं आई है. हिंदी दैनिक शुभम संदेश पर हम लोगों को विश्वास है कि वह हमारी बातों को सरकार तक जरूर पहुंचाने में मदद करेगा. महिलाओं ने यह भी बताया कि आखिर हमारे कागजात में क्या कमी थी कि हमें योजना का लाभ नहीं मिल रहा है. इसकी हमें कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है. अगर कागजात अधूरे हैं तो हमें उसकी जानकारी मिल जाए तो हम उस कागजात को पूरा करेंगे, लेकिन न तो पैसा आ रहा है और न कोई अधिकारी पैसा नहीं मिलने का कारण बता रहा है.

बार-बार पूछने से बैंक वाले भी हो रहे नाराज : इस संबंध में गड़ी खान निवासी कमला देवी ने बताया कि पिछले दो महीने से बैंक का चक्कर काट रहे हैं, और पूछे जाने पर अब बैंक वाले भी नाराज हो रहे हैं. वे कहते हैं कि तुम्हारे खाते में पैसा नहीं आया है. संबंधित अधिकारी से जानकारी लो. ऐसे में न मोबाइल पर मैसेज आ रहा है और ने खाते में पैसा आ रहा है. अगर हम जरूरतमंद महिलाओं को सरकार पैसा दे रही थी तो सभी के साथ एक भाव करना चाहिए था. हमने पूरे कागजात ऑनलाइन कराए हैं. इसके बावजूद पैसा नहीं आ रहा है.

आवेदकों ने शुभम संदेश कार्यालय पहुंचकर अपनी परेशानी साझा की

न पैसा आ रहा और न कारण बताया जा रहा

इस संबंध में अनीता देवी ने बताया कि किसी के घर में पांच परिवार हैं तो पांचों को हजार-हजार रुपये सरकार दे रही है और किसी के घर में एक परिवार है तो उसके खाते में न तो पैसा आ रहा है और न ही कारण बताया जा रहा है. ऐसे में हम जरूरतमंद लोगों को पैसा नहीं मिल रहा है और जानकार लोगों के खाते में पैसा जा रहा है. इससे हम लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है.

सुखी संपन्न महिलाओं को लगतार मिल रही है किस्त

इस संबंध में पुष्पा देवी ने बताया कि सुखी संपन्न और शिक्षित परिवार की महिलाओं के खाते में उक्त योजना की किस्त आ रही है. हम महिलाएं पढ़ी-लिखी नहीं हैं, जिसके कारण कागजात चेक नहीं किए और ऑनलाइन करने के बाद जो रसीद मिली है उसी को देख देख कर समय बिता रहे हैं. हम अब भी उम्मीद कर हैं कि हमारे खाते में पैसा आएगा और हम अपने बच्चों को पूजा में मिठाई और कपड़ा दे पाएंगे.

गरीब-अनपढ़ महिलाओं के साथ हो रहा है धोखा

इस संबंध में अर्चना कुमारी ने बताया कि हम गरीब और अनपढ़ महिलाओं के साथ सरकार धोखाधड़ी कर रही है, जबकि जिस जगह से पांच परिवार वाले ऑनलाइन करवाए थे उसी जगह से हमने भी कागजात ऑनलाइन कराए थे. कागजात पूरे थे जिसकी रसीद भी दी गई है, लेकिन हम लोगों के खाते में एक बार भी पैसा नहीं आया, जबकि अन्य महिलाओं के खाते में दो बार पैसा आ चुका है.

न्यूज अपडेट

बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति की बैठक संपन्न

हजारीबाग। बड़ा बाजार दुर्गा पूजा महासमिति की बैठक मल्लाह टोली स्थित धर्मशाला प्रांगण में गुरुवार को हुई. इसकी अध्यक्षता महा समिति के युवा अध्यक्ष अविनाश निषाद ने की. बैठक में बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाज सेवी श्रद्धानंद सिंह उपस्थित हुए. महासमिति के नवनियुक्त संरक्षक गणेश गोप को युवा साथियों ने अभिनंदन किया. मंच का संचालन उपाध्यक्ष पवन रावत खंडेलवाल ने किया. अध्यक्ष प्रमोद यादव ने बताया कि वर्तमान में 800 सदस्य महासमिति से जुड़कर कार्य कर रहे हैं. मौक पर सचिव दीप नारायण निषाद, ओम प्रकाश गुप्ता, दिलीप जायसवाल, प्रदीप जैन, निशिकांत सिन्हा, बालगोविंद निषाद, शिवदीप सिंह, गुड्डन सोनकर, प्रकाश सिंह, पवन रावत खंडेलवाल, सुधीर यादव आदि मौजूद रहे.

मूसलाधार बारिश व तेज हवा से जनजीवन अस्त-व्यस्त

कुंदा (चतरा)। प्रखंड क्षेत्र में दो दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश तथा तेज हवा के झोंकों से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. कई कच्चा घर क्षतिग्रस्त हो गये. वहीं सब्जी की फसल को भारी नुकसान हुआ है. पंचायत के शाहपुर निवासी सुनीता कुमारी पति गौतम कुमार का खपरैल मकान गिर गया. इस बारिश से साग-सब्जी की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है. कई गांव तक जाने के लिए बीच में पड़ने वाली नदी में बाढ़ से गांवों का संपर्क प्रखंड मुख्यालय से पूरी तरह कट गया है.

गरीब स्वाभिमान रैली में शामिल हुए बड़ी संख्या में लोग

चतरा (पत्थलगड़ा)। चतरा में आयोजित अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति के बैनर तले आयोजित जिला स्तरीय गरीब स्वाभिमान रैली एवं जनसभा में प्रखंड के विभिन्न गांवों से भुइयां समाज के सैकड़ों लोग शामिल हुए. सेवानिवृत्त शिक्षक चमरी राम भुइयां के नेतृत्व में एक दर्जन से अधिक बड़े छोटे वाहनों से भुइयां समाज के सैकड़ों महिला पुरुष जनसभा में भाग लेने के लिए चतरा पहुंचे. रैली को सफल बनाने में बिनोद राम, मनोज भुइयां, गुड़न भुइयां, रमेश भुइयां, किशन भुइयां, उपेन्द्र भुइयां, बिशुन भुइयां, बिनोद भुइयां आदि ने अहम भूमिका निभाई.

डीएमएफटी से चतरा जिले को मिले 1521.62 करोड़

चतरा। चतरा जिले में डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) के तहत वर्ष 2015 से अब तक 1521.62 करोड़ रुपये रॉयल्टी मिले हैं. चतरा जिले में फिलहाल 1065.52 करोड़ रुपये डीएमएफटी का उपलब्ध है. अब तक 456.1 करोड़ रुपये जिले में खर्च हो चुके हैं. जिला खनन पदाधिकारी मनोज टोप्पो ने बताया कि वर्ष 2023 अगस्त तक खनिजों से 257.04 करोड़ रुपये राजस्व की वसूली हुई थी, जबकि वर्ष 2024 अगस्त तक 286.40 करोड़ रुपये की राजस्व वसूली हुई है. कोयला से 272 करोड़ 40 हजार, पत्थर से 8 करोड़ 80 लाख 11 हजार, ईंट से 1 लाख 8 हजार, बालू से 2 लाख 13 हजार, ग्रामीण कार्य विभाग से 2 करोड़ 77 लाख 41 हजार, जुर्माना राशि से 26 लाख 41हजार तथा अन्य श्रोत से, 60 लाख 4 हजार के अलावा प्रबंधन शुल्क की राशि 1 करोड़ 93 लाख 11 हजार रुपये वसूल की गयी है.

रामगढ़ कॉलेज की समस्याओं पर की गई चर्चा

रामगढ़। रामगढ़ महाविद्यालय परिसर में रामगढ़ कॉलेज बचाओ समिति के तत्वाधान में बैठक हुई. इसकी अध्यक्षता शशि करमाली ने की. बैठक में रामगढ़ कॉलेज की विभिन्न समस्याओं को लेकर विचार विमर्श किया गया. मुख्य रूप से कॉलेज की जमीन की चहारदीवारी एवं मापी, मुख्य द्वार का निर्माण एवं कॉलेज कैंपस में असामाजिक तत्वों को रोकने को लेकर चर्चा की गई. बैठक में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व प्रदेश संयोजक राजेश ठाकुर ने बताया कि इन सभी विषयों को लेकर रामगढ़ कॉलेज बचाव समिति बैनर तले पूर्व में जिला प्रशासन, कॉलेज प्रशासन को लिखित शिकायत एवं मांग की गई थी. साथ ही आंदोलन भी किया गया था, लेकिन लंबा समय बीत जाने के बाद भी ना तो कॉलेज प्रशासन और न ही जिला प्रशासन द्वारा इन सभी विषयों को गंभीरता से नहीं लिया गया.

बैठक में शामिल होगी ग्राहक पंचायत की जिला समिति

हजारीबाग। रांची के राणी सती मंदिर में आयोजित अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत समिति की बैठक में भाग लेने के लिए शनिवार सुबह जिला की टीम जिलाध्यक्ष गौरव सहाय के नेतृत्व में रांची रवाना होगी. अधिवक्ता सह जिला सचिव बब्लु कुमार ने बताया कि दो दिवसीय बैठक में ग्राहक पंचायत के राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनकर शामिल हो रहे हैं. इनमें जिला उपाध्यक्ष शीला सिंह, प्रेम प्रसाद राणा, प्रचार प्रमुख दयानंद गुप्ता, विधि प्रमुख शत्रुघ्न पांडेय, जिला समिति के संतोष यादव, कटकमसाडी प्रमुख भोला राणा, नगर प्रमुख रविकांत पांडेय, सदर प्रखंड प्रमुख योगेश कुमार साव, इचाक प्रमुख सौरभ कुमार मेहता, पदमा से पुरुषोत्तम पांडेय, केरेडारी से सुजीत भारती के अलावा प्रांत उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता और प्रांत के सह सचिव अरविंद राणा शामिल हैं. चतरा से महेश रविदास, डा. जगदीश शर्मा, गोपेद्र कुमार यादव, अरविंद साह, अधिवक्ता नवीन पांडेय व विकास कुमार जोरी, संजीत गुप्ता टंडवा से बैठक में शामिल होंगे.

पहले सुविधा दे फिर टैक्स ले नगर निगम : डॉ. मेहता

हजारीबाग। कांग्रेस नेता डॉ आरसी मेहता ने नगर पालिका क्षेत्र के कोरा एवं हुरहुडु नगर निगम क्षेत्र में जनसंपर्क किया. वार्ड 35 की नुक्कड़ सभा में डॉ मेहता ने कहा कि वार्ड नंबर 23 सहित नगर निगम क्षेत्र में गांव से कम सुविधा है. नगर निगम लोगों से टैक्स वसूल रहा है, लेकिन सुविधाएं नहीं दे रहा है. मैं नगर निगम और सरकार से मांग करता हूं कि यहां पहले सुविधा दे उसके बाद टैक्स ले. डॉ मेहता ने कहा कि हजारीबाग जिले के सर्वांगीण विकास के लिए मैं आजीवन तत्पर हूं. 2019 के विधानसभा में उपविजेता बनने के बाद मैं मैदान नहीं छोड़ा. पांच वर्षों से जनता के बीच रहा हूं और अनेक सफल आंदोलन किया हूं. पुणः टिकट मिलता है तो दमखम से चुनाव लड़ूंगा और हजारीबाग की जनता जीतेगी. इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता एडवोकेट संजय दास, सिंघानी मुखिया नारायण कुशवाहा आदि मौजूद रहे.

बनने के एक वर्ष के अंदर ही सड़क गड्ढे में हो रही तब्दील

- भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा करमा चौक से सदाफर नदी तक बना कालीकरण रोड

संवाददाता। मयूरहंड (चतरा)

भ्रष्टाचार का आलम यह है कि चतरा जिले मयूरहंड प्रखंड के करमा चौक से सदाफर नदी तक बनी सड़क एक वर्ष के अंदर ही गड्ढे में तब्दील होनी शुरू हो गई है. इससे आवागमन करने में आम अवाम परेशान हो रही है.

ज्ञात हो करमा चौक से सदाफर नदी तक जर्जर सड़क बनाने को लेकर प्रखंड के लोगों ने वर्षों से संबंधित विभाग एवं जिम्मेदार जनप्रतिनिधि से मांग करने के साथ आमरण अनशन तक किया था. इसके बाद विभाग द्वारा सड़क मरम्मती का आवेदन आमंत्रित वर्ष 2022/23 में किया गया. 33 प्रतिशत लेस पर टेंडर संवेदक को दे दिया गया. संवेदक ने विभाग की मिलीभगत से जैसे-तैसे सड़क का निर्माण कार्य कर दिया. ऐसे में पहली बरसात में ही सड़क की गुणवत्ता की पोल खुले लगी और जहां-तहां कालीकरण सड़क जमींदोज होना शुरू हो गया. सड़क निर्माण कार्य आरइओ विभाग की देखरेख में संपन्न कराया गया है.

विधायक की अगुवाई में वार्ड सदस्य संघ ने मंत्री को सौंपा मांगों को ज्ञापन

हजारीबाग। बरही विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला यादव की अगुवाई में वार्ड सदस्य संघ ने ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफ़ान अंसारी से शुक्रवार को उनके चैंबर में मुलाकात कर उन्हें छह सूत्री मांग पत्र सौंपा. इसमें 15वें वित्त एवं मनरेगा योजना के मास्टर रोल एवं (डिमांड) पेपर में वार्ड सदस्यों के हस्ताक्षर, वार्ड सदस्यों के मानदेय में वृद्धि कर 10,000 रुपये करने, गरीब वार्ड सदस्यों को भी अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास एवं अंबेडकर आवास का लाभ देने, सभी प्रकार के आवास के संबंध में वार्ड सदस्यों को पूर्ण रूपेन पंचायत द्वारा जानकारी एवं सभी तरह का भागीदारी सुनिश्चित करने, पांच साल के कार्यकाल के अंदर दुर्घटना से घायल या मृत्यु होने पर 20 लाख रुपये का बीमा और वार्ड सदस्यों को वित्तीय पावर की मांग शामिल है. मौके पर मंत्री ने सभी मांगों पर सकारात्मक रूप से विचार करने का आश्वासन दिया.

काली चरण के परिजनों ने मवेशी तस्करों पर दर्ज करायी प्राथमिकी

- मवेशियों को लेकर आ रहे तस्करों ने हुरहुरु रोड पर तीन लोगों को रौंद दिया था

संवाददाता। हजारीबाग

बड़ा बाजार थाना क्षेत्र के हुरहुरु में गुरुवार को हुए हादसे के बाद काली चरण यादव के परिजनों ने मवेशी तस्करों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है. इसमें अन्य घायल और दुकानदार के आवेदन को भी जोड़ा गया है. ज्ञात हो कि उक्त दुर्घटना में बड़ा बाजार ग्वालटोली निवासी काली चरण यादव की दर्दनाक मौत हो गई थी. काली चरण यादव का शुक्रवार को खीरगांव श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया. घटना में चार अन्य भी घायल हो गए थे. इनमें एक का रांची में इलाज चल रहा है. पशु क्रूरता अधिनियम सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करायी गई है.

मालिक मवेशी को कोर्ट से छुड़ा कर ले जाएगा

बड़ा बाजार थाना क्षेत्र में से मवेशियों की गोकुशी के लिए तस्करी होती है. यह गुरुवार को हुए हादसे के बाद स्पष्ट हो गया है. पुलिस की भी इसमें मिलीभगत है इससे इंकार नहीं किया जा सकता है. ऐसे में यह सवाल है कि आखिर थाना प्रभारी को इस बात की जानकारी आखिर किसने दी? वहीं दूसरी ओर यह भी मामला सवालों के घेरे में है कि आखिर जब्त किए गए मवेशियों को थाना प्रभारी चार किलोमीटर दूर गौशाला न भेजकर स्थानीय वह कौन व्यक्ति है जिसको जिम्मानामे पर दिया गया है. प्रभारी ने यह भी जानकारी दी कि जिनका मवेशी है वह कोर्ट से छुड़ा कर ले जाएगा. ऐसे में पूरे दिन इस बात की चर्चा होती रही कि आखिर थाना प्रभारी को मवेशी मालिक की इतना चिंता क्यों है.

समीक्षा

जिला 20 सूत्री समिति की बैठक में विभागीय कार्यों की जानकारी ली, मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने दिए कई निर्देश

योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू करने में सभी निभाएं जिम्मेदारी

संवाददाता। हजारीबाग

जिला प्रभारी मंत्री सह अध्यक्ष जिला 20 सूत्री सत्यानंद भोक्ता श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार की अध्यक्षता में 20 सूत्री एवं जिला योजना समिति की बैठक शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में संपन्न हुई.

बैठक में उपायुक्त नैन्सी सहाय, विधायक बरकट्ठा अमित यादव, जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद, डीडीसी प्रेरणा दीक्षित, जिला परिषद उपाध्यक्ष विधायक बड़कागांव प्रतिनिधी, बगोदर विधायक प्रतिनिधि, सभी जिला परिषद सदस्य, जिला स्तरीय पदाधिकारी आदि मौजूद थे. बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा अधिकारी विभागीय कार्यों एवं जिम्मेदारियों का ठीक से निर्वहन करें. अन्य विभागों के साथ बेहतर समन्वय कर विभागीय कार्यों को अंजाम तक पहुंचाएं. योजना का लाभ समाज के निचले स्तर तक सही व पारदर्शी तरीके से पहुंचे यही हमारी अपेक्षा है. उन्होंने कहा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में सहभागिता बनाएं एवं समाज के निचले तबके तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाएं. साथ ही सरकार की योजनाओं के बारे में आम लोगों को जागरूक करें. सरकार की योजनाएं प्रभावी तरीके से लागू हो इसके लिए जनप्रतिनिधि, आमजन एवं सरकारी अधिकारी सजगता से अपनी जिम्मेदारी को निभाएं तभी पूरे राज्य के विकास को गति मिल सकेगा. उन्होंने समीक्षा के क्रम में ग्रामीण विकास विभाग की स्वीकृत योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए योजनाओं को समय सीमा के अंदर एवं गुणवत्ता के साथ पूरा करने का निर्देश दिया. स्वीकृत योजनाओं का टेंडर प्रक्रिया 15 दिनों के अंदर पूरा करने एवं कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया. गत बैठक में सदस्यों के द्वारा कई निमार्ण कार्य की गुणवत्ता से संबंधित शिकायत अध्यक्ष के समक्ष किया गया था. इस संदर्भ में जिला प्रशासन द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी सहित कार्यपालक अभियंताओं व जनप्रतिनिधियों के माध्यम से टीम बनाकर गुणवत्ता की जांच करने एवं कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था, जिस पर सभी अड़चनों को दूर कर कार्यों को गति प्रदान करने की जानकारी दी गई. कृषि एवं भूमि संरक्षण विभाग की समीक्षा के क्रम में पशुपालन विभाग में योजनाओं के लाभुक वास्तव में पशुपालन कर रहे हैं अथवा नहीं इसके लिए पशुपालन विभाग को मॉनिटरिंग करने एवं अन्य किसानों को अन्य सुविधाएं दिलाने का प्रयास करने का निर्देश दिया गया.

मंत्री सत्यानंद भोक्ता का स्वागत करतीं उपायुक्त नैंसी सहाय.

लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण

सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा दो लाभुकों को पेंशन के स्वीकृति दी गई जिसमे एक वृद्धा पेंशन एवं एक विधवा पेंशन शामिल है. वहीं जेएसएलपीएस द्वारा असुरक्षा न्यूनीकरण कोष योजना से 122 ग्राम संगठनों को एक करोड़ 22 लाख रुपये की स्वीकृति, एकीकृत कृषि क्लस्टर के तहत दो संकुल संगठनों को 9 लाख रुपये की स्वीकृति, सामुदायिक संचालित प्रशिक्षण केंद्र योजना के एक संकुल संगठन को 8 लाख 50 हजार की स्वीकृति एवं बैंक क्रेडिट लिंकेज योजना से 1205 समूहों के बीच 55 करोड़ 31 61 लाख रुपये ऋण की स्वीकृति दी गई. विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपतियों/चेक का वितरण किया गया है.

ब्रीफ खबरें

चौकीदार नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा आज, तैयारी पूरी

लोहरदगा। जिला स्तरीय चयन समिति लोहरदगा द्वारा चौकीदार नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा 2024 का आयोजन आज एक पाली में 11:00 बजे पूर्वाह्न से 12:30 बजे अपराह्न तक होना सुनिश्चित है. परीक्षा के लिए लोहरदगा जिले में चार केंद्र निर्धारित है. जिनमें उर्सु लाईन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय लोहरदगा में 680 परीक्षार्थी, उर्सुलाइन कॉन्वेंट बालिका मध्य विद्यालय, लोहरदगा में 192 परीक्षार्थी, मंजूरमति उच्च विद्यालय लोहरदगा में 784 परीक्षार्थी और बलदेव साहू महाविद्यालय, लोहरदगा में 1679 परीक्षार्थी समेत कुल 3 हजार 335 तीन हजार तीन सौ पैंतीस परीक्षार्थी शामिल होंगे. परीक्षा के आलोक में शांति एवं विधि व्यवस्था के साथ निर्विघ्न, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त परीक्षा के सफल संपन्न हुई.

दशहरा को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

रमना। थाना परिसर में शुक्रवार को दशहरा पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई. बैठक में सभी पंचायतों के दुर्गा पूजा समिति को अविलंब पूजा कमेटी के सभी सदस्यों की सूची थाना को सुपुर्द करने का निर्देश दिया गया. वहीं सभी जनप्रतिनिधियों को शराब पर प्रतिबंध व गांव के सड़कों को अतिक्रमण मुक्त रखने का निर्देश दिया गया. मौके पर पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह ने कहा कि किसी भी सूचना पर पुलिस का फर्ज बनता है, तत्परता दिखाते हुए कार्रवाई की जाए. जिप अध्यक्ष शांति देवी ने कहा कि शांति व सद्भावना के साथ दशहरा मनाने की आवश्यकता है. शांति पूर्वक पर्व संपन्न कराने में प्रशासन के साथ जनप्रतिनिधियों की भी जिम्मेवारी है.

अंजुमन हॉस्पिटल में स्वास्थ्य शिविर कल

लोहरदगा। अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के सदर अब्दुल रउफ अंसारी एवं सचिव सैयद शाहिद अहमद बेलू ने संयुक्त रूप से प्रेस बयान जारी किया है. उन्होंने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि लोहरदगा शहरी क्षेत्र स्थित अंजुमन अस्पताल में आगामी 29 सितंबर दिन रविवार को एक निःशुल्क मेडिकल कैम्प सुबह 10:00 बजे से दिन के 2:00 बजे तक का आयोजन किया गया है. जिसमें राजधानी रांची के मशहूर डॉक्टर इरफ़ान आलम शामिल होंगे और निःशुल्क चिकित्सीय सेवा देंगे. उन्होंने लोहरदगा वासियों से अनुरोध किया है कि इस अवसर का पूरा-पूरा लाभ उठाएं. इस संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए अंजुमन इस्लामिया अस्पताल प्रबंधक समिति लोहरदगा के संपर्क नंबर 8809795269 में संपर्क कर सकते हैं.

सुखदेव भगत ने सदर अस्पताल पहुंचकर सभी वार्डों का किया निरीक्षण, सीएस से की मुलाकात, दिए कई दिशा- निर्देश

जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना मेरी पहली प्राथमिकता : सांसद

संवाददाता। लोहरदगा

स्थानीय सांसद सुखदेव भगत लोहरदगा जिले वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो इस निमित शुक्रवार को सदर अस्पताल लोहरदगा पहुंचकर वहां पर उपस्थित प्रभारी सिविल सर्जन एवं डॉक्टर शंभू नाथ चौधरी से मुलाकात कर सदर अस्पताल एवं जिले के स्वास्थ्य संबंधी कार्यों का जायजा लिया. श्री भगत ने सभी वार्डो एवं विभागों का दौरा कर वास्तविक स्थिति से अवगत हुए .डायलिसिस, मेडाल एवंअन्य विभाग पहुंचकर सांसद ने मरीजों से पूछे कि आपका इलाज के लिए पैसा लिया जाता है क्या .विभाग के प्रबंधन को सांसद ने स्पष्ट निर्देशू दिया कि अगर मरीज से पैसा लेने का शिकायत मिलता है तो सीधी कार्रवाई की जाएगी . मरीजों को रजिस्ट्रेशन करने वाला ऑफिस पहुंचकर सांसद ने उन्हें स्पष्ट निर्देश दिया कि मरीजों से अच्छा बर्ताव करें अन्य शिकायत मिलने पर कार्रवाई किया जाएगा.

सांसद ने मौके पर स्नेक वाइट, डॉग वाइट एवं अन्य दवाइयां की क्या स्थिति है उसके बारे जानकारी लिए. असाध्य रोग के मरीजों को मिलने वाली सहायता राशि के कार्य को काफी तेजी से किया जाए. अकाउंटेंट की कमी, पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित हो. सांसद ने जनता की शिकायत पर जिला प्रोग्राम मैनेजर नाजिस अख्तर को बुलाकर उन्हें कहा कि आप लोहरदगा में ही नौकरी करना क्यों चाहते हैं. .मौके पर कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू ,साजिद अहमद चंगू ,नेसार अहमद, रवि रोशन बेक,फुलदेव उरांव ,जगदीप भगत, राजू कुरैशी, सोनू कुरेशी, विकास साहदेव, मनोज सोन तिर्की, अविनाश उरांव ,जीवन राम ,दयानंद उरांव ,प्रवेज सिद्धिकी सहित अनेक कांग्रेसी नेता उपस्थित थे.

लोहरदगा सदर अस्पताल का निरीक्षण करते सांसद सुखदेव भगत.

सुखदेव भगत बनाए गए तीन मंत्रालयों के लोकसभा का स्थायी समिति सदस्य

लोहरदगा। लोकसभा से पहली बार सुखदेव भगत सांसद बनने के बाद पहले ही संसद सत्र में उन्होंने अपने व्यवहार अनुशासन से संसद के सभी सदस्यों में अपनी अमिट छाप छोड़ने का काम किया है. इसके साथ ही प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सुखदेव भगत को संसद में प्रखर रूप से जन समस्याओं को रखने एवं उनके द्वारा संसद में दिए गए भाषण के लिए राहुल गांधी ने पत्र लिखकर सुखदेव भगत को बधाई दिए थे. इसी बीच लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिड़ला सांसद सुखदेव भगत के कार्यों से प्रभावित होकर उन्हें प्रभावी विभाग कोयला, इस्पात एवं खनन मंत्रालय से जुड़ी लोकसभा का स्थायी समिति का सदस्य मनोनीत किया है. झारखंड एक खनिज संपदा से भरा हुआ राज्य है .सांसद सुखदेव भगत को स्थायी सदस्य मनोनीत किए जाने पर जिलाध्यक्ष सुखेर भगत, प्रदेश डेलिगेट नेसार अहमद, जगदीप भगत, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अंसारी, आलोक साहू, शाहिद अहमद बेलू, सलीम अंसारी उर्फ बड़े, युवा कार्यकारी जिलाध्यक्ष गुलाम जिलानी, तारीक अनवर, दयानंद लकड़ा, बीरेंद्र यादव,राजू कुरैशी, लच्छू उरांव, फुलदेव उरांव, शरीफ अंसारी, असलम अंसारी समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है.

मंत्री ने रंका मोड़ घंटाघर चौक से विकास यात्रा रथ को किया रवाना

गढ़वा का विकास पूर्व के जनप्रतिनिधियों के मुंह पर करारा तमाचा है : मिथिलेश

संवाददाता। गढ़वा

झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमेटी गढ़वा के तत्वावधान में विकास यात्रा रथ रवाना किया गया. शुक्रवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शहर के रंका मोड़ घंटाघर चौक के समीप से हरी झंडी दिखाकर विकास यात्रा रथ को रवाना किया. वर्ष 2019 से शुरू हुई मंत्री श्री ठाकुर की विकास यात्रा अब मुकाम पर है. उस यात्रा को घर-घर पहुंचाने के उद्देश्य से लगभग एक दर्जन रथ रवाना किया गया है. यह रथ पूरे गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में सभी प्रखंडों के प्रत्येक गांव में घूम-घूम कर लोगों को मंत्री श्री ठाकुर द्वारा गढ़वा में किए गए विकास कार्य की जानकारी देगा. गाजे बाजे एवं आतिशबाजी के बीच 30 साल बनाम 3 साल के नारे के साथ यह रथ रवाना किया गया.

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि 30 वर्षों तो क्या पिछले 70 वर्षों पर भी गत 3 वर्ष का कार्यकाल भारी पड़ेगा. पहले कहीं भी विकास के मानचित्र पर गढ़वा नहीं दिखता था. यह विकास यात्रा रथ विकास विरोधियों को आईना दिखाएगा. गढ़वा का विकास कार्य पूर्व के जनप्रतिनिधियों के मुंह पर करारा तमाचा है. आज भी विकास विरोधी लोग जनता के बीच भ्रम फैला रहे हैं. मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि यदि पूर्व के लोगों की जगह मैं होता और मेरे बाद दूसरा कोई भी जनप्रतिनिधि इतना ज्यादा विकास कर देता तो चुनाव लड़ने की बात तो दूर मैं जनता के बीच अपना मुंह तक नहीं दिखाता. लेकिन विकास का विरोध करने वाले लोग निर्लज हैं. उन्होंने कहा कि गढ़वा में हर कदम पर विकास कार्यों का विरोध किया गया. घंटाघर निर्माण के समय जो लोग घूम-घूम कर छड़ तोड़ रहे थे, लोगों ने पीआईएल भी किया, आज जब घंटाघर बन गया तो वही लोग खड़ा हो कर फोटो खिंचवाते हैं. विकास के हर कदम पर लोगों ने गंदी राजनीति की है. मंत्री श्री ठाकुर में गढ़वा वासियों से अपील करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में सभी लोग वोट के दलालों से सावधान रहें. मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, संतोष केशरी, चंदा देवी, वंदना जायसवाल, नवीन तिवारी, आशीष अग्रवाल, गुरुदत्त, रंथा नायक, दिव्य प्रकाश केशरी, सरोज सिंह, ओम प्रकाश गुप्ता, जितेंद्र सिन्हा, संजय कांस्यकार, चंदन पासवान, नीरज तिवारी, सलीम जफर, नीलू खान, साबिर अंसारी, गुड्डू, दीपमाला, बबलू दुबे, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे.

हरी झंडी दिखाकर विकास यात्रा रथ रवाना करते मंत्री मिथिलेश ठाकुर.

खास बातें

- 30 साल बनाम 3 साल के नारे के साथ यह रथ रवाना किया
- विकास यात्रा रथ विकास विरोधियों को आईना दिखाएगा

मंत्री ने किया मेराल प्रखंड के विभिन्न गांवों में जनसंवाद

विरोधी लोग जितना भी तोड़ोगे हम उससे और ज्यादा जोड़ेंगे

गढ़वा। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कहा कि आज जहां भी विकास कार्य हो रहा है विरोधी लोग उसमें तोड़फोड़ कर रहे हैं. मंत्री ने चुनौती देते हुए कहा कि वे लोग जितना भी तोड़ोगे, हम उससे ज्यादा जोड़ेंगे. मंत्री श्री ठाकुर ने मेराल प्रखंड के विभिन्न गांवों में आयोजित जनसंवाद को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही.

उन्होंने कहा कि पूर्व के लोगों को जनता ने जब मौका दी तो वे जनता का काम करने के बजाय अपना स्कूल, कॉलेज, पेट्रोल पंप, ठेकेदारी, अलकतरा घोटाला करने में लग रहे. किसी ने जनता का कोई भी काम नहीं किया. वैसे लोगों को शर्म आनी चाहिए जिन्होंने आज तक गढ़वा की बेटियों के लिए एक गर्ल्स कॉलेज तक नहीं बनवा पाया. उपस्थित लोगों से अपील करते हुए मंत्री ने श्री ठाकुर ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में दलालों से सावधान रहें, नहीं तो गढ़वा का विकास यात्रा रुक जाएगा. जाति, धर्म, हिंदू, मुसलमान के नाम पर समाज में विभेद पैदा कर जीतने वाले लोग पूरी तरह से गढ़वा सहित पूरे राज्य को खोखला कर देंगे. शुक्रवार को मंत्री मेराल प्रखंड के तिसरटेटुका पंचायत के तिसरटेटुका गांव में मदरसा के समीप, चौधरी टोला में स्कूल के समीप, भुईयां टोला में पंचायत भवन के समीप, गेरूआसोती में स्कूल के समीप, कोटाम में दुर्गा मंडप के समीप, कोलोदोहर में दुर्गा मंडप के समीप, बानाजांघ एवं बहेरवा में मदरसा के समीप, टेटुका खूर्द में स्कूल के समीप, पेंदली, बगेसर व जमुआ गांव का पेंदली बजरंग बली मंदिर के समीप आयोजित जनसंवाद में ग्रामीणों से रू-ब-रू हुए. मंत्री ने कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट निदान किया. शेष समस्याओं का यथा शीघ्र निदान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया. ग्रामीणों ने माला पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर बाजे गाजे के साथ मंत्री का भव्य स्वागत किया. मौके पर मुख्य रूप से मेराल बीडीओ जागो महतो, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, दीपमाला, रामरति भुईयां, लालजी भुईयां, सूर्य प्रकाष, बबलू सिंह, पुष्पराज सिंह, नसीम अंसारी, करीब अंसारी, हाजी पीर मोहम्मद, हाजी फतेह मोहम्मद, मास्टर रामजी, शिव नारायण चौधरी, बालेश्वर चौधरी, हबीब अंसारी, फारूक अंसारी सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे.

न्यूज अपडेट

एसपी और डीसी ने लिया तैयारियों का जायजा

सिमडेगा। चौकीदार नियुक्ति शारीरिक दक्षता परीक्षा दिनांक- खेल मैदान में आयोजित की गई है . जिसके मद्देनजर उपायुक्त अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ ने संत मेरीज़ हाई स्कूल, सामटोली, सिमडेगा के मैदान का निरीक्षण किया.इस दौरान उपायुक्त ने चौकीदार नियुक्ति से संबंधित सभी प्रक्रियाओं को सफल संचालन सुनिश्चित कराने हेतु पदाधिकारियों निर्देश दिया. उन्होंने ने शारीरिक दक्षता परीक्षा, लंबाई जांच, रेस ट्रैक आदि का जायजा लेते हुए शारीरिक दक्षता परीक्षा कार्य में लगे पारदर्शिता के साथ दौड़ परीक्षा संपन्न करने का निर्देश दिया. मौके पर अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र,अनुमंडल पदाधिकारी श्री सुमन्त तिर्की, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार, कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण अमृत मिंज एवं अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे.

एसडीओ ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

हुसैनाबाद (पलामू)। हुसैनाबाद के नवपदस्थापित अनुमंडल पदाधिकारी सह आईएएस कृष्णकांत कांवड़िया ने शुक्रवार को अपने कार्यालय परिसर में अनुमंडल क्षेत्र के सभी अधिकारियों के साथ परिचय प्राप्त कर समीक्षा बैठक की. उन्होंने एक एक कर क्षेत्र की स्थिति के साथ साथ अन्य बिंदुओं पर चर्चा की. उन्होंने एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो के साथ अनुमंडल क्षेत्र में विधि व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की. सभी बीडीओ व सीओ से प्रखंडों अंचलों की वस्तु स्थिति से अवगत हुए. उन्होंने पत्थर माइंस समेत माइनिंग के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली. एसडीओ कृष्णकांत कावड़िया ने कहा कि अनुमंडल क्षेत्र में बालू पत्थर का अवैध उत्खनन नहीं होने दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि वह सभी प्रखंडों का भी बारी बारी से निरीक्षण करेंगे. जनता के कार्य को समय पर निबटाए जाएं, यह सभी को सुनिश्चित करना होगा. उन्होंने कहा अनुमंडल कार्यालय कर्मियों को भी बुला कर की निर्देश दिए

मंईयां सम्मान योजना के लिए लगा विशेष शिविर

लोहरदगा। जिले के विभिन्न स्तर के विद्यालयों, प्लस टू उच्च विद्यालयों एवं इंटर कॉलेजों में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ देने के उद्देश्य शिविर लगाया गया. शिविर जिले के 30 स्थानों पर लगाया गया. सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक प्रमोद दास ने जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय नदिया हिंदू लोहरदगा में संचालित शिविर का निरीक्षण किया और प्राप्त आवेदनों की सही-सही इंट्री सुनिश्चित करने का निर्देश प्रतिनियुक्त कर्मियों को दिया.

रोजगार मेला में 52 युवक-युवतियों का हुआ चयन

लोहरदगा। श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग ने एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया. आयोजन जिला नियोजन लोहरदगा के परिसर में किया गया. इस बीच कार्यक्रम में जिला नियोजन पदाधिकारी अश्विनी कुमार सिंह लोहरदगा, आईटीआई कुजरा के प्रधानाध्यापक लाल चंद महतो, महिला आईटीआई लोहरदगा के प्रधानाध्यापक राकेश कुमार व कार्यालय के कर्मी उपस्थित रहे.इस कैम्प में मुख्य रूप से 13 कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल हुए. कार्यक्रम में कुल 211 प्रतिभागी उपस्थित रहे जिसमें से 141 लोगों को शॉर्टलिस्ट किया गया एवं 52 युवक-युवतियों को अंतिम रूप से चयन किया गया.

वाद-विवाद पर प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ संपन्न

लोहरदगा। जिला स्तरीय निबन्ध लेखन, त्वरित कथन, वाद-विवाद एवं कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन वर्ग 6 से 8 के मध्य विद्यालय के प्रखण्ड स्तरीय चयनित विद्यार्थियों के बीच डायट चीरी में किया गया. कार्यक्रम का प्राचार्य अभिषेक बड़ाईक के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी प्राचार्य श्रीमती अमृता सिन्हा, निर्णायक मंडली के सदस्यगण, नोडल शिक्षक एवं संकाय सदस्यों द्वारा किया गया. इधर कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों ने बच्चों का मनोबल बढ़ाते हुए कार्यक्रम में लगातार सहभागिता करने हेतु प्रेरित किया. इससे व्यक्तित्व में निखार आता है एवं आत्मविश्वास में वृद्धि होती है. यहां पर छात्रों द्वारा पूर्ण मनोयोग से इस कार्यक्रम में सहभागिता किया. इस बीच डायट परिसर में सर्वप्रथम पहुंचने वाले विद्यालय के शिक्षक एवं छात्रों को पुष्प देकर एवं तिलक लगाकर प्रोजेक्ट इम्पैक्ट के तहत स्वागत किया गया.

कांग्रेस ठेठईटांगर प्रखंड बूथ कमेटी का गठन

सिमडेगा । आज ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत कुरुमदेगी मोड़ पर कांग्रेस पार्टी का ताराबोगा दुमकी कोरोमीया पंचायत का बूथ स्तर के कमेटी और कार्यकर्ता का सम्मेलन संपन्न हुआ. जिसमें मुख्य अतिथि विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी और जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की थे. मुख्य रूप से विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी ने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव को लेकर कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि राज्य से झापा और भाजपा का सफाया करने के लिए कांग्रेस के कर्मठ कार्यकर्ता पूरी तरह से तैयार है. जनता भी वोटिंग का इंतजार कर रही है. मौके पर मौजूद जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज, अल्पसंखयक जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा ठेठईटांगर प्रमुख विपिन पंकज मिंज, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम, बीस सूत्री अध्यक्ष राजेश डुंगडुंग, मांडल अध्यक्ष जोन लकड़ा, पंचायत अध्यक्ष राजेश डुंगडुंग, अनिता टोप्पो, आदि उपस्थित थे.

डीएसओ ने जनता दरबार में सुनीं आमजन की समस्याएं

संवाददादा। गढ़वा

जिला आपूर्ति पदाधिकारी राम गोपाल पांडेय ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया. उन्होंने जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी एवं समस्याओं के निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया. जनता दरबार में राशन, पेंशन, आवास, भूमि सीमांकन, नामांतरण, मजदूरी बकाया भुगतान, मुआवजा, रोजगार, नौकरी देने आदि समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की समस्या सुनी गई. साथ ही यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया.

इस दौरान छाया कुमारी पंचायत समिति सदस्य ग्राम पंचायत मेराल पूर्वी प्रखंड मेराल ने आवेदन पत्र समर्पित कर बताया कि मेराल प्रखंड अंतर्गत मेराल पूर्वी पंचायत में अयोग्य लाभुकों को अबुवा आवास देने एवं ग्रामीण जनता से आर्थिक दोहन करने का मामला सामने आया है. उन्होंने बताया कि संबंधित पंचायत सेवक द्वारा अबुआ आवास के योग्य लाभुकों को लाभ न देकर अयोग्य लाभुकों को लाभ दिया गया है. उन्होंने अबुआ आवास योजना के तहत मेराल प्रखंड के मेराल पूर्वी पंचायत में गड़बड़ी होने का मामला बताया है और उन्होंने इस मामले की जांच कराते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का अनुरोध किया. भंडरिया प्रखंड की प्रेमदानी कुजूर ने नया राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन दिया. उन्होंने बताया कि विगत वर्ष 2020 में ही नया राशन कार्ड बनवाने के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया कराई गई है, जो कि अभी तक नहीं बन पाया है.

समस्या सुनते पदाधिकारी.

बड़की चांपी में ऐतिहासिक जितिया जतरा भव्य तरीके से हुआ संपन्न

जितिया जतरा का लोगों ने लिया आनंद

संवाददाता। कुड़ू/लोहरदगा

जिले के कुड़ू प्रखंड के बड़की चांपी में जितिया जतरा संपन्न हुआ. बड़की चांपी के पाहन एतवा उरांव,मुंनी उरांव ने जितिया डाली पर विधिवत पूजा पाठ की. मौके पर पाहन ने कहा कि जितिया जतरा का आयोजन वर्षों से होते आ रहा है. हम सभी जीतवाहन भगवान से पूजा करके अपने क्षेत्र का मंगल कामना की मांग करते हैं. मुख्य अतिथि कुड़ू प्रखंड प्रमुख मुनी देवी ने विधिवत जतरा का फीता काट कर उद्घाटन की. जतरा मेला में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए प्रमुख मुनी देवी ने कहा कि जतरा मेला हम सभी का सांस्कृतिक विरासत है हमलोगों को मिलजुलकर जतरा लगाना चाहिए और अपना समाज एवं सभी वर्गों के साथ मिलजुलकर रहने की सिख जतरा से मिलती है. मौके पर बड़की चांपी के सामाजिक कार्यकर्ता अरबिंद कुमार पाठक ने कहा कि हम सभी सामाजिक लोग है आपस मे जातिवाद में नही बटना है सभी को आपस मे सरना सनातन मिलकर रहना है. इस मौके पर ओपा सरना टोली, कुंडगड़ा,बड़की चांपी, दुबांग नवा टोली सहित कई गांवों के खोड़हा के खेल प्रेमी उपस्थित होकर अपने कला का प्रदर्शन किया. मौके पर विशुनपुर विधानसभा के पूर्व विधायक रमेश उरांव, कुड़ू प्रमुख मुनी देवी, बड़की चांपी पिकेट प्रभारी चारो उरांव, रविन्द्र भगत, पूर्व प्रमुख कुड़ू परिखा मुंडा, समाजसेवी अरबिंद पाठक एवं लाल पंचम नाथ शाहदेव, पूर्व कुड़ू सांसद प्रतिनिधि भूषण प्रसाद, कुड़ू प्रखंड पूर्व प्रमुख परीखा मुंडा,यदुनंदन तिवारी ,बड़की चांपी वार्ड 06 के वार्ड सदस्य प्रण महतो, अमोद पाठक, लाल गौरीशंकर नाथ शाहदेव, जितिया जतरा समिति के अध्यक्ष बिनोद मुंडा, इंदर मुंडा, मंटू लोहरा, शंकर प्रजापति, मिथिलेश प्रजापति, प्रधान एतवा उरांव, रामचंद्र राम, सोमनाथ मुंडा आदि शामिल थे.

कुड़ू के बड़की चांपी में जितिया जतरा का उद्घाटन करते पाहन.

शिलान्यास

विधायक ने किया 11 करोड़ 52 लाख की लागतवाली चार सड़कों का शिलान्यास

क्षेत्र का चहुंमुखी विकास ही लक्ष्य : रामचंद्र चंद्रवंशी

संवाददाता। कांडी

विश्रामपुर विधानसभा के विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने प्रखण्ड में निर्माण होने वाले चार सड़कों का पूजा अर्चना कर व नारियल फोड़ कर शिलान्यास किया. मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने वाले 10.500 किलोमीटर लंबी व 11 करोड़ 52 लाख की लागत राशि से सभी चार सड़कों का निर्माण किया जाएगा. ताली रंगनिया बांध से सरकोनी तक 2.70 किलोमीटर लंबी लागत राशि 240 लाख, जोगिविर पीएमजीएसवाई पथ से बलियारी मुख्य पथ तक डेढ़ किलोमीटर लम्बी लागत राशि 115 लाख, भलुही मोड़ से करकट्टा, बहेरा होते चेचरिया तक 5.10 किलोमीटर लम्बी लागत राशि 4.40 लाख तथा बुनियाद बिगहा मेन रोड से नागबाबा तक पीसीसी पथ निर्माण होगा.

प्रावि सोनपुरा के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि देखिए अब मजदूरी लेने का समय आ गया है. काम मैंने किया है तो मजदूरी भी मुझे ही मिलना चाहिए. किसी दूसरे को मेरा मजदूरी भुला कर नहीं दे दीजिएगा. विधायक ने कहा कि सोन व कोयल नदी में तटबन्ध निर्माण का काम मेरे ऊपर कर्ज रह गया है. जिसको मैं पूरा करने के बाद हीं मैं आप लोगों से विदा लूंगा. यह वही गांव है जो 1995 में पहली बार मुझे शरण दिया था और मुझे विजयी बनाकर भेजा था. यह मुझे हर समय याद रहता है. उन्होंने लोगों से कहा कि जिस पेड़ को मैंने 1995 में लगाया था वह आज फल फूल रहा है इसे देखकर मेरा मन बहुत खुश होता है. आज इस क्षेत्र में जो भी सड़कें व पुल पुलिया देख रहे है सब मैंने बनवाए हैं. मेरे से पहले यहां कुछ नहीं था. मार्च 2025 के बाद सोन नदी में तटबन्ध निर्माण शुरू होगा. विधायक ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आपके घर में अगर कोई बीमार है तो उसे विश्रामपुर अस्पताल में इलाज के लिए लेकर आएं मुफ्त इलाज होगा. साथ ही मेरे शिक्षण संस्थान में आपके बच्चों का मुफ्त में पढ़ाई होगी उसका खर्चा मैं सरकार से ले लूंगा. विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने मंडरा व सेमौरा में भी आयोजित कार्यक्रम में लोगों को संबोधित किए. कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन मंडल अध्यक्ष शशि रंजन दुबे ने की. मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि भोला चंद्रवंशी, भाजपा नेता व रेल सलाहकार समिति सदस्य संजय कमलापुरी, मझिआंव नगर मंडल अध्यक्ष पवन गुप्ता, जिला पार्षद नेहा कुमारी, मुखिया ललित बैठा, मुखिया सुबोध कुमार वर्मा, मुखिया प्रतिनिधि ललन कुमार मेहता, विधायक प्रतिनिधि अजय सिंह, रामलाला दुबे, विरेन्द्र नाथ दुबे, भोला मेहता, सर्जक मेहता, मणिकांत सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे.

संबोधित करते विधायक

एलबीएस हाई स्कूल में लिपिक को दी गई विदाई

भंडरा/लोहरदगा। जिले के भंडरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लाल बहादुर शास्त्री 2 उच्च विद्यालय भंडरा में लिपिक पद पर कार्यरत उम्मे हबीबा लिपिक को भावपूर्वक विदाई दी गई. मौके पर विद्यालय के प्रिंसिपल अजय कुमार ने बताया हबीबा जी पूरे पांच वर्षों तक विद्यालय में अपना योगदान दिए उन्होंने 2019 से 2024 तक का कार्यकाल लिपिक के रूप में विद्यालय को दिया. यहां पर शुक्रवार को उनका स्थानांतरण बुनियादी विद्यालय सेन्हा में हुई है जहां योगदान करने हेतु उन्हें विर्मित किया गया. उनका स्वभाव बहुत ही मृदुभाषी था. इस मौके पर प्राचार्य अजय कुमार, पूर्व प्रिंसिपल डॉ सुधांशु सिंह एवं विद्यालय परिवार उनके उज्जवल भविष्य का कामना की है.

विकास-गाथा के समक्ष चुनौतियां

भारत की महत्वाकांक्षी ग्रोथ-स्टोरी के लिए डंकी माध्यम से विदेश जाने वाले भारतीय युवाओं का दर्द एक बड़ा प्रश्न चिन्ह है. क्योंकि रोजगार के लिए अवैध पलायन करने वालों की संख्या चेतावनी स्तर तक पहुंच चुकी है. हरियाणा और पंजाब के बाद देश अन्य राज्यों में भी रोजगार के लिए अवैध विदेश पलायन का सिलसिला विकास गाथा के लिए सिरदर्द है. तय है कि देश के भीतर रोजगार की समस्या है. कहा जा सकता है कि रोजगारहीनता वर्तमान विकास तंत्र का प्रतिफल बन कर उभर रहा है. रोजगारहीनता के संकट का नतीजा यह भी है कि हाल ही में बिहार के उन छात्रों को बंगाल में पीटा गया, जो वहां परीक्षा देने गए थे. ऐसी घटनाओं का बढ़ना निश्चय ही खेद का विषय है. इस ठोस हकीकत के बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने इस साल भारतीय अर्थव्यवस्था के 7.2 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया है. आईएमएफ जैसे मध्यम अवधि के पूर्वानुमानों में आने वाले वर्षों में भी यह गति जारी रहने की उम्मीद है. हालांकि नौकरियों की कमी को लेकर चिंता बनी हुई है. हाल ही में जारी आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण भारत में श्रम बाजार की स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करता है. देश के भीतर रोजगार की हालत पर जारी रिपोर्ट बताता है कि श्रम बल भागीदारी दर (15 वर्ष और उससे अधिक) 2017-18 में 49.8 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 60.1 प्रतिशत हो गई है. हालांकि, इसका अधिकांश हिस्सा महिलाओं की भागीदारी में तेज वृद्धि के कारण है. खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां इस अवधि में यह 24.6 प्रतिशत से बढ़कर 47.6 प्रतिशत हो गई है. देश भर में, स्वरोजगार करने वाली महिलाओं की हिस्सेदारी 2017-18 में 51.9 प्रतिशत से बढ़कर 2023-24 में 67.4 प्रतिशत हो गई है. यह श्रम घरेलू उद्यमों में अवैतनिक सहायकों के रूप में या स्वयं के खाते वाले श्रमिकों के रूप में होता है. यह विकल्पों की अनुपस्थिति को दर्शाता है. दूसरा, श्रम शक्ति का एक बड़ा हिस्सा अनौपचारिक फर्मों में नियोजित है. अनौपचारिक उद्यमों में लगे श्रमिकों का प्रतिशत 2023-24 में 73.2 था, जबकि यह 2022-23 में 74.3 प्रतिशत से मामूली रूप से कम हुआ है. तीसरा, कृषि में लगे श्रम बल का हिस्सा लगातार बढ़ रहा है, जबकि विनिर्माण में लगे श्रम बल का हिस्सा लगभग स्थिर बना हुआ है. बेरोजगारी उच्च स्तर पर बनी हुई है. अधिक शिक्षित लोगों में बेरोजगारी दर भी अधिक है, माध्यमिक और उससे ऊपर की शिक्षा वाले लोगों की दर दूसरों की तुलना में बहुत अधिक है. श्रम बाज़ार के आंकड़े भारत के सामने मौजूद प्रमुख विकास चुनौती को पुष्ट करते हैं - अधिक पारिश्रमिक और उत्पादक रोज़गार अवसरों का अपर्याप्त सृजन. इस चुनौती का समाधान करना अधिक कठिन होता जा रहा है, क्योंकि उत्पादन प्रक्रिया अधिक पूंजी गहन और श्रम-बचत वाली होती जा रही है, जैसा कि भारत रोज़गार रिपोर्ट 2024 ने भी उल्लेख किया है. यह मुद्दा नीतिगत एजेंडे में प्राथमिकता के स्तर पर होना चाहिए. डंकी बन कर अवैध तरीके से विदेश गए श्रमिकों की दास्तान भारत में स्वरोजगार के क्षेत्र की चुनौतियों को भी प्रदर्शित करता है.

> रोजगारहीनता के संकट का नतीजा यह भी है कि हाल ही में बिहार के उन छात्रों को बंगाल में पीटा गया, जो वहां परीक्षा देने गए थे. ऐसी घटनाओं का बढ़ना निश्चय ही खेद का विषय है.

सुभाषित

यादृशैः सन्निविशते यादृशांश्चोपसेवते।
यादृगिच्छेच्च भवितुं तादृग्भवति पुरुषः॥

मनुष्य, जिस प्रकार के लोगोंके साथ रहता है, जिस प्रकार के लोगों की सेवा करता है, जिनके जैसा बनने की इच्छा करता है, वह वैसा ही हो जाता है. अभिप्राय यह कि संगति से ही किसी व्यक्ति में गुण या दोष का प्रवेश करता है और वैसा उसका व्यक्तित्व हो जाता है.

नेताओं का नेह, इंद्रदेव का मेह

नेताओं और उनके दलों का आदिवासी प्रेम गजब उमड़ रहा है. इतना तो इंद्रदेव की अपार कृपा के बावजूद नदियां नहीं उमड़ीं. दोनों पक्ष अपनी-अपनी राजनीतिक जमीन बचाने-बनाने के लिए जमीन की सुरक्षा की घोषणा धूम-धड़ाके से कर रहे हैं. एक सवाल उनसे बनता है. हर रैयत की जमीन का खाता ऑनलाइन करने का सिलसिला प्रायः दस साल पहले शुरू हुआ था.

• देश-काल



श्याम किशोर चौबे

पितृपक्ष चल रहा है. इंद्रदेव भले ही आषाढ़ में लंबी ताने रहे, लेकिन अब वे खुलकर मेह बरसा रहे हैं. इससे प्रकृति पुत्र झारखंड में चारों ओर हरियाली बिखर गई है और जो लोग हा पानी, हा पानी कर रहे थे, वे अब हाय पानी, हाय पानी करने लगे हैं. इधर छठी विधानसभा के गठन के लिए चुनाव की घोषणा अब-तब में है. सो, नेताओं की नेट प्रैक्टिस जारी हो गई. सरकारी दल अतिरिक्त नेह बरसाते हुए घोषणा-दर-घोषणा करने में मशगूल हैं और जो अगली बार सरकारी दल बनने की चाहत पाले हुए हैं, वे इन घोषणाओं में मीन-मेख निकालते हुए उनकी काट ढूंढने में न्यस्त-व्यस्त हैं. राजनीतिक जुए की कुल जमा हकीकत यही है. हमारी राजनीति की परवरिश कुछ इस खांचे में की गई है कि चुनना उनको ही है, जिनको आज न कल आजमा चुके थे.

एक तरफ जल, जंगल, जमीन का नारा है तो दूसरी तरफ रोटी, बेटी और माटी की टेर लगाई जा रही है. हमारे राजनीतिक सिस्टम का स्थायी भाव तू भ्रष्टाचारी; तू भ्रष्टाचारी के अलावा तू लुटेरा; तू लुटेरा उफान पर है. नेताओं और उनके दलों का आदिवासी प्रेम गजब उमड़ रहा है. इतना तो इंद्रदेव की अपार कृपा के बावजूद नदियां नहीं उमड़ीं. दोनों पक्ष अपनी-अपनी राजनीतिक जमीन बचाने-बनाने के लिए जमीन की सुरक्षा की घोषणा धूम-धड़ाके से कर रहे हैं. एक सवाल उनसे बनता है. हर रैयत की जमीन का खाता ऑनलाइन करने का सिलसिला प्रायः दस साल पहले शुरू हुआ था. इस बीच दोनों पक्षों की फुल फ्लेजेड हुकूमत रही. क्या यह प्रक्रिया पूरी हो गई? अपना-अपना कॉलर सफेद बता रहे दोनों पक्ष ईमानदारी से कहें तो सही कि ऐसा नहीं हो पाया. जवाबदेह कौन है? वाकई, ब्लॉक स्तर के भी बाबू आपको कुछ नहीं समझते? तो आप भ्रष्टाचार को शिष्टाचार क्यों नहीं घोषित कर देते? पिछले 24 वर्षों में सत्ता पर काबिज होनेवाले चेहरों में कोई खास फर्क नहीं आया है. इंद्रदेव के मेह में कोई कमी नहीं रही. बावजूद इसके उसका आधा भी बचाने की जुगत आप बना सके? कागजों में जंगल तो बढ़ रहे हैं, लेकिन उनके कटने की प्रक्रिया भी कम तेज नहीं है. और तो और पहाड़-दर-पहाड़ भी किस पाताल में धंसते-धंसाये जाते रहे हैं? अजीवन जीने के लिए और वोट कायम रखने के लिए अनाज और कुछ पैसे बेशक दिये जा रहे हैं लेकिन जीवन धन्य करने के लिए जिस शिक्षा और स्वास्थ्य की जरूरत है, वह फाइव स्टार ब्रांड प्राइवेट स्कूलों, प्राइवेट यूनिवर्सिटियों और प्राइवेट अस्पतालों तक ही केंद्रित क्यों है? जिनको चुनकर रातोंरात माननीय बना दिया जाता है, उनको जितना कुछ मिलता है, उसका एक चौथाई भी चुननेवालों के हिस्से में क्यों नहीं आना चाहिए? नहीं भी आना चाहिए तो उनके लिए ऐसा माहौल क्यों नहीं बनाया जाता कि वे शान से अपने दम रोटी अर्जित कर सकें? कोई एक पैसा देता है तो दूसरा बोलता है, हम इससे कहीं अधिक देंगे. दाता को इस हद तक भिखारी बनाने के नेह पर हे ईश्वर, कौन न कुर्बान हो जाए! कोई है ऐसा कहनेवाला कि हम तुम्हें इतना सक्षम बना देंगे कि तुम इससे दूना किसी को दे सको. नहीं न! तो फिर जइसे उदयी, वइसे भान.

अभी सियासी नेट प्रैक्टिस के काल में यात्राओं का दौर चल रहा है. कोई परिवर्तन यात्रा पर है तो कोई सम्मान यात्रा पर. जिसकी जितनी हैसियत है, वह उतना ही स्टार बॉम्बिंग कर रहा है. ऐसे-ऐसे 'महात्माओं'के दर्शन हो रहे हैं, जिनके नेह से मन जुड़ा जा रहा है. ऐसे दौर से यह बेचारा झारखंड कभी नहीं गुजरा. इन फाइव स्टार यात्राओं के लिए हेलीकॉप्टर उड़ाते-उड़ाते हेलीपैड परेशान हैं. ईंधन देते-देते पेट्रोल पम्प लहालोट हैं. सरकारी पक्ष को इस व्यवस्था में कोई तरद्दुद नहीं. गैरसरकारी पक्ष को भी किसी न किसी हद तक यह मौका मिला हुआ है, रांची से न सही, दिल्ली से सही. जिन महामान्यों पर पूर्व का तमगा चस्पां है, उनकी भी इस व्यवस्था के अंदर व्यवस्था है. यह सारा तामझाम, यह सारा खर्चा आखिर किसके दम पर हो रहा है? किसके गाढ़े पसीने की कमाई है यह? यह हमारी-आपकी कमाई है, जो लुटाई जा रही है. माल महाराज का मिरजा खेलें होरी.

दाता और संरक्षक बने घूम रहे महामान्यगण, केवल एक बात बता दें. दोनों पक्ष लगभग बराबर-बराबर समय तक राजा रूपी सेवक बने रहे. इस बीच चार चुनाव हुए, 24 बजट पेश-पारित किये गये. पिछले चार चुनावों और 24 बजटों में आपने जो-जो वादे किये, उनका ही हिसाब-किताब पेश कर दें. आपके पिछले घोषणापत्र और पारित कराये गये बजट, लिखित दस्तावेज हैं. जुबानी जमाखर्च इसमें कुछ भी न था. इनमें आपके द्वारा लिखित वादे-इरादे किस हद तक फलीभूत हुए, बस इतने का ही दस्तावेज राज्य के 2.59 करोड़ वोटरों को दे दें. आपको 24 टंच सोना मान लिया जाएगा. आप और आपके परिजन धूल से फूल कैसे बन गये, चलिए इसका हिसाब नहीं मांगते, लेकिन इतना तो बता ही दें महामान्य कि लोकसेवक लोक से ऊपर कैसे और किसके भरोसे हो जाते हैं? फिलहाल आपका इतना ही नेह मिल जाए. कहीं ऐसा न हो कि इंद्रदेव के मेह के साथ आपका नेह समुद्रलोक में चला जाए. थोड़ा ठहरकर इस पितृ पक्ष में यह भी सोचने का वक्त है कि जिन भावनाओं से देश को आजाद कराने के लिए और झारखंड को राज्य बनाने के लिए पितरों ने अपना जीवन होम किया, उनके सम्मान में हम कैसा तर्पण कर रहे हैं.

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

• बोधि-वृक्ष | डॉ. मयंक मुरारी

व्यक्ति का विराट अस्तित्व

व्यक्ति के अंदर पूरा अस्तित्व है. विराट विराजमान है. हरेक कण के अणु में और हरेक अणु के परमाणु में वह मौजूद है, जिसकी ओर तथागत इशारा कर रहे हैं. इस अस्तित्व में चेतन है और अचेतन की भी सत्ता है. एक सुंदर फूल के वृक्ष के समीप एक पत्थर के टुकडे.की तरह. दोनों का इस सृष्टि में अस्तित्व है. ये चेतन या अचेतन अलग नहीं हैं. सब एक हैं. पत्थर को हम नमक के रूप में खाते हैं, पानी को पीते हैं और चाय के साथ गरमी को अंदर धारण करते हैं. एक अचेतन पदार्थ का यह चेतन में रूपांतरण है. पानी के साथ लोहा आता है, गेहूं और चावल के साथ खून और मांस आता है. विज्ञान की भाषा में हमारा शरीर कैलशियम, आयरन, सोडियम, तांबा, जिंक एवं ऐसे ही नाना प्रकार के तत्वों का संयोजन है. इसी प्रकार हमारे चेतन से रोजाना मल, मूत्र, स्वेद, स्वर और सूक्ष्म तत्वों के रूप में अचेतन बाहर आ रहा है. उसका अपना अस्तित्व बनता है. शरीर के पंचतत्वों में विलीन होने के साथ ही हमारे शरीर के विभिन्न भाग किसी पेड़ की फूल, टहनी या पत्ता का रूप मिट्टी के माध्यम से धारण करते हैं. यात्रा में जीवन का रूपांतरण लगातार जारी है. शरीर बस रसायन है. और रसायन से आगे एक ऊर्जा या प्रकाश है. यह ऊर्जा शक्ति है, जो जीवन में है और अ-जीवन में भी है. अस्तित्व और अनस्तित्व में भी वह मौजूद है. शक्ति का दो रूप ऊर्जा में निहित है. अस्तित्व के साथ वह विस्तार करता है और अनस्तित्व के साथ रूपांतरित होता जाता है. इलेक्ट्रॉन के रूप में ऊर्जा की गति असीम है. इसकी गति बहुत तीव्र है. ठीक सूर्य और चंद्रमा की तरह. विज्ञान बताता है कि हमारी पृथ्वी खुद अपनी धुरी पर रफ्तार से घूमती है, जो ध्रुवों पर शून्य हो जाती है. जबकि यही पृथ्वी सूर्य की परिक्रमा एक लाख किलोमीटर प्रति घंटा से ज्यादा की गति से करती है. इसी प्रकार सूर्य अपनी आकाशगंगा (मिल्की वे) नामक तारक पुंज (नक्षत्र) के चारों ओर और खुद जिस आकाशगंगा के हम हिस्सा हैं, वह किसी और के चारों ओर तीव्रतम वेग से घूम रही है. इस अस्तित्व में हरेक तत्व निरंतर गतिशील है और उसके साथ हम भी सतत गतिशील हैं. कोई भी एक क्षण के लिए भी कहीं विराम नहीं करता है. गति इतनी है कि चीजें ठहरी और स्थिर प्रतीत होती हैं. अस्तित्व की गूंज है कि हम सब पूर्ण है. पूर्ण से पूर्ण निकलता है. जो बचता है, वह भी पूर्ण ही होता है.

मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल की चुनौतियां

• सामयिकी

जी. पार्थसारथी

जहां कुछ लोग स्वाभाविक रूप से भारत की आर्थिक नीतियों के आलोचक बने रहेंगे, वहीं अब यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्य है कि आर्थिक उदारीकरण के उद्भव और कभी 'लाइसेंस, परमिट, कोटा राज' के रूप में पहचान रखने वाले तंत्र के खात्मे के बाद भारत की विकास दर में तेजी से वृद्धि हुई है. दुनिया भी यह मानती है कि इस बदलाव के मुख्य वास्तुकार डॉ. मनमोहन सिंह थे, जिनके योगदान को देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद और अधिक मान्यता मिली. यह भी उल्लेखनीय है कि मुक्त अर्थव्यवस्था के लिए उठाए उनके कदमों ने नई मंज़िलें तय की हैं. दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भारत को मान्यता प्राप्त है. अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का अनुमान है कि मौजूदा साल में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.6 प्रतिशत रहेगी. बहरहाल, यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि दुनिया में इसकी हैसियत और प्रभाव काफी हद तक आर्थिक और तकनीकी क्षेत्र की प्रगति से निर्धारित होगा. इन अनिवार्यताओं के परिप्रेक्ष्य में, भारत के लिए अपने निकटतम पड़ोसी देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है. इससे लाल सागर और फारस की खाड़ी से लेकर पश्चिम में मलक्का जलडमरूमध्य तक फैले क्षेत्र में सुरक्षा और शांति सुनिश्चित होगी. अब यह व्यापक रूप से सर्वविदित है कि भारत को अपनी सीमाओं से परे जिन मुख्य चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, वे चीन की विस्तारवादी महत्वाकांक्षाएं और नीतियों से पैदा हुई हैं.

भारत की लंबे समय से कोशिश रही है कि ईरान और अरब राज्यों सहित उस तेल संपन्न (फारस) खाड़ी क्षेत्र के साथ संबंध घनिष्ठ बने रहें, जहां पर लगभग 60 लाख भारतीय कामगार रोजी-रोटी कमा रहे हैं. एक तरफ भारत ने सऊदी अरब के साथ संबंध प्रगाढ़ किए हैं तो वहीं संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ अपने पहले से मजबूत संबंधों को और सुदृढ़ किया है. राष्ट्रपति बाइडेन द्वारा सऊदी अरब राजघराने को लेकर की गई असंयमित टिप्पणियों के बाद दोनों मुल्कों के बीच आई खटास को फिर से कामकाजी सौहार्द्र का रूप देने में भारत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शेख तहनून बिन ज़ायद अल नाहयान ने भी अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन और सउदी अरब के युवराज मोहम्मद बिन सलमान के बीच वार्ता में भाग लिया. कहा जाता है कि इस बैठक के सूत्रधार भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल रहे. संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और भारत के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक समझौते को अंतिम रूप देने के बाद जल्द ही इस पर मुहर लग गई. अब भारत के पास समूचे हिंद महासागरीय तटों पर, छह पड़ोसी अरब खाड़ी मुल्कों के साथ मिलकर, एक सकारात्मक और सहयोगात्मक भूमिका निभाने का मंच तैयार है.

भारत-अमेरिका संबंधों में तब काफी मजबूती आई जब अमेरिका ने फैसला किया कि हिंद महासागर में चीनी ताकत में हो रही वृद्धि को संतुलित करने में भारत उपयोगी हो सकता है और यह करने की हैसियत भी रखता है. दोस्ती के दिखावे के बावजूद, चीन की नीतियां भारतीय प्रभाव को सीमित करने और नियंत्रित करने से बंधी हुई हैं. चीन पाकिस्तान को मिसाइलें और परमाणु हथियार देकर उसकी सैन्य क्षमताओं को मजबूत करने का काम जारी रखे हुए है. अफगानिस्तान की तरफ लगती भारत की पश्चिमी सीमाओं पर वह पाकिस्तान के साथ घनिष्ठ सहयोग बनाते हुए काम कर रहा है. ईरान के साथ संबंधों को मजबूत करने के लिए भारत के हालिया कदम, जिसमें सामरिक महत्व के चाबहार बंदरगाह का विकास कार्य भी शामिल है, यह मध्य एशिया तक भारत की आर्थिक एवं समुद्री पहुंच बनाने में मददगार तो होगा ही, बल्कि इससे अफगानिस्तान तक भारत के पहुंच मार्गों में अड़चन डालने के पाकिस्तानी प्रयास भी बेकार जाएंगे.

भारत-अमेरिका संबंधों पर साया डालने वाला एक महत्वपूर्ण कारक है अमेरिकी मीडिया द्वारा भारत में लोकतांत्रिक स्वतंत्रता के तथाकथित उल्लंघन की निरंतर आलोचना. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> बहरहाल, यह बात ध्यान में रखनी चाहिए कि दुनिया में इसकी हैसियत और प्रभाव काफी हद तक आर्थिक और तकनीकी क्षेत्र की प्रगति से निर्धारित होगा. इन अनिवार्यताओं के परिप्रेक्ष्य में, भारत के लिए अपने निकटतम पड़ोसी देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है.

जब होने लग जाये स्मरण शक्ति का क्षरण

• मनोविज्ञान

रेनू गहलोत रॉय

अल्जाइमर रोग एक प्रकार का मनोभ्रंश है, जो आपकी सोच, व्यवहार और रोजमर्रा के कार्य करने की क्षमता को प्रभावित करता हैं. लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए 21 सितंबर को 'वर्ल्ड अल्जाइमर डे' मनाया जाता है. यदि आपको स्मरण शक्ति की हानि, परिचित कार्यों या भाषा में कठिनाई, या मनोदशा या व्यक्तित्व में परिवर्तन महसूस हो तो मनोरोग विशेषज्ञ से संपर्क करें. वैसे तो हर किसी में समय-समय पर भूलने की आदत दिखाई देती है, लेकिन अल्जाइमर रोग वाले लोगों के व्यवहार और लक्षण समय के साथ बदलते हैं. कुछ प्रमुख लक्षण जैसे आपकी दैनिक गतिविधियों को प्रभावित करने वाली स्मृति में कमी, समस्या सुलझाने में कठिनाइयां, भाषण या लेखन के साथ परेशानी, समय या स्थानों के बारे में भ्रमित हो जाना, निर्णय लेने में कमी, व्यक्तिगत स्वच्छता में कमी, मनोदशा और व्यक्तित्व में परिवर्तन, दोस्तों, परिवार और समाज से दूरी. 'अल्जाइमर' ज्यादातर 60 वर्ष से अधिक आयु वाले व्यक्तियों में पाया जाता है. एक वर्ष पहले एक रिटायर्ड वृद्ध सज्जन जो डिमेंशिया से पीड़ित थे, हमारे पास इलाज के लिए आए थे और अभी बहुत अच्छे हैं. अपनी जिंदगी को अच्छे से जीवन यापन कर रहे हैं. अधिक आयु के व्यक्तियों में स्मृति की कमी या अल्जाइमर की समस्या देखी जाती हैं, किंतु कुछ महीने पहले ही मैंने एक युवक को देखा जिसकी आयु 24 वर्ष थी और उसे कुछ चीज छोड़कर कुछ भी याद नहीं था. इसलिए उसने घर से निकलना बंद कर दिया था. लोगों से मिलना जुलना बंद कर दिया था, क्योंकि उसको पता ही नहीं था कि सामने वाला उसका दोस्त है. वह किसी को भी पहचान भी नहीं पा रहा था. हालांकि जब वह मेरे पास आया तो उसे ठीक उसके एक महीने पहले से उसे यह सब समस्याएं हो रही थीं. उसके माता-पिता बहुत परेशान थे. वह अपने परिवार के सदस्यों को भी लगभग भूल चुका था. उसकी इस बीमारी का प्रभाव उसके व्यक्तिगत जीवन पर पड़ रहा था. मैंने अपनी जांच के दौरान पाया कि उस युवक की बाल्यावस्था माता-पिता के बीच के झगड़े और घर का कलहपूर्ण वातावरण में ही गुजरी है. मनोचिकित्सा के साथ-साथ फैमिली काउंसलिंग भी की गई. खुशी की बात यह है वह अभी अच्छे से पढ़ाई कर रहा है और उसके साथ उसके माता-पिता भी बहुत खुश हैं.

यदि ऐसी समस्या किसी के पास हो तो उसके लिए कुछ खास उपाय मददगार हो सकते हैं, यदि इन्हें अपने जीवन में शामिल कर लिया जाये. जैसे धूम्रपान से बचें, नियमित रूप से व्यायाम करें, ऐसी गतिविधियों में हिस्सा लें, जिसमें दिमाग का एक्सरसाइज हो, हरी सब्जियां, फल का सेवन करें, अधिक एंटीऑक्सीडेंट का उपभोग करें, एक सक्रिय सामाजिक जीवन बनाए रखें, शारीरिक रूप से सक्रिय रहें, अपने दिमाग को सक्रिय रखें, सक्रिय दिमाग मस्तिष्क कोशिकाओं के निर्माण में मदद करता है और उनके कनेक्शन को मजबूत बनाता है. आप अपने दिमाग को सक्रिय रखने के लिए ये उपाय कर सकते हैं- सामाजिकता, पहेलियां सुलझाना, क्रॉसवर्ड करना, कोई ऐसी भाषा या कोई अन्य चीज़ सीखना, जिसमें आपकी रुचि हो. अल्जाइमर हल्के में शुरू होकर गंभीर अवस्था तक पहुंच जाता है, जहां हमें लोगों की मदद चाहिए होती है. कभी-कभी अनुवांशिकता भी अल्जाइमर का कारण होता है. इसके अलावा अल्ज़ाइमर रोग के अन्य कारण भी होते हैं. जैसे मस्तिष्क में लाखों न्यूरॉन्स (मस्तिष्क कोशिकाएं) होते हैं. ये कोशिकाएं मस्तिष्क में यादों को संग्रहित करने, आदतों को सीखने और हमारे व्यक्तित्व को आकार देने के तरीके को व्यवस्थित करती हैं. सिग्नल मस्तिष्क कोशिकाओं के बीच कनेक्शन के माध्यम से न्यूरोट्रांसमीटर नामक रसायनों के रूप में गुजरते हैं. अल्ज़ाइमर रोग से पीड़ित लोगों में कई प्रक्रियाएं इन कोशिकाओं और रसायनों को प्रभावित करती हैं. कुछ गतिविधियां अल्जाइमर बीमारी को रोकने में मदद कर सकते हैं. जैसे मानसिक रूप से सक्रिय रहना, मन को चुनौती देने वाली गतिविधियां जैसे नए कौशल सीखने, क्रॉसवर्ड बनाने और अखबार पढ़ने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जाता है. ये गतिविधियां तंत्रिका कोशिकाओं के बीच नए कनेक्शन (साइनेप्स) को विकसित करने के लिए प्रोत्साहित कर सकती हैं.उन गतिविधियों में व्यायाम भी शामिल होता है. व्यायाम करने से हृदय बेहतर तरीके से काम करता है. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> 'अल्जाइमर' ज्यादातर 60 वर्ष से अधिक आयु वाले व्यक्तियों में पाया जाता है . एक वर्ष पहले एक रिटायर्ड वृद्ध सज्जन जो डिमेंशिया से पीड़ित थे, हमारे पास इलाज के लिए आए थे और अभी बहुत अच्छे हैं. अपनी जिंदगी को अच्छे से जीवन यापन कर रहे हैं. अधिक आयु के व्यक्तियों में स्मृति की कमी या अल्जाइमर की समस्या देखी जाती हैं.

मीडिया में अन्यत्र

जलवायु परिवर्तन और तकनीकी चुनौतियों पर विचार

अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के पूर्व चेयरमैन एलन ग्रीनस्पैन ने 1988 में कहा था, 'मुझे लगता है कि आपको चेतावनी देनी चाहिए. अगर आपको मेरी बातें एकदम स्पष्ट लग रही हैं तो शायद आपने मेरी बातों को गलत समझा है.'तब से अब तक दुनिया भर में केंद्रीय बैंकिंग में काफी कुछ बदल चुका है. किसी बड़े केंद्रीय बैंक का कोई वरिष्ठ अधिकारी यह नहीं चाहता कि वित्तीय बाजार उसे किसी भी तरह गलत समझें. वास्तव में वे स्पष्टता सुनिश्चित करने की हर कोशिश करते हैं और नीतिगत निर्णयों को सही ढंग से आगे पहुंचाया जाता है. संचार अब एक अहम उपाय है, जिसका इस्तेमाल खासतौर पर बड़े केंद्रीय बैंकों द्वारा नीतिगत निर्णयों को न्यूनतम दिक्कतों के साथ अपनाने में किया जाता है. हाल के दशकों में केंद्रीय बैंकिंग के आकलन और भविष्य की संभावित चुनौतियों को लेकर भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने काठमांडू में एक भाषण में दिलचस्प ढंग से बात की. इसके कुछ पहलुओं पर व्यापक चर्चा से नीतिगत स्पष्टता बढ़ेगी.केंद्रीय बैंकों के सामने भी हाल के दशकों में अहम चुनौतियां आईं. अधिकांश केंद्रीय बैंकों के सामने उच्च मुद्रास्फीति की समस्या है क्योंकि उन्होंने शुरुआती चेतावनी वाले संकेतों को गलत समझा. वैश्विक वित्तीय संकट से तुलना करें तो ये हालात काफी अलग थे. उस समय केंद्रीय बैंक अपस्फीति की स्थिति से बचने की कोशिश कर रहे थे. कुछ बैंकों ने ऋणात्मक ब्याज दर का विकल्प चुना तथा अन्य ने बहुत बड़े पैमाने पर क्वांटिटेटिव ईजिंग को अपनाया, ताकि वास्तविक अर्थव्यवस्था को सामान्य बनाया जा सके.ज्यादा वक्त नहीं हुआ जब इनमें से कुछ उपायों पर केवल सैद्धांतिक चर्चा होती थी. हालांकि संकट की प्रकृति अलग थी. वैश्विक वित्तीय संकट के बाद के तौर तरीकों को कोविड-19 महामारी के दौरान लागू किया गया. उभरते बाजारों के केंद्रीय बैंकों की स्थिति अधिक जटिल रही है. उनको विकसित देशों में विस्तारित अवधि तक लागू नीतियों के छिटपुट प्रभाव से भी निपटना पड़ा है. 2013 में टैपर टैंट्रम (फेडरल रिजर्व द्वारा बॉन्ड खरीद कम करने की घोषणा के बाद मची उथलपुथल) के बाद भारतीय नीति निर्माताओं ने वृहद आर्थिक स्थिरता मजबूत करने पर ध्यान दिया. इससे भारत को हाल के वर्षों में वैश्विक प्रभावों से निपटने में मदद मिली. दास ने भविष्य की चुनौतियों के अहम पहलुओं को भी रेखांकित किया. **(बिजनेस स्टैंडर्ड)**

शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

इकरार/करार

प्यार हुआ इकरार हुआ है, प्यार से फिर क्यों डरता है दिल. कहता है दिल रस्ता मुश्किल मालूम नहीं है कहां मंजिल. ये 1955 में आयी फिल्म श्री 420 के लिए शैलेंद्र द्वारा लिखित एक गीत की पंक्तियां हैं. हिंदी में इकरार के साथ इससे मिलते-जुलते करार शब्द का प्रयोग भी प्रचलित है. हिंदी फिल्मों के कई गीतों में करार शब्द का सार्थक प्रयोग हुआ है. जैसे अब आके आया मेरे बेचैन दिल को करार. इकरार और करार दोनों अरबी भाषा मूल के संज्ञा पुल्लिंग शब्द हैं. सामान्यतः ये दोनों शब्द एक दूसरे के समीप हैं, लेकिन व्यवहार में इनके बीच कुछ सूक्ष्म अंतर भी है. शब्दकोशों के अनुसार इकरार का मतलब है वादा, वचन, काम या बात हेतु दी गयी स्वीकृति, अनुबंध. इसी प्रकार करार शब्द का मतलब है ठहराव, स्थिरता, प्रतिज्ञा, वायदा, इकरार, धीरज, तसल्ली, संतोष, चैन, आराम. बेचैन दिल को करार का मतलब बेचैन दिल चैन मिला, आराम मिला, तसल्ली मिली. हिंदी में इकरार शब्द का अर्थ समझौता होता है. वहीं करार एक वचन या प्रतिज्ञा है. करार में एक व्यक्ति का प्रस्ताव होता है, जिसे दूसरा व्यक्ति स्वीकार करता है. अगर करार को कानून के मुताबिक लागू किया जाये तो उसे अनुबंध या संविदा कहा जाता है. समझौता यानी एग्रीमेंट और अनुबंध यानी कॉन्ट्रैक्ट दोनों ही व्यक्तियों या कंपनियों के बीच आपसी सहमति से किये जाते हैं. अनुबंध समझौतों के मुकाबले ज्यादा विस्तृत और जटिल होते हैँ. अनुबंध में सभी पक्षों के अधिकार और जिम्मेदारियां तय होती हैं. अनुबंध कानूनी रूप से बाध्यकारी होता है, जबकि समझौता कानूनी रूप से बाध्यकारी भी हो सकता है और नहीं भी. सभी अनुबंध समझौते होते हैं, लेकिन सभी समझौते अनुबंध नहीं होते. अगर किसी कानून में करार को लिखित रूप में या पंजीकृत होना ज़रूरी है, तो इसका पालन करना भी उतना ही ज़रूरी है. करार महज ठहराव है. अनुबंध उस समय ही हो सकते हैं, जब राजनियम द्वारा प्रवर्तनीय हो.

लो हट गयी देश की पूरी गरीबी!

• तीर-तुक्का

डॉ. रामवृक्ष सिंह

बचपन में एक नारा सुनते थे-गरीबी हटाओ. लेकिन आज चार दशक बाद भी, जब बुढ़ापा हमारे जिस्म और ज़हन, दोनों पर दस्तक देने पर आमादा हो रहा है, तब भी गरीबी जस की तस है. उसका हटना तो दूर, अलबत्ता वह बढ़ रही है. बल्कि हमें तो लगता है कि उसकी ज़द में अब बड़े-बड़े हाकिम-हुक्काम और नेता साहिबान भी आ गए हैं. यदि ऐसा न होता तो लोग अपनी इज्जत-आबरू दांव पर लगाकर बस पैसा बनाने के चक्कर में इतने बड़े-बड़े गड़बड़- घोटाले क्यों करते? ज़रूर इन बेचारों पर ग़रीबी की बेतहाशा मार पड़ रही होगी, तभी तो कुछ और पैसे बनाने के लिए ऊल-जलूल कारनामे करने निकल पड़ते हैं. चाहे उसके लिए उनको अपनी इज्जत ही क्यों न गंवानी पड़े. ग़रीब न होते तो ऐसा करने की उन्हें क्या ज़रूरत थी! इसी को कहते हैं मरता, क्या न करता! पैसे कम पड़ रहे हों और ग़रीबी के मारे जान पर आ पड़ी हो तो आदमी कुछ भी कर गुजरता है- बुभुक्षितः किं न करोति पापम्! हमें तो लगता है कि देश से ग़रीबी हटाने का जो अभियान हमारे बचपन में चला था, यह ऊंचे लोगों द्वारा मचाई गई लूट-खसोट भी उसी अभियान का एक हिस्सा है. इस प्रक्रिया में देश का एक तबका इतना ऊपर पहुंच गया है कि वहां से उसे आम आदमी के दुःख-दर्द नज़र ही नहीं आते. अपने बैकुंठ धाम में बैठे भगवान को जैसे आज भी सवा रुपया ही बहुत बड़ी रकम प्रतीत होता है, वैसे ही मृत्यु-लोक में अपने पुरुषार्थ से स्वर्गिक सुख-साधन जुटाकर बैठे हमारे आकाओं को भी अब भी कुछ-कुछ ऐसे ही मुगालते हैं. हालांकि चवन्नी अब प्रचलन में नहीं रही, लेकिन सवा रुपये का माहात्म्य अब भी बरकरार है. लिहाजा देश के जिस हिस्से और तबके में अपनी आमद-रफ्त और बसाहट है, वहां देखते हैं तो मन जार-जार रो उठता है. वहां से तो गरीबी हटने का नाम ही नहीं ले रही. इधर महंगाई है कि मुई गरीब की बेटी की तरह रात-दिन लगातार बढ़ती ही चली जाती है. सोना तीस हजारी हो चला. अब गरीब आदमी अपनी दुल्हन के लिए सोने की मुंदरी और मंगलसूत्र भी गढ़वाने की नहीं सोच सकता. दूध पचास रुपये लीटर से ऊपर डांस कर रहा है. दाल एक सौ पच्चास पार और तेल एक सौ तीस से ऊपर. आटा-चावल तीस-पैंतीस से कम नहीं. यानी हर चीज महंगी होती चली जा रही है, लेकिन चमत्कार देखिए कि अपने आका कह रहे हैं कि गरीबी घट रही है. इस सोच के पीछे एक बहुत बड़ा राज़ है.

बायोस्कोप

हस्ताक्षर

आधुनिकता और भौतिक सुख की चाह ने आने वाली पीढियों को जिस तरह अपनी परंपरा से दूर किया है,डोल्लू कुनीथा भी उससे अलग नहीं. कन्नड फिल्म 'डोल्लू' इसी विडंबना को पूरी संवेदना से रेखांकित करती है. 2022 में सर्वश्रेष्ठ कन्नड़ फिल्म के 'राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार' से इसे सम्मानित भी किया गया था. कहानी युवा डोल्लू नर्तक भद्रा की है, जिसे बचपन से ही पिता ने डोल्लू की पवित्रता और परंपरा की सीख दी है.

विनोद अनुपम
वरिष्ठ फिल्म स्तंभकार

लोक संस्कृति से जुड़े रहने को आवाज लगाती डोल्लू

दक्षिण भारत में मंदिर नृत्य संगीत के केन्द्र माने जाते रहे हैं, खास बात यह भी कि हरेक कला किसी न किसी धार्मिक कथानक से जुड़े हैं. शायद आरंभिक दिनों में शास्त्रीय कला के प्रति आम जन को आकर्षित करने के लिए धार्मिक कथानकों का सहारा लिया होगा, जैसे कि दादा साहब फाल्के ने सिनेमा को आमजन में लोकप्रिय बनाने के लिए शुरुआत में अधिकांश धार्मिक कथानक पर ही फिल्में बनायी.

कर्नाटक के उत्तरी भाग के कुरबा समुदाय में ऐसा ही एक नृत्य प्रचलित है, डोल्लू कुनीथा, जो एक खास वाद्ययंत्र डोल्लू के रिद्म पर किया जाता है. डोल्लू की कहानी भगवान शंकर से जुड़ी है. कथा के अनुसार डोल्लू एक अत्याचारी राक्षस था, लेकिन उसने तपस्या कर भगवान शंकर को प्रसन्न कर लिया,और उनसे अमर होने का वरदान मांगा. भगवान शंकर ने इस वरदान को देने में असमर्थता जतायी,और कहा प्रकृति के नियम को भंग करना उनके अधिकार में भी नहीं. तो डोल्लू ने कहा आप मेरे उदर में समा जाओ. भगवान ने सूक्ष्म रुप धरा और डोल्लू ने उन्हें निगल लिया. तीनों लोकों में हाहाकार मच गया,भगवान शंकर ने सोचा अब सबक सिखाने की मेरी बारी, उन्होंने पेट में ही अपना आकार बड़ा करना शुरु किया. इतना बड़ा कि डोल्लू का पेट फट गया और भगवान बाहर आ गए. उन्होंने डोल्लू के चमड़े से एक वाद्ययंत्र बनाया और वहीं अपने भक्तों को दे दिया कि जाओ, जब भी इसे बजाकर मुझे बुलाओगे, मैं तुम्हारे पास आउंगा. डोल्लू बजाने और उसके साथ नृत्य की परंपरा वहां भगवान शंकर के रुप बीरेश्वरा के मंदिरों में आज भी चल रही है.

लेकिन आधुनिकता और भौतिक सुख की चाह ने आने वाली पीढियों को जिस तरह अपनी परंपरा से दूर किया है,डोल्लू कुनीथा भी उससे अलग नहीं. कन्नड फिल्म 'डोल्लू' इसी विडंबना को पूरी संवेदना से रेखांकित करती है. 2022 में सर्वश्रेष्ठ कन्नड़ फिल्म के 'राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार' से इसे सम्मानित भी किया गया था. कहानी युवा डोल्लू नर्तक भद्रा की है, जिसे बचपन से ही पिता ने डोल्लू की पवित्रता और परंपरा की सीख दी है. भद्रा परंपरा के रुप में इसे स्वीकार करता है,और इसे भी शर्त पर अपने मंदिर के वार्षिक समारोह में जारी रखना चाहता है. लेकिन डोल्लू के लिए 10 से 15 लोगों का दल चाहिए, जबकि उसके साथ बचपन से अभ्यास करने वाले सभी साथी एक एक कर कमाई के लिए गांव छोड़ बेंगलुरु निकल चुके हैं. भद्रा बेंगलुरु जाकर उनसे मिलता है, और कहता है साल भर तो तुम्हारे हैं, बस साल में चार दिन अपने गांव, अपने मंदिर और अपने डोल्लू को दे दो. लेकिन कोई तैयार नहीं होता. गांव के बुजुर्ग मान लेते हैं कि यह परंपरा अब खत्म हो जाएगी. लेकिन भद्रा परंपराओं को तोड़ कर परंपरा बचाने की राह निकालता है. जिन महिलाओं और दलितों को डोल्लू के दल में शामिल नहीं किया जाता था, उन्हें वह साथ करता है, और उसी उत्साह के साथ पूरा गांव डोल्लू के प्रदर्शन में शामिल होता है.

आमतौर पर जब एक एक कर लोककलाएं हमारे हाथों से फिसलती जा रही हैं, उसे बचाने की जिद संतोष देती है. डोल्लू को लोककला संरक्षण के एक अभियान के रुप में देखा दिखाया जाना चाहिए. वास्तव में यह फिल्म कर्नाटक के ही किसी गांव की नहीं, बिहार उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश राजस्थान के किसी भी गांव की हो सकती है, जो आज युवाओं से लगभग खाली हो चुके हैं, वे रोजीरोटी के लिए महानगर का रुख कर चुके हैं. जाहिर हैं गांवों की परंपराएं उनके वापस आने की प्रत्याशा में दम तोड़ चुकी हैं. यह फिल्म उनसे गांव लौटने की भावुक जिद नहीं करती, गांव से जुड़े रहने का संदेश देती है.



स्वर साम्राज्ञी, बुलबुले हिंद और कोकिला... उनकी आवाज के दीवाने विशेषण ढूंढ ढूंढ कर गढ़ते पर लता मंगेशकर के लिए गढ़े गए ये सारे विशेषण हमेशा ही नाकाफ़ी लगते रहे हैं. सम्मान में कहीं कोई कसर नहीं. भारत के तीनों सर्वोच्च नागरिक सम्मान (भारत रत्न, पद्म भूषण और पद्म विभूषण) सहित तीन राष्ट्रीय और चार फिल्मफेयर पुरस्कारों से नवाजी जा चुकी थीं. मधुबाला से माधुरी दीक्षित और काजोल तक हर बड़ी एक्ट्रेस ने उनकी आवाज उधार ली है. आज वे हमारे बीच नहीं पर जमाना उनकी आवाज के संग उनका जन्मदिन मना रहा. इस मौके पर आइए सुर सम्राज्ञी से जुड़े कुछ किस्सों की करें चर्चा...

मेरी आवाज ही पहचान है

एक कमरे के मकान में जन्म

8 सितंबर 1929 को मध्यप्रदेश के इंदौर में लता का जन्म एक कमरे के घर में हुआ था. लता मंगेशकर और उनके परिवार के इंदौर से जाने के बाद इस घर को एक मुस्लिम परिवार ने खरीद लिया था. कुछ समय तक इस मकान में रहने के बाद उस परिवार ने इस मकान को बलवंत सिंह को बेच दिया. बलवंत सिंह भी यहां कुछ दिन रहे और उन्होंने घर मेहता परिवार को बेच दिया. मेहता परिवार 1990 के बाद से इस घर में रह रहा है और यहां अब कपड़े का एक शोरूम चलता है.

बचपन का संघर्ष

बचपन संघर्ष में बीता. महज 13 साल की उम्र में पिता को खो दिया. पांच भाई बहनों में सबसे बड़ी होने के नाते सारी जिम्मेदारियां उन्हीं के कंधों पर आ गईं. एक दिन ऐसा भी आया जब पूरे परिवार को भूखा सोना पड़ा था. उन्होंने अपने भाई-बहनों को पढ़ाने के लिए खुद पढ़ाई नहीं की. पिता के दोस्त मास्टर विनायक उन्हें गायन और अभिनय की दुनिया में ले आए थे.

झेलना पड़ा था रिजेक्शन

जब लता मंगेशकर ने इंडस्ट्री में कदम रखा, उस वक्त इंडस्ट्री में नूरजहां और शमशाद बेगम जैसे लोगों का बोलबाला था. शशिधर मुखर्जी जैसे कई लोगों ने उनकी आवाज को पतली कहकर रिजेक्ट कर दिया. तब मास्टर हैदर अली ने कहा था- जल्द ही ऐसा वक्त आएगा जब प्रोड्यूसर और डायरेक्टर इस लड़की के पैरों में गिरकर अपनी फिल्म में गाना गाने की विनती करेंगे. कहा ये भी जाता था कि अगर विभाजन के दौरान नूरजहां पाकिस्तान नहीं जातीं तो लता दीदी का सिंगिंग करियर इतनी ऊंचाइयों पर नहीं होता. हालांकि, नूरजहां ने 14 साल की लता को देखकर खुद कहा था कि ये एक दिन बड़ी सिंगर बनेगी.

पहले अवार्ड से यह आपत्ति

लता मंगेशकर को फिल्म मधुमति के गाने 'आजा रे परदेसी' के लिए बेस्ट प्लेबैक सिंगिंग अवॉर्ड मिला था. यह उनकी करियर का पहला फिल्मफेयर अवॉर्ड था, पर उन्होंने यह अवॉर्ड लेने से मना कर दिया. वजह सुन कर लोग और भी दंग रह गए. महिला आकार की ट्रॉफी पर कोई कपड़े नहीं होना उन्हें पसंद नहीं आया, इसलिए उन्होंने अवार्ड लेने से मना कर दिया था. बाद में ये अवॉर्ड उन्हें ढंक कर दिया गया था.

पंडित जी की नम आंखें

1962 में चीन ने अपने देश पर हमला कर दिया था. पूरे देश में हताशा फैली थी. 26 जनवरी 1963 को लता दीदी से गुजारिश की गई कि वो 'ए मेरे वतन के लोगों' गाने को अपनी आवाज दें. महज थोड़ी तैयारी के बाद उन्होंने प्रस्तुति दी. आवाज में दर्द इतना था कि दर्शक दीर्घा में सामने बैठे जवाहर लाल नेहरु समेत सभी की आंखें नम हो गईं. गाना खत्म होने पर पंडित जी ने उनसे मिल कर कहा- बेटी तुमने आज मुझे रुला दिया, मैं घर जा रहा हूं, तुम भी साथ आओ और मेरे घर पर चाय पियो. लता दीदी उनके साथ घर चली गईं. वहां वे बैठी थीं कि इंदिरा गांधी आईं और अपने बेटों राजीव व संजय से उन्हें मिलाते हुए कहा कि मुझे आपके इन दो कद्रदानों से आपको मिलाना हैं, वे आपसे मिलकर बेहद खुश होंगे.

गुलाम हैदर साहब गॉडफादर

लता मंगेशकर ने कई इंटरव्यू में गुलाम हैदर को अपना गॉडफादर बताया और कहा कि वे पहले म्यूजिक डायरेक्टर थे जिन्होंने मेरी प्रतिभा पर पूरा भरोसा दिखाया था. दरअसल गुलाम साहब की बदौलत ही उन्होंने फिल्म मजबूर (1948) के गाने 'दिल मेरा तोड़ा, मुझे कहीं का ना छोड़ा' को अपनी आवाज दी। इस गाने को दर्शकों ने बहुत पसंद किया और ये उस समय का हिट गाना बना.

प्यार का वह राज

रिपोर्ट्स की मानें तो लता ने जिंदगी में एक ही व्यक्ति से प्यार किया, और वे थे भाई हृदय मंगेशकर के मित्र और डूंगरपुर राजघराने के महाराजा राज सिंह. क्रिकेट के शौकीन राज लता से उम्र में छः साल बड़े थे. उनकी आवाज के इस कदर दीवाने थे कि अपने साथ हमेशा एक टेप रिकॉर्डर रखते थे. मौका मिलते ही लता की मखमली आवाज को सुनते-सहलाते थे. प्यार से लता को मिट्ठू कहते थे. उनका यह प्यार मुकाम नहीं पा सका. कारण यह बताया गया कि राज सिंह ने अपने माता-पिता से कभी वादा किया था कि वे सामान्य परिवार की लड़की को अपने राज परिवार की बहू नहीं बनाएंगे. बहरहाल, ताउम्र न तो लता ने शादी की और न राज सिंह ने.

इस ताने ने सिखाई उर्दू

एक दिन लता मंगेशकर संगीतकार अनिल बिस्वास और दिलीप कुमार के साथ लोकल ट्रेन से गोरेगांव जा रही थीं. अनिल बिस्वास ने दिलीप कुमार से उनका परिचय कराते हुए कहा- दिलीप ये लता मंगेशकर हैं और ये बहुत अच्छा गाती हैं. इस पर दिलीप कुमार ने पूछा- ये कहां की हैं. अनिल बिस्वास ने बताया कि ये मराठी हैं. मराठी शब्द सुनते ही दिलीप कुमार ने अपना अजीब सा चेहरा बनाकर कहा- क्या है ना मराठी लोगों की बोली में थोड़ी दाल-भात की बू होती है. लता को यह बात इतनी बुरी लगी कि उन्होंने उर्दू सीखने का निश्चय लिया और सीख भी ली. कई इंटरव्यू में उन्होंने खुद स्वीकार किया- वे दिलीप कुमार ही थे, जिनकी बदौलत मुझे उर्दू आई और मेरा उच्चारण सुधर गया.

जलन में जहर

33 साल की उम्र तक आते आते लता मंगेशर की आवाज का जादू चल गया था. जहां बड़ी संख्या में उनके प्रशंसक थे, वहीं कुछ लोग उनकी तरक्की से जल भी रहे थे. कहते हैं कि इसी जलन में किसी ने उन्हें जहर देकर मारने की कोशिश की. जिंदगी का यह दौर बेहद कठिन था जब उन्हें 3 महीने तक बेड पर रहना पड़ा.

जब बाथरूम में रिकॉर्ड हुआ गाना

1960 की फिल्म 'मुगल-ए-आजम' में मधुबाला ने लता की आवाज उधार ली. म्यूजिक डायरेक्टर नौशाद ने 150 गानों को रिजेक्ट करने के बाद 'प्यार किया तो डरना क्या' सिलेक्ट किया था. इस गाने में जो गूंज नौशाद साहब को चाहिए थी, वो स्टूडियो में नहीं थी. ऐसे में उन्होंने लता दीदी से बाथरूम में ये गाना रिकॉर्ड करवाया था.

लता मंगेशकर एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि राजकपूर संग मेरा रॉयल्टी को लेकर झगड़ा हुआ था. मैंने उन्हें कहा था कि मैं रॉयल्टी लेती हूं. तो इस पर राज कपूर ने कहा था कि हम रॉयल्टी नहीं देते. फिर मैंने कहा कि मैं तो लेती हूं. किसी प्रोड्यूसर का नाम लेते हुए कहा कि उन्होंने मुझे रॉयल्टी दी थी. तो इस पर वो बोले आप राज कपूर से उनकी तुलना कर रही हो. मैं राज कपूर हूं. इस पर मैंने कहा मेरे लिए वे भी उतने ही बड़े हैं जितने आप. मैं भी लता मंगेशकर हूं. और मैंने ये तय किया है कि मैं रॉयल्टी लूंगी. तो उन्होंने कहा मैं नहीं दूंगा. फिर मैंने कहा कि आप झगड़ा क्यों कर रहे हैं. हम दोनों एक-दूसरे को नमस्ते करते हैं. मैं आपके गाने नहीं गाऊंगी. आप किसी और से गाना गवा लीजिए. फिर उन्होंने दो-एक फिल्म की लेकिन बात नहीं जमी. फिर वो मेरे पास आए और उन्होंने मुझे रॉयल्टी दी.

इन टीवी शो पर लग रहा ताला

टीवी शो की दीवानगी शुरुआती दौर से ही अलग रही है. अभी भी इसके दर्शकों की बड़ी संख्या है जो एक भी एपिसोड को मिस नहीं करना चाहते. ऐसे दर्शकों के लिए एक बड़ी खबर यह है कि अक्टूबर के महीने में टीवी के कई सीरियल ऑफ एयर होने जा रहे हैं. ये सीरियल अलग-अलग कारणों से बंद होने जा रहे हैं. आइए जानें कि वे सीरियल कौन-कौन से हैं-

खतरों के खिलाड़ी 14

सबसे पहला शो है खतरों के खिलाड़ी. दरअसल, 28 सितंबर को खतरों के खिलाड़ी 14 को उसका विनर मिल जाएगा. इसके बाद, यह शो खत्म हो जाएगा.

काव्या एक जज्बा, एक जुनून

सोनी टीवी पर आनेवाला शो काव्या अक्टूबर में दर्शक नहीं देख पाएंगे. कम टीआरपी के चलते यह बंद हो गया है. इस शो का आखिरी एपिसोड 27 सितंबर को टेलीकास्ट हुआ.

रब से है दुआ

रिपोर्ट्स की मानें तो धीरज धूपर का शो लोकप्रियता हासिल नहीं कर पाया और इस कारण अब इसे बंद कर दिया जाएगा. इस शो का आखिरी एपिसोड 28 सितंबर को टेलीकास्ट होगा.

पुकार

पुकार-दिल से दिल तक इस साल मई महीने से प्रसारित हो रहा है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कम टीआरपी के चलते शो बंद कर दिया जाएगा. लिहाजा यह शो भी अक्टूबर में टीवी पर नजर नहीं आएगा.

लक्ष्मी नारायण

कलर्स चैनल का यह शो अक्टूबर के पहले हफ्ते में ऑफ एयर हो जाएगा. शो पर मेकर्स ने टीआरपी ना हासिल के कारण ताला लगा दिया है. इस शो को इसी साल अप्रैल में रिलीज किया गया था. इस शो की जगह सबका पसंदीदा शो बिग बॉस शुरू होगा.

लाफ्टर शेफ्स

कलर्स का शो लाफ्टर शेफ्स भी अक्टूबर महीने में नहीं दिखाया जाएगा. इस शो में अंकिता लोखंडे, अली गोनी, राहुल वैद्य जैसे सितारे नजर आ रहे हैं. शो की मेजबानी भारती सिंह करती हैं और सेलिब्रिटी शेफ हरपाल सिंह सोखी इसे जज कर रहे हैं. जून में पहली बार शुरू हुए ठहाकों से भरे इस शो का अब अंत आ गया है, जो इसके दर्शकों के लिए काफी दुखद है.

जुबली टॉकीज

टीवी एक्ट्रेस खुशी दुबे, अभिषेक बजाज स्टारर सीरियल 'जुबली टॉकीज' सोनी टीवी पर अब नहीं आएगा. शो का आखिरी एपिसोड 27 सितंबर को टेलीकास्ट हुआ. सितंबर मास की शुरुआत में ही शो के निर्माता सौरभ तिवारी ने यह सूचना दी थी सौरभ तिवारी ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि ये हमारे लिए शॉक की तरह आया. मुझे लगता है कि ये फैसला चैनल ने लिया है क्योंकि कुछ शोज अच्छा नहीं कर रहे. यह दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि हमारे जैसे लाइन उत्पादकों को लॉस सहना पड़ता है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

खुद पर विश्वास रखें, अपने सपनों का पीछा करें : नितेश कुमार

एजेंसी। नयी दिल्ली

पेरिस पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता पैरा-शटलर नितेश कुमार, जिन्होंने विजाग में नेवी चिल्ड्रेंस स्कूल से पढ़ाई की है, ने स्कूल को धन्यवाद दिया है और उन्हें श्रेय दिया है क्योंकि उन्होंने उनके सबसे कठिन समय के दौरान उनका हौसला बढ़ाया. मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मैंने हाल ही में 2024 पेरिस पैरालंपिक में पैरा बैडमिंटन में स्वर्ण पदक जीता है. यह एक गौरवपूर्ण उपलब्धि है और मेरा मानना है कि एनसीएस परिवार मेरे सबसे कठिन समय के दौरान मेरा हौसला बढ़ाने के लिए सफलता में भागीदार हो सकता है. नितेश ने कहा, मैं अपनी दुर्घटना के बाद स्कूल में शामिल हुआ और मैं यह नहीं बता सकता कि सभी ने कितना सहयोग किया, खासकर मेरे प्रिंसिपल और केमिस्ट्री टीचर ने. उस समय मैं खेलों में दिलचस्पी नहीं रखता था, लेकिन मुझे अपने स्कूल के दिनों में अविश्वसनीय खेल संस्कृति याद है. उस समय मैं स्टैंड से सभी का समर्थन करता था और पैरालंपिक के दौरान मेरे एनसीएस समुदाय को मेरा समर्थन करते देखना बहुत ही उत्साहजनक था और मुझे खुशी है कि मैं देश के लिए कुछ बड़ा कर सका.

पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता शटलर हैं नितेश कुमार

बैडमिंटन पुरुष एकल एसएल 3 श्रेणी के फाइनल में नितेश ने ब्रिटेन के डेनियल बेथेल को 21-14, 18-21, 23-21 के स्कोरलाइन के साथ हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया. भारत ने पांच पदक जीते - एक स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य, जो पैरालंपिक खेलों के किसी भी संस्करण में देश के सबसे अधिक है, और हाल ही में पेरिस में संपन्न कार्यक्रम में पहली बार महिलाओं की स्पर्धाओं में पोडियम हासिल किया. उन्होंने कहा, छात्रों के लिए एक संदेश, ध्यान केंद्रित रखें, कड़ी मेहनत करें, सफलता पर ध्यान न दें बल्कि अपने विकास पर ध्यान दें, खुद पर विश्वास करें और अपने सपनों का पीछा करें. मैं जल्द ही स्कूल का दौरा करने और आपके साथ इस जीत का जश्न मनाने के लिए उत्सुक हूं. निकिता तोमर मान, जिन्होंने 2010-2016 तक एनसीएस विजाग की अध्यक्षता की थी, जब कुमार वहां थे. वह अब नोएडा में इंद्रप्रस्थ ग्लोबल स्कूल की प्रिंसिपल हैं, ने कहा एक शिक्षक के तौर पर मेरे लिए यह सबसे बड़ी संतुष्टि की बात है, जब कोई छात्र जिसने कुछ असाधारण हासिल किया है, उसे याद आता है कि उसकी सफलता में मेरी कितनी छोटी सी भूमिका रही. इस भावना की तुलना दुनिया में किसी और चीज़ से नहीं की जा सकती.

कानपुर टेस्ट: भारत ने टॉस जीता, गेंदबाजी का फैसला लिया, बांग्लादेश 107/3

बारिश ने बिगाड़ा पहले दिन का खेल

एजेंसी। कानपुर

भारत और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच का पहला दिन बारिश के नाम रहा. लंच के बाद कुछ ओवर का खेल ही हुआ था कि फिर जबरदस्त बारिश के कारण खेल संभव नहीं हो पाया. बांग्लादेश ने इस दौरान 3 विकेट खोकर 107 रन बना लिए. गुरुवार रात हुई बारिश के कारण मैदान गीला होने से सुबह के सत्र का खेल कुछ देरी के साथ शुरू हुआ. हालांकि, पहले सत्र में बारिश तो नहीं हुई लेकिन बांग्लादेश की टीम ने इस सत्र में दो विकेट गंवाए. दूसरा सत्र भी थोड़ी देरी से शुरू हुआ, इस बीच ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो को आउट कर तीसरा विकेट निकाला. लेकिन इसके बाद तेज बारिश शुरू हो गई और पूरे मैदान को कवर से ढंक दिया गया. मैच अधिकारियों ने बारिश न रुकने की संभावना को देखते हुए दिन का खेल समाप्त करने का फैसला किया. मैच के दूसरे दिन शनिवार को खेल आधा घंटा पहले शुरू होगा.

शुक्रवार की सुबह भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. पिछले मैच में दो विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज आकाश दीप ने भारत को पहली सफलता 9वें ओवर में दिलाई, जब उन्होंने जाकिर हसन को यशस्वी जायसवाल के हाथों कैच करा दिया. जाकिर हसन ने 24 गेंदों का सामना किया लेकिन खाता नहीं खोल पाए. आकाश दीप ने शादमान इस्लाम को एलबीडब्ल्यू कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई. शादमान ने 36 गेंदों पर चार चौकों की मदद से 24 रन बनाए. दो विकेट 29 रन पर गिर जाने के बाद मोमिनुल हक और कप्तान शांतो ने तीसरे विकेट के लिए 51 रन की साझेदारी की और लंच तक टीम को कोई और नुकसान नहीं होने दिया. लंच के बाद अश्विन ने नजमुल शांतो को एलबीडब्ल्यू कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई. शांतो ने 57 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से 31 रन बनाए. बारिश के कारण जब पहले दिन का खेल समाप्त घोषित किया गया, तब मोमिनुल हक 81 गेंदों में 7 चौके के सहारे 40 रन और रहीम 13 गेंदों में 6 रन बनाकर क्रीज पर थे. भारत की तरफ से आकाश दीप ने 34 रन पर 2 विकेट और अश्विन ने 22 रन पर एक विकेट लिया.

बांग्लादेश का 'फैन' हुआ बेहोश पुलिस ने कहा- कोई हमला नहीं

कानपुर। भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन शुक्रवार को खेल के दौरान कथित तौर पर मारपीट और दुर्व्यवहार का शिकार हुए बांग्लादेशी फैन टाइगर रोबी की हालत अब ठीक है और उसे जांच के लिए अस्पताल ले जाया गया है. यह जानकारी उत्तर प्रदेश पुलिस ने दी है. ढाका के एक फैन रॉबी को ग्रीन पार्क स्टेडियम में दर्शकों द्वारा कथित तौर पर पीटा गया और उसके साथ बदसलूकी की गई, जिसके बाद पुलिस उसे अस्पताल ले गई. स्टेडियम में मौजूद एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि रोबी को यहां पहुंचने से पहले ही अस्वस्थ महसूस हो रहा था और अनधिकृत सी-अपर स्टैंड में गर्मी के कारण वह बेहोश हो गया था. इस स्टैंड को उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) ने सुरक्षा चिंताओं के कारण बंद कर दिया था. पुलिस अधिकारी ने कहा, अब वह ठीक है और हम उसे जांच के लिए अस्पताल ले गए. हालांकि, उस पर कोई हमला नहीं हुआ था. वह गर्मी और डिहाइड्रेशन के कारण बेहोश हो गया था.

यह घटना मैच के पहले सत्र के दौरान हुई जब रोबी को स्टैंड से बांग्लादेशी झंडा लहराते देखा गया. कथित तौर पर इस घटना के कारण कुछ भारतीय दर्शकों के साथ उसका टकराव हुआ. इसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने स्थिति को संभाला. हालांकि, रोबी ने बाद में आरोप लगाया कि लंच ब्रेक के दौरान स्थानीय प्रशंसकों के एक समूह ने उनके साथ मारपीट की. दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत खराब रही. बारिश प्रभावित पहले दिन का खेल खत्म होने तक मेहमान टीम ने तीन विकेट के नुकसान पर 107 रन बनाए. शुक्रवार को मुकाबले के पहले दिन कानपुर में तेज बारिश के कारण जल्दी स्टंप्स कर दिया गया. पहले दिन सिर्फ 35 ओवर का ही खेल हो सका.

मोहम्मडन एससी ने अपनी पहली आईएसएल जीत का स्वाद चखा

एजेंसी। चेन्नई

मोहम्मडन एससी ने चेन्नइयन एफसी के घर जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में अपनी पहली इंडियन सुपर लीग जीत का स्वाद चख लिया. ब्लैक पैंथर्स ने आईएसएल 2024-25 मुकाबले में मेजबान चेन्नइयन एफसी को 1-0 से हरा दिया. मोहम्मडन की जीत में राइट विंगर लालरेमसंगा फनाई ने 39वें मिनट में गोल किया. लालरेमसंगा फनाई को एकमात्र गोल करने और शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया. ब्लैक पैंथर्स की ऐतिहासिक जीत से रूसी हेड कोच आंद्रेई चेर्निशोव निश्चित रूप से बेहद प्रसन्न होंगे. मोहम्मडन एससी तीन मैचों में एक जीत, एक ड्रा और एक हार से चार अंक लेकर तालिका में दसवें से पांचवें स्थान पर आ गई है. अपने घर पर मरीना मचांस की अप्रत्याशित हार से स्कॉटिश हेड कोच ओवेन कॉयल बेहद निराश होंगे. चेन्नइयन एफसी दो मैचों में एक जीत और एक हार से तीन अंक लेकर तालिका में पांचवें से छठे स्थान पर खिसक गई है. मैच का एकमात्र गोल 39वें मिनट में आया, जब राइट विंगर लालरेमसंगा फनाई ने चेन्नइयन की आत्मघाती डिफेंसिव गलती का फायदा उठाते हुए मोहम्मडन स्पोर्टिंग को 1-0 की बढ़त दिला दी. दाहिने फ्लैंक पर मोहम्मडन के खिलाड़ी द्वारा अपने हाफ से लम्बे थ्रू-पास को चेन्नइयन एफसी के डिफेंडर लालडिनपुइया पचुआऊ ने सीधे क्लीयर नहीं किया और अपने गोलकीपर सामिक मित्रा को आगे बुलाकर गेंद अपने बॉक्स के अंदर सेंटर की तरफ खेल बैठे और इस गलत पास का पीछे करते हुए लालरेमसंगा फनाई गेंद तक पहुंचे और फिर उन्होंने बड़े ही इत्मीनान के साथ गेंद को सामने से बाएं पैर से गोल की दिशा दिखाकर रहा सहा काम पूरा किया जबकि गोलकीपर सामिक मित्रा द्वारा बचाव करना तो दूर, उनका दूर-दूर तक अता पता नहीं था. सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक के सेजर लोबी मानजोकी मोम्मडन स्पोर्टिंग की बढ़त को दोगुना करने से चूक गए जब वह सात मिनट के स्टॉपेज टाइम के दौरान 90 4वें मिनट में पेनल्टी किक पर गोल नहीं कर पाए. वह गेंद को बाहर मार बैठे.

हीरो महिला इंडियन ओपन 2024 में शीर्ष खिलाड़ी लेंगी भाग

नयी दिल्ली। भारत का प्रमुख महिला गोल्फ टूर्नामेंट, हीरो महिला इंडियन ओपन अपने 16वें संस्करण के लिए तैयार है. डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब में 24 से 27 अक्टूबर, 2024 तक आयोजित होने वाले इस साल के टूर्नामेंट में कई स्टार खिलाड़ी भाग लेंगे, जिसमें मौजूदा लेडीज़ यूरोपियन टूर (एलईटी) सीजन की सात विजेता और अन्य शीर्ष अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शामिल हैं. 2007 में स्थापित इस टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि 400,000 अमेरिकी डॉलर है. इसमें भारतीय खिलाड़ियों की ओर से कड़ी चुनौती देखने को मिलेगी. ये खिलाड़ी 2023 के संस्करण में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखना चाहेंगे, जब तीन भारतीय गोल्फर शीर्ष 10 में थे. क्रिस्टीन वुल्फ, केमिली शेवेलियर और कैरोलीन हेडवाल भी इसमें शामिल होंगी.

भारत आईबीसीए विश्व जूनियर चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा

एजेंसी। बेंगलुरु

अखिल भारतीय दृष्टिबाधित शतरंज महासंघ (एआईसीएफबी) 28 सितंबर से 6 अक्टूबर तक चांसरी पैवेलियन होटल में दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए आईबीसीए विश्व जूनियर और विश्व महिला शतरंज चैंपियनशिप के 12वें संस्करण की मेजबानी करने जा रहा है. यह पहली बार है कि दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए विश्व जूनियर और महिला शतरंज चैंपियनशिप यूरोप के बाहर आयोजित की जा रही है और भारत को इस आयोजन की मेजबानी करने वाला पहला एशियाई देश चुना गया है. इस आयोजन में पूर्व विश्व चैंपियन, अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स और फिडे-रेटेड खिलाड़ी इस आयोजन में अपने-अपने देशों का प्रतिनिधित्व करेंगे. इस रोमांचक टूर्नामेंट में यूएसए, स्वीडन, पोलैंड, यूक्रेन और कई अन्य देशों के कुल 32 खिलाड़ी भाग लेंगे. एशियाई पैरा खेलों में पदक जीतने वाली भारत की मेघा चक्रवर्ती और तिजान गवार के साथ ही अन्य जूनियर और महिला खिलाड़ी भी इसमें भाग लेंगी और अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी. पिछले 26 वर्षों में भारत ने दो ओलंपियाड, छह विश्व शतरंज चैंपियनशिप, 10 विश्व जूनियर, चार महिला विश्व चैंपियनशिप, चार विश्व कप टीम स्पर्धाओं और तीन अंतरराष्ट्रीय ओपन टूर्नामेंटों में भाग लिया है.

एआईसीएफबी के अध्यक्ष चारुदत्त जाधव ने कहा, इस आयोजन की मेजबानी करना हमारे लिए सम्मान की बात है, जहां हम न केवल दृष्टिबाधित खिलाड़ियों की असाधारण प्रतिभा का जश्न मनाते हैं, बल्कि दुनिया भर में शतरंज समुदाय को भी मजबूत करते हैं.

टी20 विश्व कप में टीम इंडिया 4 अक्टूबर को दुबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ अभियान शुरू करेगी

क्या बारबाडोस के बाद यूएई में भी इतिहास रचेगी टीम इंडिया?

एजेंसी। नयी दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के दृष्टिकोण से देखा जाए तो यह साल अब तक शानदार रहा है. एक तरफ रोहित शर्मा की अगुवाई में टीम इंडिया ने बारबाडोस में टी20 विश्व कप जीतकर भारत का परचम बुलंद किया और अब हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में भारतीय महिला टीम यूएई में तिरंगे की शान बढ़ाने पहुंच चुकी है. भारत की महिला टीम टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत चार अक्टूबर को दुबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी. क्रिकेट फैंस को टूर्नामेंट के आगाज का बेसब्री से इंतजार है, जबकि हरमनप्रीत सेना की नजर विश्व कप पर होगी. ये टीम इस खिताब से पिछली बार बेहद करीब से चूक गई थी, लेकिन उस वक्त कहीं न कहीं नॉकआउट

मुकाबले का दबाव टीम इंडिया पर हावी हो गया था. मगर, इस बार यह टीम हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है. कोच मजूमदार विश्व कप की तैयारियों को लेकर आश्वस्त हैं, जबकि टीम की कप्तान का मानना है कि उनके पास टी20 विश्व कप के लिए एक सर्वश्रेष्ठ टीम है.

स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा के रूप में खतरनाक सलामी जोड़ी है, जो अच्छे-अच्छे बॉलिंग लाइन-अप की बखिया उधेड़ने का माद्दा रखती हैं.मिडिल ऑर्डर में खुद हरमनप्रीत जिम्मा उठाएंगी जबकि फिनिशर की भूमिका में ऋचा घोष और जेमिमा रोड्रिग्स जैसी धाकड़ खिलाड़ी शामिल हैं. गेंदबाजी में टीम के पास पूजा वस्त्रकर, अरुंधति रेड्डी और रेणुका सिंह जैसी गेंदबाज हैं. इस टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है. भारतीय महिला क्रिकेट ने पिछले कुछ वर्षों में बेहतरीन प्रदर्शन करके विश्व क्रिकेट में एक बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है, लेकिन बड़े मंच और खिताब जीतने का सपना अब भी अधूरा है. इस बार सभी संयोग टीम इंडिया के पक्ष में है और उम्मीद है कि बारबाडोस के बाद अब यूएई से भी टीम इंडिया ट्रॉफी लेकर लौटेंगी.

खास बातें

- हरमनप्रीत सेना की नजर विश्व कप पर होगी
- पिछली बार खिताब के करीब पहुंचकर चूक गयी थी टीम

घोषणा

संन्यास के फैसले पर कहा- मेरा शरीर अब दर्द, टूटन और तनाव को सहन नहीं कर सकता

ड्वेन ब्रावो ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से लिया संन्यास

एजेंसी। नयी दिल्ली

ड्वेन ब्रावो ने सीपीएल में अपने अंतिम सत्र को चोट के कारण बीच में ही छोड़ देने के बाद सभी तरह के क्रिकेट से संन्यास लेने की पुष्टि की है. ब्रावो को मंगलवार को तारौबा में सेंट लूसिया किंग्स के खिलाफ टोबैगो नाइट राइडर्स के मैच के दौरान कमर में चोट लग गई, जब वह सातवें ओवर में सेंट लूसिया के कप्तान फाफ डु प्लेसिस का कैच लेने का प्रयास कर रहे थे. दर्द के कारण ब्रावो तुरंत खड़े होकर मैदान से बाहर चले गए और एक भी ओवर नहीं फेंका. वेस्टइंडीज के इस महान खिलाड़ी ने इससे पहले 2021 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था और आईपीएल से भी दूर हो गए थे. ब्रावो, जिन्होंने मौजूदा सीपीएल की शुरुआत में ही घोषणा कर दी थी कि यह उनका आखिरी सीजन होगा, ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की, प्रिय क्रिकेट, आज वह दिन है जब मैं उस खेल को अलविदा कहता हूं जिसने मुझे सब कुछ दिया है. पांच साल की उम्र से, मुझे पता था कि मैं यही करना चाहता हूं- यह वह खेल है जिसे खेलना मेरी किस्मत में था. मुझे किसी और चीज में कोई दिलचस्पी नहीं थी, और मैंने अपना पूरा जीवन आपको समर्पित कर दिया. बदले में, आपने मुझे वह जीवन दिया जिसका मैंने अपने और अपने परिवार के लिए सपना देखा था. इसके लिए, मैं आपको पर्याप्त धन्यवाद नहीं दे सकता. पिछले 12 महीनों में, उन्होंने अपनी आईपीएल टीम चेन्नई सुपर किंग्स के साथ काम किया है और उन्हें वेस्टइंडीज और यूएसए में 2024 टी20 विश्व कप के लिए अफगानिस्तान का गेंदबाजी सलाहकार भी नियुक्त किया गया था.

कोलकाता के मेंटॉर बने

सभी फॉर्मेट से संन्यास लेने के बाद ड्वेन ब्रावो अब कोलकाता नाइट राइडर्स की जर्सी में नजर आएंगे, लेकिन एक खिलाड़ी नहीं बल्कि मेंटॉर के तौर पर . इस बात की घोषणा खुद कोलकाता नाइट राइडर्स के सोशल मीडिया पेज के जरिए की गई, जिसके कैप्शन में लिखा गया – हमारे नए मेंटॉर, डीजे 'सर चैंपियन' को वेलकम कहिये, चैंपियंस के शहर में आपका स्वागत है!

पोस्ट में लिखा गया है, पेशेवर क्रिकेटर के रूप में 21साल - यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है, जिसमें कई उतार-चढ़ाव आए हैं. सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मैं अपने सपने को जी पाया क्योंकि मैंने हर कदम पर अपना 100 (प्रतिशत) दिया. मैं इस रिश्ते को जारी रखना चाहता हूं, लेकिन अब वास्तविकता का सामना करने का समय आ गया है. मेरा मन आगे बढ़ना चाहता है, लेकिन मेरा शरीर अब दर्द, टूटन और तनाव को सहन नहीं कर सकता. मैं खुद को ऐसी स्थिति में नहीं रख सकता जहां मैं अपने साथियों, अपने प्रशंसकों या जिस टीम का मैं प्रतिनिधित्व करता हूं, उसे निराश कर सकूं. 18 साल के करियर में, ब्रावो ने टी20 क्रिकेट में बेंचमार्क स्थापित किया, आईपीएल, पीएसएल और बिग बैश में खिताब जीते, साथ ही वेस्टइंडीज के साथ दो बार विश्व चैंपियन बने. उन्होंने 582 मैचों में 631 विकेट लिए हैं - जो कि हमवतन कीरोन पोलार्ड के बाद दूसरे स्थान पर है. पोस्ट के अंत में लिखा गया, इसलिए, भारी मन से मैं आधिकारिक तौर पर खेल से संन्यास की घोषणा करता हूं.

14वीं हॉकी सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप

झारखंड ने दिल्ली को 6-4 से हराया

संवाददाता। रांची

23 सितंबर से तीन अक्तूबर तक चंडीगढ़ में चल रही 14वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शुक्रवार को दिल्ली और झारखंड के बीच मुकाबला खेला गया. इसमें झारखंड ने दिल्ली को 6-4 गोल से मात देकर शानदार जीत हासिल की. इस मैच में आशीष तानी पूर्ती (3 गोल, 7वें, 48वें एवं 58वें मिनट में), फगुवा होरो (1 गोल, 10वें मिनट में), निकोलस टोप्पो (1 गोल, 13वें मिनट में) व गंगा टोपनो (1 गोल, 28वें मिनट में) गोल करने वाले खिलाडियों में शामिल रहे. इस मैच में हॉकी झारखंड के सुजीत केरकेट्टा को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला.

ब्रीफ खबरें

गोपालगंज में नौ साल के बच्चे का अपहरण

गोपालगंज । जिले के फुलवरिया थाना क्षेत्र के मजिरवा कला गांव से दरवाजे पर खेल रहे 10 वर्षीय बच्चे को बाइक सवार अपराधी ने अगवा कर लिया. बाइक सवार बदमाश बच्चे को अगवा कर भोरे की ओर फरार हो गया. अपहृत बच्चा जिले के हथुआ थाना क्षेत्र के समइल गांव निवासी कुंदन सिंह का पुत्र अनीश कुमार बताया जाता है, जो अपनी मां जीवन ज्योति देवी के साथ मामा के गांव मजिरवा कला में रहकर पढ़ाई करता था. घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है. पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है.

ई-रिक्शा चालक की अपहरण के बाद हत्या

बेगूसराय । बेगूसराय जिले में 23 तारीख से लापता एक ई-रिक्शा चालक का शव मिलने के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है. मृतक की पहचान मोहम्मद शाहिद के रूप में हुई है, जो बेगूसराय के नगर थानाक्षेत्र के नवाब चौक का निवासी था. परिजनों ने आरोप लगाया है कि शाहिद का अपहरण कर निर्मम तरीके से हत्या की गई. फिर बाद में शव को मुफस्सिल थानाक्षेत्र के पानगांछी के खेत में फेंक दिया गया. जानकारी के मुताबिक, मोहम्मद शाहिद 23 सितंबर को अपने ई-रिक्शा के साथ अचानक लापता हो गया था. रिजनों का आरोप है कि पुलिस ने इस मामले में गंभीरता से कार्रवाई नहीं की.

करंट की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

नालंदा । नालंदा जिले के बिहार थानाक्षेत्र में राजाकुआं गांव में गुरुवार शाम को एक अधेड़ की करंट लगने से मौत हो गई, जिसके बाद शुक्रवार को ग्रामीणों ने रहुई-शेखपुरा बाईपास मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया. मृतक की पहचान नरेश प्रसाद (45) के रूप में हुई है, जो गुरुवार शाम को अपने मवेशियों के लिए चारा लेने खेत गए थे. दुर्भाग्यवश, वे पूर्व से गिरे हुए जर्जर बिजली के तार की चपेट में आ गए, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई. इस घटना ने स्थानीय निवासियों में बिजली विभाग के खिलाफ गहरा रोष पैदा कर दिया है.

स्वतंत्रता सेनानी सुपर फास्ट एक्स. पर पथराव, शीशे टूटे

संवाददाता । समस्तीपुर



समस्तीपुर स्टेशन के आउटर सिग्नल (मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर रेलखंड) पर गुरुवार की रात स्वतंत्रता सेनानी सुपरफास्ट एक्स पर अराजक तत्वों ने पथराव कर दिया. इस घटना में एसी कोच के शीशे टूट गए. रात करीब 8 बजकर 45 मिनट के आसपास की यह घटना बताई जा रही है. पत्थरबाजी के चलते ट्रेन के अंदर बैठे कुछ रेल यात्रियों को चोट भी आई है. इसके बाद समस्तीपुर में ही उनका उपचार कराया गया. घटना के बाद समस्तीपुर में कुछ देर ट्रेन रुकने के बाद आगे मुजफ्फरपुर के लिए रवाना हुई. बताया जाता है कि ट्रेन समस्तीपुर से खुलने के बाद जैसे ही आउटर सिग्नल पर पहुंची कि उस पर पथराव शुरू हो गया. अचानक हुए पथराव से ट्रेन के अंदर मौजूद यात्रियों में दहशत फैल गई. यह घटना तब हुई जब जीआरपी की एस्कॉर्ट पार्टी ट्रेन के अंदर मौजूद थी. पथराव के बाद लगभग 45 मिनट की देरी से यह ट्रेन मुजफ्फरपुर जंक्शन पहुंची. घटना की सूचना मिलने पर आरपीएफ एवं जीआरपी के जवान मौके पर पहुंचे. पथराव के कारण पैंट्री कार समेत उसके बगल के ए-वन और बी-2 कोच के शीशे टूट गए. साथ ही कई स्लीपर कोच की खिड़कियों पर भी पत्थर लगे थे.

बिहारी छात्रों के साथ दुर्व्यवहार मामले में बिहार में सियासत तेज, पीके बोले-

बच्चों के साथ हो रहे अपमान के लिए नेता जिम्मेदार

संवाददाता । पटना

पश्चिम बंगाल में बिहारी छात्रों के साथ दुर्व्यवहार करने वाला वीडियो वायरल होने के बाद राज्य की सियासत गर्म है. बिहार में यह मामला तूल पकड़ रहा है. चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर, कांग्रेस सांसद तारिक अनवर सहित कई नेताओं ने इस पर प्रतिक्रिया दी है. प्रशांत किशोर ने कहा है कि राज्य के नेताओं की वजह से पूरे देश में बिहार के बच्चों को अपमानित किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में बिहार के लोगों का अपमान हो रहा है. बिहारी व्यक्ति को मूर्ख, अनपढ़ और मजदूर समझा जाता है. आज बिहारी शब्द गाली बन गया है. बिहार के बच्चों के साथ हो रहे अपमान के लिए बिहार के नेता जिम्मेदार हैं.

जंगलराज' और 'अफसर राज' के कारण बच्चे जा रहे हैं बाहर

प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार ज्ञान की धरती रही है. दुनिया भर से लोग शिक्षा और ज्ञान प्राप्त करने के लिए बिहार आते थे. नालंदा और विक्रम शिला विश्वविद्यालय पूरी दुनिया में प्रसिद्ध थे. उन्होंने कहा कि बिहार वह धरती है जहां देवताओं ने भी ज्ञान प्राप्त किया. एक समय था जब पूरे देश पर बिहार से शासन होता था. लेकिन बिहार के नेताओं के 'जंगलराज' और 'अफसर राज' का नतीजा है कि आज बिहार के बच्चे और युवा महज 10 से 12 हजार रुपये के लिए पूरे देश में जाकर मजदूरी करने को मजबूर हैं. उन्हें अपना घर-परिवार छोड़कर दूसरे राज्यों में मजदूरी करनी पड़ती है. उनको अपमान और दुर्व्यवहार सहना पड़ता है. उन्होंने कहा कि जन सुराज का संकल्प है कि इस व्यवस्था को बदला जाये. बिहार के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले, ताकि कोई उन्हें अनपढ़ और मूर्ख कहकर अपमानित न करे. बता दें कि प्रशांत किशोर दो अक्टूबर को राजनीतिक पार्टी की घोषणा करने वाले हैं.

रोजगार के अभाव में होना पड़ता है अपमान

कांग्रेस सांसद तारिक अनवर ने कहा कि बिहारी छात्रों के साथ दूसरे राज्यों में दुर्व्यवहार किये जाने को दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय बताया है. उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि बिहार के लोगों के साथ कुछ न कुछ होता रहता है, चाहे वह महाराष्ट्र में हो, या अन्य राज्यों में हो, वे जहां भी जाते हैं, वहां ऐसा होता है. अब बंगाल से यह खबर आयी है. इसकी जितनी निंदा की जाये, कम है. ऐसी स्थिति पैदा कर दी गयी है कि बिहार में लोगों को रोजगार के अवसर नहीं मिल रहे हैं. वे लाचारी की स्थिति में, भय और दुख का सामना कर रहे हैं. कभी इस राज्य में, कभी उस राज्य में कभी इस शहर में, कभी उस शहर में. जो भी स्थिति हो, उन्हें अपमान का सामना करना पड़ता है. बता दें कि पश्चिम बंगाल में परीक्षा देने गये छात्रों की पिटाई का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है.

भागलपुर : प्रखंड मुख्यालय और बाजार से ग्रामीणों का संपर्क टूटा

जिले के पीरपैंती में टूटा पुल एक लाख की आबादी प्रभावित

संवाददाता । भागलपुर

भागलपुर जिले के पीरपैंती प्रखंड अंतर्गत बाबूपुर बाखरपुर पूर्वी पंचायत के बीच का पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्मित पुल टूट गया है. जिससे इस क्षेत्र में आवागमन पूरी तरीके से बाधित हो चुका है. बीते देर रात यह पूल ध्वस्त हुआ है. जिसके कारण पांच पंचायत की आबादी अब प्रखंड मुख्यालय से संपर्क पूरी तरह से खत्म हो चुका है. पुल टूटने के बाद ग्रामीण तो मौके पर पहुंच गए हैं, लेकिन जिला प्रशासन के अधिकारी अभी तक इसे देखने तक नहीं पहुंचे हैं. पुल टूटने के कारण लगभग एक लाख की आबादी का प्रखंड मुख्यालय और बाजार से संपर्क भंग हो चुका है. मौके पर पहुंची स्थानीय थाना पुलिस के द्वारा दोनों तरफ बैरिकेडिंग कर दी गई है. उधर इसकी सूचना प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी को दी गई है. लेकिन अभी तक मौके पर कोई अधिकारी नहीं पहुंचे हैं.

अंचल के एक कर्मचारी मौके पर पहुंचकर पूरी जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी को देते नजर आए. जिला प्रशासन की ओर से कोई भी वरीय पदाधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे हैं और लोगों का कहना है कि ग्रामीण काफी परेशान हैं. बाबूपुर पंचायत के मुखिया भी मौके पर पहुंचकर स्थिति को देख रहे हैं और लोगों को समझा रहे हैं.

पुल टूटा

150 घरों में बाढ़ का पानी भरा

शेखपुरा । शेखपुरा के घाटकुसुम्भा प्रखंड में आयी बाढ़ के पानी में दर्जनों गांव प्रभावित हुए हैं. करीब 150 से अधिक घरों में बाढ़ का पानी भरा हुआ है. जिससे लोगों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है. वही जिला प्रशासन राहत के नाम पर बाढ़ पीड़ितों के बीच प्लास्टिक सीट का वितरण कर लोगों के जख्म में मरहम लगाने में जुटी हुई है. वही स्वास्थ्य विभाग इस मुश्किल की घड़ी में नाव पर सवार होकर लोगों के बिच जाकर लोगों के साथ की जांच हुआ दबाव वितरण करने में जुटी हुई है. गौरतलब हो कि गंगा नदी में उफान के कारण हरोहर नदी में आई बाढ़ की वजह से घाटकुसुम्भा प्रखंड के पांचों पंचायतों के अलग-अलग गांवों में लोग प्रभावित हुए हैं. एक तरफ नदियों की बाढ़ जहां लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है. वहीं दूसरी तरफ प्रशासन द्वारा राहत और बचाव के कार्य भी तेजी के साथ किये जा रहे हैं. बाढ़ प्रभावित इलाकों में प्रभावित परिवारों के लिए एक तरफ प्रशासन की ओर से जहां राहत सामग्री में पॉलिथीन सीट बांटी जा रही है.

बिहार के 14 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट

पटना । बिहार के 14 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट मौसम विभाग ने शुक्रवार जारी किया है. मौसम विज्ञान केंद्र पटना के मुताबिक राज्य के 4 जिलों में अति वृष्टि की चेतावनी जारी की है, जबकि 10 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है. अन्य सभी जिलों में हल्की से मध्यम दर्जे की बूंदाबांदी होने की संभावना है. मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 घंटों तक राज्य में बारिश का सिलसिला चलता रहेगा. बिहार के 14 जिलों में शुक्रवार को भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट है. सीतामढ़ी, पूर्वी चंपारण, शिवहर और पश्चिमी चंपारण जिले में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. वहीं, गोपालगंज, मधुबनी, सीवान, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, छपरा, बक्सर, भोजपुर, जमुई और बांका जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है. पटना समेत अन्य जिलों में भी बूंदाबांदी होती रहेगी.

आरा में घर से बुलाकर व्यक्ति के सिर में मारी गोली, मौत, हड़कंप

आरा । आरा में गुरुवार को घर से बुलाकर एक व्यक्ति के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई. घटना जिले के मुफस्सिल थाना के लक्षणपुर वार्ड नंबर 17 की है. घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच शव को पोस्टमार्टम के आरा सदर अस्पताल भेज दिया. पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है. मृतक की पहचान आरा के मुफस्सिल थाना के लक्षणपुर वार्ड 17 निवासी स्व. लच्छीदारी प्रसाद के 42 वर्षीय पुत्र राम बाबू प्रसाद के रूप में हुई है. एएसपी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है.

यूपी से गया आ रहे थे पिंडदान करने

औरंगाबाद में कार दुर्घटनाग्रस्त एक की मौत, चार घायल, भर्ती

संवाददाता । औरंगाबाद

औरंगाबाद में शुक्रवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. यहां बारुण थाना क्षेत्र में यूपी से गया आ रहे पिंडदानियों की कार की एक ट्रक से टक्कर हो गयी. इस हादसे में कार सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गयी. जबकि अन्य चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये. सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. मृतक की पहचान ज्ञानेंद्र प्रताप के रूप में की गयी है. वहीं घायलों में ज्ञानेंद्र के पिता रामसूरत बिंद, मां धनेश्वरी देवी, चचेरा भाई अमित कुमार और तेज प्रताप यादव शामिल हैं. बताया जाता है कि उत्तर प्रदेश में गाजीपुर के किसहोरी गांव के रहने वाले रामसूरत बिंद अपने परिवार के साथ कार से शुक्रवार को यूपी से गया अपने पूर्वजों का पिंडदान करने जा रहे थे.

केंद्रीय मंत्री गिरिराज को पाकिस्तान से आया जान से मारने की धमकी भरा कॉल

पटना । केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह को जान से मारने की धमकी मिली है. गिरिराज के प्रतिनिधि रहे अमरेंद्र कुमार अमर के मोबाइल पर शुक्रवार को आई कॉल पर यह धमकी दी गयी है. इसे लेकर बेगूसराय में लिखित शिकायत दर्ज करायी गयी है. अमरेंद्र कुमार अमर ने शिकायती आवेदन में कहा है कि उनको पाकिस्तान के नंबर से कॉल करके गिरिराज सिंह को जान से मारने की धमकी दी गई है. यह कॉल उनके मोबाइल पर शुक्रवार पूर्वाह्न 11:28 बजे आया. इसके बाद उन्होंने बेगूसराय के डीएम और एसपी से इसकी लिखित शिकायत की है. अमर ने कहा है कि पाकिस्तान के नंबर से कॉल करके केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह और मुझे गालियां दी गईं. साथ ही फोन करने वाले ने कहा कि तुम दोनों का हश्र बुरा होगा. अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहो.

50 हजार रुपये के इनामी कुख्यात अपराधी अभिषेक शर्मा गिरफ्तार

गया । गया पुलिस ने जिला में टॉप 10 अपराध कर्मियों में शुमार हत्या, आर्म्स, डकैती एवं लूट के कांडों में वांटेड 50 हज़ार रुपये के इनामी कुख्यात अपराध कर्मी अभिषेक शर्मा उर्फ तनु शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है. मिली जानकारी के मुताबिक गया जिले के टिकारी के मऊ थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव से कुख्यात अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि गिरफ्तार अपराधी अभिषेक शर्मा उर्फ तन्नू शर्मा ने अपने सहयोगी के साथ टिकारी थाना क्षेत्र में एक शख्स को गोली मारकर हत्या कर दी थी. वहीं टिकारी पंचानपुर मऊ में लूट डकैती सहित आधे दर्जन कांड में वांटेड अभियुक्त है. उन्होंने कहा की गिरफ्तारी के भय से अभिषेक शर्मा दरियापुर गांव में छुपा हुआ था. एसएसपी ने बताया की अपराध कर्मी अभिषेक शर्मा टिकारी के मऊ थाना के धंधेला गांव का रहने वाला है.

कारोबार

विदेशी मुद्रा भंडार छठे सप्ताह बढ़ा

मुंबई । देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार छठे सप्ताह बढ़ता हुआ 692 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 20 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.838 अरब डॉलर बढ़कर 692.296 अरब डॉलर पर पहुंच गया. यह अब तक का ऐतिहासिक उच्चतम स्तर है. इससे पहले 13 सितंबर को समाप्त सप्ताह में भी विदेशी मुद्रा भंडार 22.3 करोड़ डॉलर की बढ़त से साथ 689.458 अरब डॉलर पर रहा था.

सेबी के अकाउंट्स की जांच करेगी कमेटी

नयी दिल्ली । पार्लियामेंट की पब्लिक अकाउंट्स कमेटी (पीएसी) सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया यानी सेबी के अकाउंट्स की डिटेल्ड जांच करेगी. कमेटी फाइनेंशियल ईयर 2022-23 और फाइनेंशियल ईयर 2023-24 के सेबी के अकाउंट्स का रिव्यू करेगी. यह पहली बार है कि पीएसी ने सेबी के फाइनेंशियल परफॉर्मेंस की जांच की जरूरत महसूस की है. कांग्रेस के सीनियर लीडर केसी वेणुगोपाल पब्लिक अकाउंट्स कमेटी के प्रमुख हैं. इस कमेटी में एनडीए और विपक्ष दोनों दलों के नेता शामिल हैं.

सोना और चांदी की कीमतों में आई गिरावट

नयी दिल्ली । सोने की कीमत में शुक्रवार को गिरावट देखने को मिली. इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 110 रुपए गिरकर 75,640 रुपए पर आ गया. इससे पहले गुरुवार को इसके दाम 75,750 रुपए प्रति दस ग्राम थे. वहीं चांदी की कीमत में भी शुक्रवार को गिरावट रही. ये 1,074 रुपए सस्ती होकर 91,448 रुपए प्रति किलो पर आ गई. इससे पहले चांदी 92,522 रुपए पर थी. इस साल चांदी 29 मई को अपने ऑल टाइम हाई 94,280 रुपए प्रति किलो पर पहुंच चुकी है. सूत्रों के अनुसार, आने वाले दिनों में सोने-चांदी में बढ़त देखने को मिल सकती है.

त्योहारी सीजन से पहले महंगाई की मार, सनफ्लावर-पाम ऑयल भी हुआ महंगा

एक महीने में 27 फीसदी बढ़े सरसों तेल के दाम

एजेंसी । नयी दिल्ली

त्योहारी सीजन से पहले खाने के तेल के दामों में जोरदार उछाल ने लोगों के किचन के बजट को बिगाड़ दिया है. सरकारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले एक महीने में सरसों तेल के दामों में 9.10 फीसदी और पाम ऑयल के दामों में 14.16 फीसदी का उछाल आया है. वहीं रिटेल मार्केट और ऑनलाइन ग्रॉसरी कंपनियों के पोर्टल पर सरसों तेल के दामों में 26 फीसदी की बढ़ोतरी आ चुकी है. ऑनलाइन ग्रॉसरी पोर्टल पर एक महीने पहले सरसों तेल 139 रुपये प्रति किलो में मिल रहा था जिसकी कीमत 176 रुपये प्रति किलो तक जा पहुंची है. यानि पिछले एक महीने में कीमतों में 26.61 फीसदी का उछाल आ चुका है. देश में खाने के तेल के तौर पर सबसे ज्यादा सरसों तेल का इस्तेमाल किया जाता है.

सरकारी डेटा भी महंगे खाने के तेल की कर रहे तस्दीक : सरकारी आंकड़ें भी खाने के तेल के दामों में बढ़ोतरी की बात की तस्दीक कर रहे हैं. डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर्स के प्राइस मॉनिटरिंग डिविजन के मुताबिक एक महीने पहले 25 अगस्त 2024 को जो सरसों तेल 139.19 रुपये प्रति किलो में मिल रहा था वो अब 151.85 रुपये प्रति किलो में मिल रहा है. मुंबई में सरसों तेल 183 रुपये, दिल्ली में 165 रुपये कोलकाता में 181 रुपये, चेन्नई में 167 रुपये और रांची में 163 रुपये प्रति किलो में मिल रहा है.

सरसों तेल के अलावा बाकी खाने के तेल के दामों में भी बढ़ोतरी आई है. सनफ्लावर ऑयल एक महीने पहले 119.38 रुपये प्रति किलो में मिल रहा था वो 129.88 रुपये प्रति किलो में मिल रहा है. पाम ऑयल एक महीने पहले 98.28 रुपये प्रति किलो में मिल रहा था वो अब 112.2 रुपये प्रति किलो में मिल रहा है. सोया ऑयल की कीमतें भी एक महीने में 117.45 रुपये से बढ़कर 127.62 रुपये किलो हो गई है. वनस्पति की कीमत 122.04 रुपये प्रति किलो से बढ़कर 129.04 रुपये प्रति किलो हो गई है.

केंद्र सरकार ने खाद्य तेलों के इंपोर्ट डयूटी बढ़ायी : खाने के तेलों में उछाल की वजह है केंद्र सरकार का वो फैसला जिसमें खाद्य तेलों के इंपोर्ट ड्यूटी में बढ़ोतरी कर दी गई है जिससे खाने का तेल आयात करना महंगा हो गया है. सरकार ने क्रूड सोयाबीन ऑयल, क्रूड पाम ऑयल और क्रूड सनफ्लावर ऑयल पर इंपोर्ट ड्यूटी को शून्य से बढ़ाकर 20 फीसदी और खाने के तेलों पर 12.5 फीसदी से बढ़ाकर 32.5 फीसदी कर दिया है. सरकार के इस फैसले के चलते पाम आयल से लेकर सोया, सरसों सभी प्रकार के खाने के तेल महंगे हुए हैं. सरकार ने खाने के तेल के इंपोर्ट ड्यूटी में बढ़ोतरी घरेलू किसानों के हितों की रक्षा के लिए किया गया है. हालांकि इसका असर खाने के तेल के इस्तेमाल करने वालों की जेब पर पड़ने लगा है.

जीएसटी-कर्मचारियों की सैलरी का किया भुगतान

एजेंसी । नयी दिल्ली

स्पाइसजेट का मामला

कर्ज में डूबी सस्ती विमानन सर्विस प्रदाता कंपनी स्पाइसजेट ने अपना माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का पूरा बकाया चुका दिया है. साथ ही कंपनी ने कर्मचारियों के जुलाई और अगस्त के बकाया वेतन और जून महीने के लंबित वेतन का भुगतान भी कर दिया है. कंपनी ने शुक्रवार को जारी जानकारी में बताया है कि उसने अपना जीएसटी का पूरा बकाया चुका दिया है. कंपनी ने कर्मचारियों के 80 करोड़ रुपये का बकाया वेतन भी चुका दिया है. स्पाइजेट के तीन हजार करोड़ रुपये जुटाने से संबंधित प्रारंभिक नियोजन दस्तावेज के मुताबिक कंपनी पर 15 सितंबर तक 145.1 करोड़ रुपये का जीएसटी बकाया था. उल्लेखनीय है कि स्पाइसजेट ने पिछले सप्ताह पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिये 3,000 करोड़ रुपये जुटाए थे.

वैश्विक स्तर पर स्टॉक मार्केट्स में करेक्शन की आशंका

एजेंसी । नयी दिल्ली

रिटेल मार्केट बढ़ रहा है

पिछले कुछ दिनों से दुनिया भर के ज्यादातर स्टॉक मार्केट में तेजी का माहौल बना हुआ है, जिसकी वजह से स्टॉक मार्केट में रिटेल इन्वेस्टर्स बढ़-चढ़कर निवेश कर रहे हैं. हालांकि रिटेल इन्वेस्टर्स द्वारा जोरदार तरीके से किए जा रहे निवेश के ट्रेंड को लेकर भारत सरकार ने चिंता जताई है. केंद्र सरकार ने वैश्विक स्तर पर स्टॉक मार्केट्स में संभावित करेक्शन की आशंका जताई है. ऐसा करेक्शन होने पर विशेष रूप से रिटेल इन्वेस्टर्स पर सबसे अधिक असर पड़ सकता है. उल्लेखनीय है कि अमेरिका और चीन जैसी दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं वाले देश समेत दुनिया के कुछ अन्य देशों में भी हाल के दिनों में ब्याज दरों में कटौती की गई है, जिसकी वजह से स्टॉक मार्केट में भी लिक्विडिटी बढ़ी है और तेजी का रुख बना है. पूरी दुनिया की तरह भारत में भी रिटेल इन्वेस्टर्स बढ़ रहे हैं.

बाजार

शेयर बाजार में तेजी पर लगा ब्रेक, सेंसेक्स 264 अंक फिसला

सेंसेक्स 85,571 पर हुआ बंद, निफ्टी भी 37 अंक फिसला

एजेंसी । मुंबई

घरेलू शेयर बाजार में लगातार छह दिन से जारी तेजी पर शुक्रवार को ब्रेक लग गया. बाजार के ज्यादातर सूचकांक लाल निशान में बंद हुए. सुबह के कारोबार में नए रिकॉर्ड स्तर को छूने के बाद कारोबार की समाप्ति पर सेंसेक्स 264 अंक या 0.31 प्रतिशत गिरकर 85,571 अंक और निफ्टी 37 अंक या 0.14 प्रतिशत गिरकर 26,178 अंक पर बंद हुआ. बाजार में सबसे ज्यादा दबाव बैंकिंग शेयरों पर रहा.

निफ्टी बैंक 541 अंक या एक प्रतिशत गिरकर 53,834 अंक पर बंद हुआ. सत्र के दौरान सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने क्रमशः 85,978 अंक और 26,277 अंक का नया ऑल-टाइम हाई बनाया. सेंसेक्स की कंपनियों में सन फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाइटन, एचसीएल टेक, बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील, मारुति सुजुकी, इन्फोसिस, टीसीएस, एसबीआई, महिंद्रा एंड महिंद्रा और आईटीसी टॉप गेनर्स थे. पावर ग्रिड, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, एलएंडटी, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचयूएल, जेएसडब्ल्यू स्टील और एक्सिस बैंक टॉप लूजर्स थे.

छोटे और मझोले शेयरों में बिकवाली देखने को मिली थी. निफ्टी मिडकैप 100 सूचकांक 88 अंक या 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 60,381 अंक पर और निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांक 19 अंक या 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,242 अंक पर था.

एनएसई में ऑटो, आईटी, पीएसयू बैंक, फार्मा, मेटल और एनर्जी सेक्टरों से सूचकांक हरे निशान में बंद हुए. वहीं, फाइनेंशियल सर्विस, एफएमसीजी, रियल्टी, मीडिया और निजी बैंक सूचकांक लाल निशान में बंद हुए. निवेशकों की ओर से कहा गया कि बड़ी तेजी के बाद ऊपरी स्तरों से मुनाफावसूली देखने को मिली है. मेटल, आईटी और फार्मा शेयरों में तेजी देखने को मिली. निवेशकों का फोकस अब दूसरी तिमाही के नतीजों पर है.

डिफ्यूजन इंजीनियर्स के आईपीओ के लिए बोली लगाने का शुक्रवार को रहा दूसरा दिन

मुंबई : डिफ्यूजन इंजीनियर्स लिमिटेड के इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी आईपीओ में निवेश का शुक्रवार को दूसरा दिन है. पहले दिन डिफ्यूजन इंजीनियर्स का आईपीओ टोटल 7.34 गुना सब्सक्राइब हुआ. रिटेल कैटेगरी में यह इश्यू 11.58 गुना, क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) में 0.03 गुना और नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) कैटगरी में 6.85 गुना सब्सक्राइब हुआ.

पेज एक का शेष...

हेमंत सरकार के उखाड़...

हेमंत सोरेन सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि पांच साल पहले घोषणा पत्र में 2,000 रुपए चूल्हा खर्च देने का वादा किया गया था. 4 साल 10 महीना चूल्हा खर्च नहीं दिया, अब चुनाव नजदीक है तो सोचा जेब से तो जाएगा नहीं, तो एक-एक हजार रुपए खजाने से भेजना शुरू किया. पहले हेमंत सोरेन हिसाब दें कि 5 साल में 60 महीना होते हैं और 60 महीना में 2,000 रुपए मिलते तो 1 लाख 20 हजार रुपए जाते बहनों के बैंक खाते में. वे एक-एक बहन का 1 लाख 18 हजार खा गए और अब टुकड़े जैसे एक हजार डाल रहे हैं.

मांदर की थाप पर थिरके केंद्रीय मंत्री : शिवराज सिंह चौहान गुरुवार की रात्रि 10:40 बजे नेतरहाट पहुंचे. भाजपा कार्यकर्त्ताओ ने केंद्रीय मंत्री का जोरदार स्वागत किया. जामटोली में आदिवासी समाज के लोगों ने पारंपरिक तरीके से उनका स्वागत किया और लोकगीत नृत्य और ढोल मांदर की थाप पर उन्हें झूमने को मजबूर कर दिया. केंद्रीय मंत्री ने खुद मांदर बजा कर आदिवासी समुदाय के लोगों का अभिवादन किया. सरिता बृजिया के घर स्थानीय पाहन और बैगा के द्वारा विधिवत पूजा पाठ कराया गया और उन्होंने साल के पत्ता से बने माला और छाता अतिथियों को पहनाया गया. सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात केंद्रीय मंत्री ने सरिता बृजिया के घर आदिवासी तरीके से बनाएं मडुवा की रोटी , साग, बरी, भात और चावल खाए.

हर महीने बहनों...

पूर्व मनिका विधायक हरिकृष्ण सिंह ने कहा स्थानीय समस्याओं को विधानसभा में नहीं रखने का आरोप स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह पर लगाया. सभा कार्यक्रम से पहले परिवर्तन यात्रा सोहर पहुंचा. लोगों से बैठक मुलाकात कर केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और पूर्व सांसद सुनिल सिंह ने लोगों के हालचाल जाना. इसके बाद परिवर्तन यात्रा कुरो मोड़ पहुंची. महुआडांड़ मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने चौहान के स्वागत किया. केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बिरसा चौक में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रणाम किया.

हेमंत सरकार झूठी है....

आदिवासियों की संख्या कम होगी, तो सीटें भी कम होंगी. विधायक भी कम होंगे, सांसद भी कम होंगे, इसलिए इस भ्रष्ट और घुसपैठियों को पालने वाली सरकार को उखाड़ फेंकने का संकल्प हम सभी लोगों को मिलकर लेना है. सभा में बाबूलाल मरांडी ने दो सगी बहनों चंद्रमुनि कुजूर व हीरामणि कुजूर जो वर्ल्ड इंडिया इंटरनेशनल प्रतियोगिता 2024 में विनर उनको शॉल ओढ़ाकर कर सम्मानित किया.

घुसपैठियों को बाहर का.....

उन्होंने पंडाल समेत अन्य तैयारियों को लेकर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल और भाजपा के नेताओं से बातचीत की. कहा कि तीन या चार अक्टूबर को भारतीय जनता पार्टी अपना मैनिफेस्टो जारी करेगी. इसके बाद अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों के उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की जाएगी.

सीजीएल परीक्षा से जुड़े अभ्यर्थियों से मिले हिमंता : हिमंता विस्वा सरमा ने सीजीएल परीक्षा से जुड़े अभ्यर्थियों से भी मुलाकात की. उन्होंने कहा कि इस परीक्षा में भारी धांधली हुई है. ऐसे में परीक्षा को रद्द कर दिया जाना चाहिए. हिमंता ने लोगों को आश्वासन दिया कि इसे लेकर पार्टी गंभीर है. बहुत जल्द ही राज्यपाल से मुलाकात की जाएगी, ताकि परीक्षा परिणाम पर रोक लगायी जा सके.

सच्चाई का पता नहीं, सरकार...

20 वर्षों तक ना तो नियुक्ति नियमावली बनी और ना ही नियुक्तियां हुई : मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड जब अलग राज्य बना तो कैडर विभाजन का मामला सामने आया. कई विभागों में वर्षों तक अधिकारियों और कर्मियों का कैडर विभाजन नहीं हो सका. ऐसी स्थिति में वर्षों तक टेंपरेरी व्यवस्था के तहत काम किसी तरह चलता रहा. कुछ पदों पर नियुक्तियां हुईं, तो उसे लेकर भी काफी उलझने आयीं. ऐसे में नियुक्तियों के नहीं होने का खामियाजा इस राज्य और यहां के नौजवानों को भुगतना पड़ा. हमारी सरकार जब बनी तो शुरुआती दो वर्षों तक कोरोना की वजह से सारी व्यवस्थाएं अव्यवस्थित हो गई थीं. इससे निजात पाने के बाद जब हमने विभागों की समीक्षा बैठक शुरू की तो पता चला कि बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों में पद रिक्त हैं. जब इसकी जानकारी प्राप्त की तो पता चला की विभिन्न विभागों के विभिन्न संवर्गों के लिए अबतक नियुक्ति नियमावली ही नहीं बनी है. ऐसे में हमारी सरकार ने तेज गति से सभी विभागों के सभी संवर्गों के लिए नियुक्ति नियमावली का गठन बहालियों का सिलसिला शुरू किया. अबतक विभिन्न विभागों में रिक्त हजारों पदों पर नियुक्तियां हो चुकी हैं और कई पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया चल रही है.

न्यूज अपडेट

हरियाणा कांग्रेस के 13 नेता निष्कासित

चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को बड़ा एक्शन लिया. पार्टी ने अधिसूचना जारी करते हुए 13 नेताओं और कार्यकर्ताओं को 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया. कहा गया है कि कुछ नेता पार्टी के उम्मीदवारों के खिलाफ विधानसभा चुनाव में सक्रियता दिखा रहे थे, जिससे पार्टी में अनुशासनहीनता बढ़ रही थी. इसी को देखते हुए 13 नेताओं को पार्टी से निष्कासित करने का फैसला लिया गया है.

यात्रियों को ले जा रहा वाहन बाढ़ में फंसा

भावनगर। गुजरात के भावनगर जिले में गुरुवार को तमिलनाडु के तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस पुल पर फंस गई. एक नदी में आई बाढ़ की वजह से पानी पुल पर आ गया था हालात बेकाबू हो गए थे, जिसके बाद बचाव अभियान ने मशक्कत के बाद सबको बचाया. राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत-बचाव कार्य शुरू किया. जानकारी के अनुसार वाहन में तमिलनाडु के 29 यात्री तीर्थ यात्रा पर थे, जिनका वाहन अचानक बाढ़ में फंस गए.

बच्चियों को 'सेनेटरी पैड' देगी सरकार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने बालिकाओं की शिक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए अब परिषदीय विद्यालयों में बालिकाओं की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए उन्हें सेनेटरी पैड उपलब्ध कराने का फैसला लिया है. 535 विद्यालयों में पढ़ने वाली कुल 36,772 छात्राओं के लिए 110.316 लाख रुपये की धनराशि जारी की गई है. वर्ष 2024-25 में चयनित पीएमश्री योजना से लगभग 535 उच्च प्राथमिक और कम्पोजिट विद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राओं को इसका लाभ मिलेगा. ये सभी छात्राएं कक्षा 6 से 8 में अध्ययनरत हैं.

सूडान का अर्धसैनिक बलों पर बड़ा हमला

खार्तूम। सूडान की सेना ने राजधानी खार्तूम में अर्धसैनिक बलों के खिलाफ एक बड़ा ऑपरेशन शुरू किया है. यह शहर पर नियंत्रण पाने के लिए पिछले कुछ महीनों में उसकी सबसे बड़ी कोशिश है. मध्य खार्तूम और उसके पड़ोसी शहरों - ओमदुरमन और बहरी, में भारी लड़ाई की खबर है. गुरुवार को एक सैन्य सूत्र ने बताया कि सेना ने मध्य, पश्चिमी और दक्षिणी खार्तूम में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स नियंत्रण वाले कई इलाकों को निशाना बनाया. सेना ने मध्य खार्तूम के रणनीतिक क्षेत्रों पर जमीनी हमला किया.

तेहरान से ट्रंप को खतरा नहीं : ईरान

तेहरान। ईरान के विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के उन दावों को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि तेहरान पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सहित अमेरिका के वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के लिए खतरा पैदा कर रहा है. प्रवक्ता ने गुरुवार को ब्लिंकन के दावों को 'हास्यास्पद और पूरी तरह से निराधार' करार दिया. कहा कि इस तरह के दावे 'राजनीति से प्रेरित' थे. ब्लिंकन ने कहा था कि अमेरिका 'वर्तमान और पूर्व वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के खिलाफ ईरानी खतरे पर गहरी नजर रख रहा है.

मेक्सिको में 'जॉन' ने ली पांच की जान

मेक्सिको सिटी। मेक्सिको के गुएरेरो राज्य में तूफान जॉन की वजह से कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई. मैक्सिकन राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर ने दैनिक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पैसिफिक कोस्ट स्टेट में 'बहुत अधिक नुकसान नहीं हुआ', लेकिन लगभग "700 घरों के क्षतिग्रस्त होने" की सूचना है. अधिकारियों के अनुसार, तूफान सोमवार रात को गुएरेरो में कैटेगरी-3 के तूफान के रूप में पहुंचा. हवाएं 195 किलोमीटर प्रति घंटे और 220 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से चल रही थीं.

इशिबा होंगे जापान के नए प्रधानमंत्री

टोक्यो। फूमियो किशिदा के बाद जापान के अगले प्रधानमंत्री के नाम पर मुहर लग गई है. समाचार एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक देश के पूर्व रक्षा मंत्री शिगेरू इशिबा देश के नए प्रधानमंत्री होंगे. शुक्रवार को जापान की सत्ताधारी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) और देश का नेतृत्व करने के लिए शिगेरू इशिबा को चुना गया. रॉयटर्स के मुताबिक, मौजूदा सत्ताधारी एलडीपी के नेता शिगेरू इशिबा का प्रधानमंत्री बनना लगभग तय है. क्योंकि पार्टी का संसद के निचले सदन पर पूरा नियंत्रण है.

सोने की खदान ढहने से 15 की मौत

जकार्ता। इंडोनेशिया के पश्चिमी सुमात्रा प्रांत में एक गैर-लाइसेंसी सोने की खदान के ढह जाने से कम से कम 15 मजदूरों की मौत हो गई और 25 अन्य लापता हैं. लोकल डिजास्टर मिटिगेशन एजेंसी ने शुक्रवार बताया कि यह घटना प्रांत के सोलोक रीजेंसी के नागरी सुंगई अबू में हुई. एजेंसी के चीफ इरवान एफेंदी ने बताया कि इस आपदा में 15 मजदूरों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य घायल हो गए. 25 मजदूर लापता हैं. पीड़ितों को निकालने के लिए भारी उपकरणों के साथ अधिक बचाव दल तैनात किए गए हैं.

नोएडा में पत्नी की हत्या कर पति फरार

नोएडा। नोएडा में एक पति ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी और उसके शव को घर में बंद करके फरार हो गया. एक दिन तक शव बेड पर ही पड़ा रहा. आस-पड़ोस के लोगों ने घर से बदबू आने के बाद पुलिस को सूचना दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. वहीं, फरार आरोपी पति की तलाश की जा रही है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. महिला का पति मिस्त्री का काम करता है.

इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच जारी संघर्ष से डरी हुई है पूरी दुनिया

मध्य पूर्व में बड़े युद्ध की आहट

एजेंसी | नयी दिल्ली/तेल अवीव

मध्य पूर्व में जारी दो बड़े संघर्षों ने पूरे विश्व को चिंता में डाल दिया है. इजरायल एक साथ हिजबुल्लाह और हमास के साथ युद्ध में उलझा हुआ है. कई विश्लेषक और नेताओं ने चेतावनी दी है कि अगर शांति नहीं स्थापित हुई तो और देश भी इस संघर्ष में उलझ सकते हैं और यह संकट पूरे मध्य पूर्व को अपनी चपेट में ले सकता है. फिलहाल जो हालात हैं वे ज्यादा उम्मीद नहीं बांधते हैं. लेबनान में इजरायल के हवाई हमले जारी हैं. हिजबुल्लाह के साथ संघर्ष में भी इजरायल वही भाषा बोल रहा है जो हमास के साथ लड़ाई में बोलता रहा है. इस बार भी उसका कहना है कि हिजबुल्लाह के खात्मे तक उसकी कार्रवाई जारी रहेगी. हालांकि करीब साल भर के मिलिट्री ऑपरेशन के बाद वह गाजा में हमास को खत्म नहीं कर पाया है.

यहूदी राष्ट्र ने गुरुवार को इस बात से इनकार किया कि वह लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह और लेबनानी राजनीतिक दलों के साथ युद्धविराम पर सहमत हो गया है. बता दें अमेरिका और सहयोगी देशों ने 21 दिनों के युद्धविराम की अपील की थी. इससे पहले बुधवार को सुरक्षा परिषद की एक बैठक को संबोधित करते हुए यूएन चीफ एंटोनियो गुटेरस ने भी संकट के क्षेत्रीय रूप धारण कर लेने के खिलाफ आगाह किया. कहा कि लेबनान में आफत का तूफान मचा है. इजरायल और लेबनान को अलग करने वाली सीमा रेखा 'ब्लू लाइन' पर गोलाबारी हो रही है, जिसका दायरा व तीव्रता बढ़ती जा रही है.

इजरायल और अरब देशों के संबंध रहा है तनावपूर्ण : आखिर संघर्ष के बड़े स्तर पर फैल जाने का खतरा क्यों बना हुआ है? इसे समझने के लिए हमें मध्य पूर्व देशों की राजनीतिक पेचीदगियों को समझना होगा. इजरायल और अरब देशों के संबंध ऐतिहासिक रूप से तनावपूर्ण रहे हैं जिसके चलते यह क्षेत्र कई युद्धों को झेल चुका है. फिर यहूदी राष्ट्र हिजबुल्लाह और हमास के साथ उलझा हुआ है. इन दोनों को ईरान का खुला समर्थन हासिल है. विशेषकर हिजबुल्लाह की स्थापना ईरान का अहम रोल रहा है. ऐसा माना जाता रहा है कि हिजबुल्लाह लेबनानी आर्मी से भी ज्यादा ताकतवर है और उसके शक्तिशाली और आधुनिक हथियारों की कोई कमी नहीं है. हालांकि अभी तक ईरान की इजरायल के लेबनान में मिलिट्री एक्शन पर कोई तीखी प्रतिक्रिया जाहिर नहीं की है. इसकी वजह ईरान की नवनिर्वाचित राष्ट्रपति को पेजेशकियन को माना जा रहा है कि जिन्होंने इस पूरे मसले पर अपना रुख काफी नरम रखा है. लेकिन कब तक वह नरम रुख पर टिके रहते हैं यह देखने वाली बात होगी.

इजरायल का हमला बढ़ने पर क्या चुप रहेगा ईरान : मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है ईरान के कट्टरपंथी रूढ़िवादियों को उनका यह समझौतावादी रुख पसंद नहीं आ रहा है. अगर हिजबुल्लाह के खिलाफ इजरायल अपना अभियान बढ़ाता है तो ईरान का चुप बैठे रहना मुश्किल होगा. गृहयुद्ध में उलझे सीरिया तक भी इस संकट की आंच पहुंचती दिख रही है. ऐसी खबरें हैं कि गुरुवार को सीरिया-लेबनान बॉर्डर पर इजरायल ने हवाई हमला किया जिसमें 8 लोग घायल हो गए हैं. वैसे यहूदी राष्ट्र अक्सर सीरिया में एयर स्ट्राइक को अंजाम देता है. उसका दावा है कि ऐसा वह यह कार्रवाई हिजबुल्लाह के खिलाफ करता है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लेबनान में इजरायली मिलिट्री एक्शन के बाद बड़ी संख्या में लोग सीरिया की तरफ पलायन कर रहे हैं.

इराक और इजरायल के बीच भी हो सकता है संघर्ष : इस बीच इराकी शिया मिलिशिया कताइब हिजबुल्लाह के एक बयान के बाद यह आशंका उभर आई है कि क्या इराक और इजरायल के बीच भी संघर्ष शुरू हो सकता है. दरअसल कताइब हिजबुल्लाह ने धमकी दी कि अगर इजरायल ने इराक पर हमला किया तो वह देश में मौजूद अमेरिकी सेना पर हमला करेगा. मिलिशिया का दावा है कि इराकी एयर स्पेस में अमेरिका और इजरायल की तेज गतिविधियां देखी जा रही हैं. ये 'इराक के खिलाफ इजरायली हमले की संभावना' का संकेत देती हैं. यमन के हूती विद्रोही पहले से ही इजरायल के खिलाफ हैं. गाजा में फिलिस्तीनियों के खिलाफ समर्थन जाहिर करने के नाम पर वे लाल सागर और अदन की खाड़ी से गुजरने इजरायल से जुड़े जहाजों को निशाना बना रहे हैं. अमेरिका व उसके सहयोगियों का मिलिट्री एक्शन भी उन्हें रोकने में सफल नहीं है.

जनता हिजबुल्लाह व हमास के साथ, अमेरिका व पश्चिम की भूमिका सवालों के घेरे में

वहीं मध्य पूर्व के अन्य देशों में जनता की हमदर्दी हिजबुल्लाह और विशेष रूप से हमास के साथ है. अरब देशों की सरकारों पर लगातार इजरायल के खिलाफ सख्त रुख अपनाने का दबाव वहीं की जनता की ओर से बना हुआ है. हाल ही में सऊदी क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री मोहम्मद बिन सलमान अल ने कहा कि 'पूर्वी येरुशलम' राजधानी वाले एक 'स्वतंत्र फिलिस्तीनी राज्य' के गठन के बिना सऊदी अरब इजरायल के साथ राजनयिक संबंध स्थापित नहीं करेगा. क्या क्राउन प्रिंस का ये बयान जनता के इजरायल के प्रति कठोर रुख अपनाने के दबाव की वजह से आया है? क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में ये दोनों मुल्क संबंधों को सामान्य बनाने की कोशिश कर रहे थे. वहीं इस पूरे संकट में अमेरिका और पश्चिम की भूमिका भी सवालों के घेरे में है. अमेरिका जहां एक तरफ शांति की अपील जारी कर रहा है. वहीं दूसरी तरफ उसका इजरायल को भी वह खुलकर समर्थन देता है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इजरायल ने गुरुवार को कहा कि उसे अपने चल रहे सैन्य प्रयासों का समर्थन करने और क्षेत्र में सैन्य बढ़त बनाए रखने के लिए अमेरिका से 8.7 बिलियन डॉलर का सहायता पैकेज मिला है. पश्चिम की संदेहास्पद भूमिका इस संकट को और भी पेचीदा बनी रही है. वह उन कॉन्सपिरिएसी थ्योरी को बल दे रही है कि पश्चिम संकटग्रस्त मध्य पूर्व में ही अपना फायदा देखता है.

इजरायली हमले में मारा गया हिजबुल्लाह कमांडर

इजरायल ने दावा किया है कि उसने बेरूत पर किए एक सटीक हमले में हिजबुल्लाह के एक शीर्ष कमांडर मुहम्मद हुसैन सरूर को मार गिराया है. सरूर, हिजबुल्लाह की वायु सेना कमान का प्रमुख था. लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गुरुवार को बेरूत के दहिह में हुए हमले में दो लोग मारे गए और 15 अन्य घायल हो गए. हिजबुल्लाह की ओर से अभी तक अपने कमांडर की मौत पर कोई टिप्पणी नहीं की गई है. एक्स पर आईडीएफ ने एक पोस्ट में लिखा कि बेरूत में आईडीएफ के एक सटीक हमले में हिजबुल्लाह के एरियल कमांड का कमांडर मुहम्मद हुसैन सरूर मारा गया. सरूर ने इजरायली नागरिकों को निशाना बनाकर कई हवाई आतंकवादी हमलों को अंजाम दिया था और उन्हें लीड भी किया था.

एक इमारत पर हमले में 19 सीरियाई शरणार्थी मरे

अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को सीरिया-लेबनानी सीमा स्थित एक इमारत पर इजरायल द्वारा किए गए हमले में कम से कम 23 लोग मारे गए, जिनमें 19 सीरियाई शरणार्थी शामिल हैं. इस हमले में चार अन्य लोग घायल हो गए. लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, सोमवार से लेबनान पर इजरायली हमलों में लगभग 700 लोग मारे गए हैं. इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने युद्ध विराम की संभावना को खारिज कर दिया, जिससे लेबनान में इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच लड़ाई खत्म हो सकती है. उन्होंने यह भी कहा कि गाजा में लड़ाई तब तक जारी रहेगी, जब तक युद्ध का 'लक्ष्य' हासिल नहीं हो जाते. संकेत मिल रहे हैं कि इजरायल लेबनान पर संभावित जमीनी आक्रमण की तैयारी कर रहा है.

संघर्ष विराम प्रस्ताव को वैश्विक समर्थन : बाइडन

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा कि 21 दिन के संघर्ष विराम प्रस्ताव को वैश्विक समर्थन मिल रहा है, जिसका उन्होंने और अन्य नेताओं ने आह्वान किया है. हम यूरोप के साथ-साथ अरब देशों से भी महत्वपूर्ण समर्थन प्राप्त करने में सक्षम थे. यह महत्वपूर्ण है कि यह युद्ध व्यापक न हो. वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, राष्ट्रपति संयुक्त राष्ट्र महासभा से लौट रहे थे, जहां उन्होंने बुधवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात की और प्रस्ताव की घोषणा करने वाले संयुक्त बयान के विवरण पर चर्चा की. वहीं इजरायल के रक्षा मंत्रालय ने जारी सैन्य प्रयासों का समर्थन करने के लिए वाशिंगटन से 8.7 बिलियन डॉलर का अमेरिकी सहायता पैकेज हासिल किया है.

देश के अलग-अलग हिस्सों में भारी बरसात की चेतावनी

- आईएमडी ने कुछ हिस्सों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' भी जारी किया

एजेंसी | नयी दिल्ली

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को देश के अलग-अलग हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी दी है. इसके साथ ही विभाग ने कुछ हिस्सों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' भी जारी किया है. आईएमडी ने महाराष्ट्र, गुजरात, गोवा, उत्तराखंड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, बिहार और पश्चिम बंगाल में भारी बारिश का अंदेशा जताया है. इसके अलावा राजधानी दिल्ली में भी हल्की बारिश का अंदेशा जताया गया है.

अपने मौसम बुलेटिन में आईएमडी ने कहा है कि शुक्रवार को मुंबई सहित महाराष्ट्र कई और दूसरे इलाकों में भारी बारिश हो सकती है. इसके अलावा आईएमडी ने कोंकण, गोवा और गुजरात में भी तीन दिनों तक मध्यम बारिश की संभावना जताई है. हालांकि 27 सितंबर को इन इलाकों में भारी बारिश की आशंका जताई गई है. सौराष्ट्र और कच्छ के क्षेत्र में भी भारी बारिश हो सकती है.

दक्षिण भारत में मध्यम से भारी बारिश की संभावना : आईएमडी के मुताबिक अगले तीन दिनों तक मध्य प्रदेश और इसके आस-पास के इलाकों में भी मध्यम बारिश हो सकती है. वहीं शुक्रवार को जम्मू, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में भी भारी बारिश की आशंका जताई गई है. दक्षिण भारत के राज्यों में मौसम विभाग ने मध्यम से भारी बारिश की आशंका जताई है. 28 और 29 सितंबर को तमिलनाडु, पुदुचेरी और कराईकल के क्षेत्रों में भारी बारिश हो सकती है. वहीं पश्चिम बंगाल के हिमालयी इलाकों और सिक्किम में भी शुक्रवार को भारी बारिश की आशंका जताई गई है. बिहार और झारखंड में भी भारी बारिश हो सकती है. 27 सितंबर से लेकर दो अक्टूबर तक नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, असम, मेघालय और अरुणांचल प्रदेश में भारी बारिश की आशंका जताई गई है.

पाकिस्तान में जनजातीय संघर्ष में 46 लोगों की मौत, 80 घायल

- फसल की बुवाई को लेकर दो परिवारों के बीच मामूली विवाद बड़े सांप्रदायिक जनजातीय संघर्ष बना

एजेंसी | इस्लामाबाद

पाकिस्तान में फसल की बुवाई को लेकर दो परिवारों के बीच मामूली विवाद बड़े सांप्रदायिक जनजातीय संघर्ष में बदल गया है. अफगानिस्तान की सीमा से लगे खैबर पख्तूनख्वा (केपी) प्रांत के कुर्रम जनजातीय जिले में आठ दिनों के भीतर कम से कम 46 लोग मारे गए और 80 से अधिक घायल हो गए. कुर्रम जिला केपी प्रांत के सबसे संवेदनशील क्षेत्रों में से एक रहा है. यह न केवल आतंकवाद से प्रभावित रहा है बल्कि यहां जमीन से जुड़े विवादों को लेकर हिंसक संघर्षों का लंबा इतिहास रहा है.

कुर्रम के उपायुक्त जावेदउल्ला महसूद ने बताया कि जिला प्रशासन, पुलिस, सेना और स्थानीय बुजुर्ग दोनों पक्षों को यह समझाने की कोशिश कर रहे हैं कि लड़ाई का रुकना सभी के हित में होगा. बुधवार को शांति समझौता हो गया, लेकिन कुर्रम जिले की ऊपरी, निचली और मध्य तहसीलों में सशस्त्र झड़पें जारी रहीं. इलाके के स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनों पक्षों की ओर से हताहतों की संख्या निश्चित रूप से बहुत अधिक होगी. एक स्थानीय व्यक्ति ने कहा कि मृतकों की तादद बताई जा रही संख्या से कहीं अधिक है. कम से कम 80 लोग घायल हो चुके हैं. हम अभी भी निश्चित नहीं हैं कि यह लड़ाई कब तक जारी रहेगी, क्योंकि दोनों पक्ष न केवल जमीनी विवाद को लेकर बल्कि सांप्रदायिक आधार पर भी एक-दूसरे से गहरी दुश्मनी रखते हैं. इनमें एक पक्ष सुन्नी है और दूसरा शिया. संघर्ष की गंभीरता इतनी अधिक है कि पाराचिनार-पेशावर मुख्य सड़क और पाक-अफगान खारलाची सीमा को बंद कर दिया गया है. इलाके से प्राप्त रिपोर्ट से यह भी पता चलता है कि रास्तों की नाकाबंदी के कारण, भोजन, ईंधन और दवाओं की कमी हो गई है. पिछले छह दिनों से क्षेत्र के सभी शैक्षणिक संस्थान भी बंद हैं.

बालीखेल, खारकले, बागकी, ग्राम पाड़ा, कुंज अलीजई, मुकबल और पेवर तारी मेंगल सहित अन्य क्षेत्रों में अभी भी भीषण संघर्ष जारी है. ये परिवार दशकों से एक-दूसरे से लड़ रहे हैं. दोनों के पास सैन्य स्तर के हथियार हैं. यहां गंभीर सांप्रदायिक विभाजन है. देखा गया है कि आदिवासी जिरगा के माध्यम से विवाद समाधान की कोशिशों भी संघर्ष समाप्त करने में बुरी तरह नाकाम रही हैं.

परमाणु समझौते को लेकर ईरान व यूरोपीय देशों के बीच हुई बातचीत

- ईरानी राष्ट्रपति पेजेशकियन ने यह टिप्पणी न्यूयॉर्क दौरे से तेहरान पहुंचने पर की

एजेंसी | तेहरान

2015 के परमाणु समझौते को फिर से लागू करने की कोशिशें शुरू हो गई हैं. ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने कहा कि तेहरान और समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले यूरोपीय देशों ने इस मुद्दे पर चर्चा की है. पेजेशकियन ने यह टिप्पणी न्यूयॉर्क दौरे से तेहरान पहुंचने पर की. न्यूयॉर्क में उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में भाग लिया और अपने विदेशी समकक्षों सहित कई द्विपक्षीय बैठकें कीं. पेजेशकियन ने कहा, "कॉम्प्रिहेंसिव प्लान ऑफ एक्शन (जेसीपीओए) के बारे में बातचीत हुई. हमने यूरोपीय देशों के साथ अपनी चिंताओं को साझा किया और यह फैसला लिया गया कि (हमारे) विदेश मंत्री इस मुद्दे पर आगे की कार्रवाई करेंगे."

ईरानी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने पड़ोसी देशों के राष्ट्रपतियों और प्रधानमंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं. जेसीपीओए को फिर से लागू करने के लिए बातचीत अप्रैल 2021 में ऑस्ट्रिया के विएना में शुरू हुई थी. हालांकि अगस्त 2022 में अंतिम दौर की बातचीत के बाद से कोई महत्वपूर्ण सफलता हासिल नहीं हुई. ईरान के विदेश मंत्री सैय्यद अब्बास अरघची भी पेजेशकियन की टीम के सदस्य के रूप में अमेरिका गए थे. उन्होंने यात्रा से पहले कहा था कि तेहरान न्यूयॉर्क में जेसीपीओए को फिर से लागू करने पर वार्ता के एक नए दौर की शुरुआत के लिए तैयार है, बशर्ते कि अन्य पक्ष भी इसके लिए तैयार हों.

यूपी के हाथरस जिले के सहपऊ क्षेत्र में पुलिस ने घिनौनी घटना का किया खुलासा, पांच गिरफ्तार

स्कूल की 'तरक्की' के लिए दे दी बच्चे की बलि

एजेंसी | हाथरस

यूपी के हाथरस जिले के सहपऊ क्षेत्र में बच्चे की हत्या मामले में पुलिस ने घिनौनी घटना का खुलासा किया है. स्कूल की तरक्की के लिए तांत्रिक क्रिया के तहत कृतार्थ की बलि दी गई. सहपऊ पुलिस ने इस मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. यह घटना रासगवां गांव स्थित एक आवासीय स्कूल डीएल पब्लिक स्कूल से संबंधित है. दूसरी कक्षा के छात्र कृतार्थ कुशवाहा (11 साल) की हत्या गला दबाकर की गई थी. छात्र का शव स्कूल प्रबंधक की कार से बरामद किया गया था. मामले में कई लोगों से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया.

इससे पहले मृतक के पिता कृष्ण कुमार की ओर से 23 सितंबर को सहपऊ थाना में तहरीर दी गई थी, जिसके आधार पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया. पुलिस अधीक्षक ने इस मामले में आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के लिए थाना सहपऊ पुलिस को निर्देश दिया. गिरफ्तार किए गए आरोपियों में राम प्रकाश सोलंकी, दिनेश बघेल, जशोधन सिंह उर्फ भगत, लक्ष्मण सिंह, और वीरपाल सिंह उर्फ वीरू शामिल हैं. सभी आरोपी अलग-अलग गांव के रहने वाले हैं. पुलिस के अनुसार, इस घटना की जड़ स्कूल के प्रबंधक दिनेश बघेल के पिता जशोधन सिंह से है, जो तंत्र-मंत्र करता था. स्कूल प्रबंधक और उसके पिता ने बच्चे की हत्या इसलिए की क्योंकि उनका मानना था कि बच्चे की बलि देने से बाद उनका स्कूल और काम धंधा अच्छा चलने लगेगा. उन्होंने स्कूल की तरक्की के लिए तांत्रिक क्रिया के तहत कृतार्थ की बलि दी.

भयानक और निंदनीय कृत्य, सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी

सीओ हिमांशु माथुर ने बताया कि यह एक भयानक और निंदनीय कृत्य है. सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी. पुलिस इस पूरे मामले में अब आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर रही है, आगे की जांच जारी है. मृतक छात्र के परिजनों ने बीते दिनों एसपी कार्यालय का भी घेराव किया था. हाथरस एसपी से छात्र के परिजनों ने जल्द से जल्द घटना का खुलासा करने की मांग की थी. इस दौरान बड़ी संख्या महिलाएं भी मौजूद थीं. हाथरस के अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार सिंह ने बताया कि 23 सितंबर को डीएल पब्लिक स्कूल के हॉस्टल में एक छात्र की हत्या कर दी गई. केस दर्ज कर लिया गया है. स्कूल प्रबंधक सहित पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है. राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने कहा है कि ये जघन्य अपराध लापरवाही का नतीजा है और माफी के काबिल नहीं है. दिल्ली से एक टीम जाएगी जो राज्य बाल आयोग अध्यक्ष के नेतृत्व में इस घटना की जांच करेगी और हमें इसकी एक रिपोर्ट सौंपेगी.

अच्छी पहल रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा- एक करोड़ यात्रियों को मिलेगी सुविधा

दीपावली-छठ के लिए चलेंगी 10 हजार से ज्यादा स्पेशल ट्रेनें

एजेंसी | नयी दिल्ली

दीपावली और छठ पूजा के दौरान ट्रेन में यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे ने 10 हजार से ज्यादा स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है. इसके अलावा, सौ से ज्यादा ट्रेनों में जनरल कोच बढ़ाने का भी फैसला लिया गया है. रेलवे के इस फैसले से करीब एक करोड़ यात्रियों को सुविधा मिलेगी.

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को जानकारी दी कि रेलवे ने दीपावली और छठ पूजा को ध्यान में रखते हुए विशेष तैयारियां की हैं. रेलवे करीब 108 ट्रेनों में जनरल कोच बढ़ाने जा रही है, ताकि अधिक से अधिक यात्रियों को सफर करने का अवसर मिल सके. उन्होंने कहा कि दीपावली और छठ पूजा के दौरान 12,500 विशेष ट्रेनों का संचालन करने की मंजूरी दी गई है. इसके अतिरिक्त, 2024-2025 में 5,975 ट्रेनें अधिसूचित की गई हैं. रेलवे के अनुसार, इससे 1 करोड़ से अधिक यात्रियों को दीपावली और छठ पूजा की भीड़ के दौरान घर जाने की सुविधा मिलेगी. आपको बता दें कि, साल 2023 और 2024 में पूजा विशेष ट्रेनों की संख्या 4,429 थी. इससे पहले 25 सितंबर को आनंद विहार से बरौनी के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने की बात कही. यह स्पेशल ट्रेन 6 अक्टूबर से शुरू होकर 17 नवंबर तक चलेगी. ट्रेन एसी स्पेशल होगी, जो आनंद विहार से लखनऊ होते हुए बरौनी पहुंचेगी. ट्रेन सुबह 9 बजे आनंद विहार से चलेगी और अगले दिन सुबह 6:30 बजे बरौनी पहुंचेगी. एसी स्पेशल ट्रेन अलीगढ़, टूंडला, इटावा, कानपुर, लखनऊ, सुल्तानपुर, जौनपुर, गाजीपुर सिटी, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा और हाजीपुर में रुकेगी. इस ट्रेन में 16 थर्ड एसी, 2 पावर कार समेत 18 कोच होंगे.

बड़ी संख्या में लोग उप्र व बिहार करते हैं प्रस्थान

बता दें कि हर साल दीपावली और छठ पूजा के अवसर पर देश भर से बड़ी संख्या में लोग उत्तर प्रदेश और बिहार की ओर प्रस्थान करते हैं. यूपी-बिहार के लिए ये त्योहार न केवल धार्मिक महत्व रखते हैं, बल्कि परिवारों से मिलने का भी एक अहम अवसर होता है. इस दौरान स्थिति ऐसी हो जाती है कि दो-तीन महीने पहले से ही अधिकांश ट्रेन की टिकट वेटिंग लिस्ट में चली जाती है. ट्रेनों में भारी भीड़ होने के कारण यात्रा करना अक्सर मुश्किल हो जाता है. लोग जान जोखिम में डालकर सफर करते हैं.

दुर्गा पूजा से ठीक पहले बांग्लादेश से हिलसा मछलियों की पहली खेप पश्चिम बंगाल पहुंची

- बांग्लादेश में हालिया आंतरिक राजनीतिक उथल पुथल के बीच इस बार आमद में कुछ देर हुई

एजेंसी | कोलकाता

बांग्लादेश से हिलसा मछलियों की पहली खेप दुर्गा पूजा के ठीक पहले शुक्रवार को हावड़ा के थोक मछली बाजार पहुंची है. हावड़ा थोक मछली बाजार एसोसिएशन के सचिव सैयद अनवर मकसूद ने समाचार एजेंसी से कहा कि हर साल की तरह इस साल भी हमने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को चिट्ठी लिखी कि दुर्गा पूजा के अवसर पर हमें हिलसा मछली दें. उन्होंने बताया कि बांग्लादेश में आंतरिक राजनीतिक उथल पुथल के बीच इस बार कुछ देर हुई है. लेकिन कल पेट्रापोल भूमि सीमा से 45 से 50 मीट्रिक टन हिलसा मछलियों की पहली खेप शुक्रवार सुबह से ही हावड़ा और सिलीगुड़ी के मछली बाजारों में पहुंच गई है. यहां लोगों में बांग्लादेश की 'पद्मा' हिलसा मछलियों के लिए एक अलग किस्म का उत्साह है. अभी इसकी कीमत थोक बाजार में 1400 से 1500 रुपये प्रति किलो है. उन्होंने कहा कि शनिवार से हिलसा मछलियों का आना शुरू हो जाएगा तो जल्द ही कीमतों में कमी आएगी.

बांग्लादेश हिलसा मछली का सबसे बड़ा उत्पादक देश : बांग्लादेश हिलसा मछली का सबसे बड़ा उत्पादक देश है. पांच अगस्त को देश में भारी राजनीतिक उथल पुथल के बीच वहां की प्रधानमंत्री शेख हसीना को इस्तीफा देकर देश छोड़कर जाना पड़ा था. उसके बाद बनी अंतरिम सरकार ने पहले ले आ रहे प्रतिबंधों को ओर कड़ा कर दिया था. मत्स्य पालन मंत्रालय की सलाहकार फरीदा अख़्तर ने कहा था कि सरकार की कोशिश है कि पसंदीदा मछली पहले स्थानीय लोगों को मिले. प्रतिबंध के बावजूद अब भी बहुत सारी मछलियां बाहर भेजी जा रही हैं.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - संजय सिंह*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)